संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 30 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा से प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 174 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# यूसीसीः आप के बाद उद्धव का सशर्त समर्थन...

## एनसीपी न्यूट्रल, फारूक अब्दुल्ला बोले- सरकार इसके नतीजों पर बार-बार विचार कर ले

**चर्चा जारी**

**8 उद्धव ने सरकार के स्पष्टीकरण की शर्त रखी है। एनसीपी ने ना ही यूसीसी का समर्थन किया और ना विरोध**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने के बयान का आम आदमी पार्टी (आप) और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना ने समर्थन किया है। हालांकि, उद्धव ने सरकार के स्पष्टीकरण की शर्त रखी है। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने ना ही यूसीसी का समर्थन किया और ना विरोध किया यानी वो न्यूट्रल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को यूसीसी लागू करने के नतीजों पर बार-बार विचार कर लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को भोपाल में भाजपा के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) जल्द लागू करने की वकालत की। पीएम ने कहा- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लोगों को भड़काया जा रहा है। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। बीजेपी यह भ्रम दूर करेगी।

**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंगः** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 27 जून की रात यूसीसी पर इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। 3 घंटे तक चली मीटिंग में बोर्ड ने यूसीसी के प्रस्तावित कानून का विरोध करने का फैसला किया। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा- हमने एक ड्राफ्ट तैयार किया है, जिसमें शरीयत कानूनों का जिक्र है। इसे जल्द ही लॉ कमीशन को भेजा जाएगा।

**लॉ कमीशन ने कहा- हमने जनता की राय मांगी, 8.5 लाख रिस्पॉन्स मिलेः** लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी ने कहा- यूसीसी के लिए हमने कंसल्टेशन प्रोसेस भी शुरू कर दी है। जनता की राय मांगी है। कमीशन को यूनिफॉर्म सिविल कोड का नोटिफिकेशन जारी करने से लेकर अब तक 8.5 लाख रिस्पॉन्स भी मिल चुके हैं।

### यूसीसी पर 13 जुलाई तक करें इंतजारः मेघवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यूसीसी के मुद्दे पर लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। लॉ कमीशन ने भी कहा है कि उन्हें प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कोई विवादित टिप्पणी करने की बजाय लोगों को प्रतीक्षा करनी चाहिए। पहले केंद्रीय योजनाओं को जारी करने में भी भारी भ्रष्टाचार होता था।

### यूसीसी के विरोध में पार्टियों के बयान



**एनसीपीः** पार्टी ने यूसीसी के मुद्दे पर वर्किंग कमेटी की मीटिंग में चर्चा की। इसके बाद नेशनल सेक्रेटरी नसीम सिद्दिकी ने कहा- हम ना तो यूसीसी का समर्थन करते हैं और ना ही उसका विरोध। जनता और इससे जुड़े वर्गों के बीच इस पर चर्चा की जरूरत है।
**नेशनल कॉन्फ्रेंसः** फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार यूसीसी पर ज्यादा जोर ना डाले। इसे लागू करने के परिणामों पर बार-बार विचार कर ले। देश विभिन्नताओं से भरा है और अलग धर्मों-जातियों के लोग यहां रहते हैं। मुस्लिमों का अपना अलग शरीयत कानून है। सरकार सोच ले, तूफान आ सकता है।
**एआईएमआईएमः** चीफ असदुद्दीन आवैसी ने यूसीसी पर बहस छेड़ने को साजिश बताया था। कहा था कि भाजपा मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।
**कांग्रेसः** सांसद शशि थरूर ने कहा, 'जहां तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का सवाल है। प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था कि यूसीसी होना चाहिए, लेकिन हमें सभी को साथ लेकर चलना होगा। आप किसी भी देश में किसी एक तबके को नहीं भूल सकते।'
**सपाः** सांसद एसटी हसन ने कहा - हम हदीस की हिदायतें नहीं छोड़ सकते। संविधान हर व्यक्ति को अपने धर्म का प्रचार करने का अधिकार देता है।


असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए।

## पूरे देश में सक्रिय हुआ मानसून

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश के** सभी राज्यों में मानसून सक्रिय है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों में मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण, गोवा और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी बारिश की संभावना जताई गई है।
मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि मानसून अपने उन्नत चरण में है और सक्रिय है।
आने वाले दो दिनों में मध्य प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में मध्य प्रदेश में 12 सेमी से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है।

## '20 साल से लॉन्चिंग में फेल राहुल और छलिया नीतीश'



**निशाना साधा**

**8 पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहें। मेरे कारण मुख्यमंत्री बने और अब पूछ रहे हैं कि मोदी जी ने नौ साल में क्या किया**

**टीम एक्शन इंडिया/लखीसराय**
**बिहार** के लखीसराय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जनसभा की। इस दौरान गृह मंत्री ने सभा में उपस्थित लोगों से बिहार की सभी लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही विरोधियों को खूब खरी-खरी सुनाई।
**'आगामी चुनाव में सभी सीटों पर जिताएं':** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो गए। अब इसके लिए सभी लोगों के प्रति धन्यवाद देने आपके पास आया हूं। पिछले चुनाव में 39 सीट आपने जिताईं। आगामी चुनाव में सभी सीटों पर जिताएं...यही कहने आया हूं।
**'पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहे':** इसके अलावा, शाह के निशाने पर नीतीश कुमार और लालू यादव रहे। उन्होंने जनता से कहा कि पलटू बाबू के फेरे में नहीं रहें। मेरे कारण मुख्यमंत्री बने और अब पूछ रहे हैं कि मोदी जी ने नौ साल में क्या किया।
उन्होंने कहा कि पलटू बाबू नीतीश कुमार पूछ रहे थे कि 9 साल में क्या किया?
नीतीश बाबू जिनके साथ इतना बैठे, जिनके कारण मुख्यमंत्री बने उनका थोड़ा लिहाज करिए। मोदी जी ने इन नौ सालों में बहुत काम किया है।

### 'छलिया नीतीश, पीएम बनने के लिए कर रहे आगे-पीछे'

**ललन** सिंह के गढ़ में गृह मंत्री अमित शाह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू से पूछना चाहता हूं, आपने अपनी तरफ से क्या किया? आप छलिया हैं और हर समय छल ही करते हैं। आज प्रधानमंत्री बनने के लिए लालू और राहुल के आगे पीछे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके साथ 20 पार्टियां हैं, जिन्हें पटना बुलाया गया। ये सभी 20 लाख करोड़ के घोटाले में शामिल लोग हैं।

## 'पाक: दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद बर्दाश्त नहीं'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुधवार** को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और पाक के साथ रिश्तों पर खुलकर बात की। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं है। सीमा पर संघर्ष का आपसी संबंधों पर असर पड़ा है। पाकिस्तान को लेकर जयशंकर ने कहा, सीमा पार आतंकवाद के कारण उनके रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। भारत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं करेगा जहां रात में आतंकवाद होता है और दिन में व्यापार होता है।
**आतंकवाद के चलते पाक से संबंध नहींः** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ रिश्ते को लेकर एस जयशंकर ने कहा, हम आतंकवाद को सामान्य नहीं होने दे सकते, हम उसे पाकिस्तान के साथ चर्चा का आधार नहीं बनने दे सकते।

### 'चीन के साथ बॉर्डर पर हालात अभी भी सामान्य नहीं'

**पाकिस्तान** के अलावा भारत के दूसरे पड़ोसी देश चीन के साथ संबंधों को लेकर जयशंकर ने कहा, भारत-चीन बॉर्डर पर स्थिति आज भी सामान्य नहीं है। एलएसी पर पिछले तीन सालों से दोनों देशों के सैनिकों के बीच गतिरोध चल रहा है। हालांकि जयशंकर ने चीन को एक बड़ा और अहम पड़ोसी बताया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि चीन आज बहुत ही महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था और बड़ी शक्ति है।

## बंगालः 'पंचायत चुनाव को केंद्र कर हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा'

**कोलकाता।** पंचायत चुनाव से पहले राज्य में हालिया हिंसा पर कड़ा रुख अपनाते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि वह इसे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। राज्यपाल बोस ने कहा कि उनका उद्देश्य यह देखना है कि राज्य की स्थिति तुरंत बदले। राज्यपाल बोस ने कहा, "मेरा उद्देश्य यह देखना है कि राज्य में स्थिति तुरंत बदले। हम इसे अब और बर्दाश्त नहीं कर सकते, हम इसे और बर्दाश्त नहीं करेंगे।" इससे पहले, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने पंचायत चुनाव से पहले राज्य में हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की आलोचना की थी।

## अमरनाथ यात्राः कल रवाना होगा पहला जत्था

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**1 जुलाई** से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा इस बार पूरी तरह तंबाकू मुक्त होगी। जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य विभाग ने 28 जून को एक आदेश जारी किया है, जिसमें नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम के तहत अमरनाथ यात्रा को तंबाकू मुक्त बनाने कहा गया है। आदेश के तहत यात्रा में पड़ने वाले सभी पड़ावों पर तंबाकू प्रोडक्ट्स की बिक्री पूरी तरह बैन रहेगी। गांदरबल और अनंतनाग जिले की डिस्ट्रिक्ट सेल इस काम में प्रशासन की मदद करेगी। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने भी नियम बनाए हैं, जिनके तहत हाई रिस्क वाले ढाई किमी के रास्ते में यात्रियों को हेलमेट पहनना होगा। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 30 जून को जम्मू भगवती नगर बेस कैम्प से घाटी के लिए रवाना होगा।



**श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं को मुफ्त हेलमेट देगाः** पिछले साल पवित्र गुफा के पास बादल फटने से बाढ़ आ गई थी, इसे देखते हुए इस बार सावधानी बरती जा रही है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के CEO मनदीप कुमार भंडारी के मुताबिक, लैंडस्लाइड और पत्थर गिरने की घटनाओं को देखते हुए इस बार हाई रिस्क जोन वाले ढाई किमी के रास्ते में यात्रियों को हेलमेट अनिवार्य किया गया है।
इतना ही नहीं जो लोग खच्चर से जाएंगे उनके लिए भी हेलमेट जरूरी होगा।

**सुरक्षा पुख्ता**

**8 अमरनाथ यात्रा में तंबाकू बैन, लैंड स्लाइड के चलते ढाई किमी का सफर हेलमेट पहनकर करना होगा**

## अजनाला हिंसाः अमृतपाल के साथियों के खिलाफ चालान पेश

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में अजनाला पुलिस स्टेशन पर वारिस पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह व साथियों की तरफ से की गई हिंसा मामले में पुलिस ने चालान पेश कर दिया है। यह चालान अजनाला कोर्ट में अमृतपाल सिंह के 20 साथियों के खिलाफ किया गया है। इस मामले में पुलिस ने 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर रखी है। कोर्ट में पेश चालान गुरपाल सिंह व अन्य के नाम से किया गया। डिब्रूगढ़ जेल में होने के कारण वारिस पंजाब दे के मुखी अमृतपाल सिंह के खिलाफ अभी चालान पेश नहीं किया गया। जल्द ही उसके खिलाफ कोर्ट में सप्लिमेंट्री चालान पेश किया जाएगा।

**8 यह चालान अजनाला कोर्ट में अमृतपाल सिंह के 20 साथियों के खिलाफ किया गया है**

## अब पायलट को पद देने की तैयारी...

**फॉर्मूला तैयार**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**छत्तीसगढ़** में टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाने के बाद अब कांग्रेस हाईकमान राजस्थान को लेकर फैसला करने की तैयारी में है। सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चुनावों से पहले खींचतान मिटाने के फॉर्मूले पर काम लगभग पूरा हो चुका है। अब सचिन पायलट को पद देकर मुख्य धारा में लाने की तैयारी चल रही है। पायलट के सियासी पुनर्वास पर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। इसके लिए तीन विकल्पों पर विचार चल रहा है। राहुल गांधी के मणिपुर दौरे से लौटने के बाद हाईकमान कदम आगे बढ़ाएगा।



**टफिर शेयरिंग फॉर्मूला तैयारः** कांग्रेस हाईकमान विधानसभा चुनावों का कैंपेन शुरू होने से पहले गहलोत-पायलट का झगड़ा सुलझाना चाहता है। इसके लिए फिर शेयरिंग फॉर्मूला तैयार किया गया है।
अब इसे लागू करने की एक्सरसाइज शुरू हो चुकी है। पार्टी हाईकमान को यह फीडबैक मिलता रहा है कि पायलट खेमे को साथ लिए बिना सरकार के खिलाफ नाराजगी कम नहीं होगी।

**8 कांग्रेस हाईकमान ने तैयार किए विकल्प, राहुल गांधी से चर्चा के बाद होगा सचिन पायलट पर फैसला**

**हमला बोला** कांग्रेस किसानों व बागवानों के साथ किसी भी संघर्ष के लिए खड़ी हैंः प्रतिभा सिंह

## मोदी सरकार किसान-बागवान विरोधी, सेब पर आयात शुल्क कम करना दुर्भाग्यपूर्ण

**केंद्र निशाने पर**

**8 पहले ही प्रदेश के बागवान सेब की बढ़ती उत्पादन लागत व अन्य खर्चो की मार सह रहे हैं : प्रतिभा सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा विदेशी सेब पर आयात शुल्क कम करने की आलोचना करते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार का यह फैसला पूरी तरह किसान व बागवान विरोधी हैं। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पहले ही प्रदेश के बागवान सेब की बढ़ती उत्पादन लागत व अन्य खर्चो की मार सह रहे हैं और उन्हें लागत का भी पूरा मूल्य नही मिल रहा है ऐसे में केंद्र सरकार का सेब पर आयात शुल्क कम करना जले पर नमक छिड़कने के बराबर है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र की मोदी सरकार सोची समझी रणनीति के तहत किसानों व बागवानों के हितों से खिलवाड़ कर रहा है जो कभी सहन नही होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस फैंसले पर पुनः विचार करने को कहा है। प्रतिभा सिंह ने सेब बागवानों से आयात शुल्क कम करने के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा है कि कांग्रेस किसानों व बागवानों के साथ किसी भी संघर्ष के लिए खड़ी हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में चुनावों के दौरान सेब बागवानों से बड़े बड़े वादे किए थे। उन्होंने कहा कि इसमें विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने का भी एक प्रमुख वादा था पर उन्होंने उसके विपरीत इसे कम कर दिया है। इससे साफ है कि उनकी कथनी और करनी में दिन रात का अंतर है। उन्होंने सेब बागवानों से किया अपना कोई भी वादा पूरा नही किया।



### भाजपा ने किसानों व बागवानों की घोर उपेक्षा की

**प्रतिभा** सिंह ने प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार पर भी आरोप लगाया कि भाजपा की पूर्व सरकार ने भी अपने कार्यकाल में किसानों व बागवानों की घोर उपेक्षा की। भारी बढ़ोतरी के साथ साथ बागवानों को मिलने वाली सुविधाओं में भी भारी कटौती की।

## हाउसिंग सोसाइटी में बिना इजाजत जानवरों की कुर्बानी नहीं

**निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने कहा है कि हाउसिंग सोसाइटी में बिना इजाजत जानवरों की कुर्बानी नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बकरीद के मौके पर हाउसिंग सोसाइटी में किसी जानवर की अवैध कुबार्नी न हो। बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस जीतेंद्र जैन की डिवीजन बेंच ने बुधवार रात को अर्जेंट सुनवाई कर यह आदेश दिया। मुंबई के नथानी हाईट्स सोसाइटी में रहने वाले हरेश जैन ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर उनकी सोसाइटी में जानवरों की कुर्बानी पर बैन लगाने की अपील की थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि नथानी हाईट्स सोसाइटी में कुर्बानी तभी दी जा सकती है, जब प्रशासन ने इसकी इजाजत दी हो।
कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इसलिए, बीएमसी के अधिकारी पुलिस कर्मियों की मदद से सोसाइटी में जानवरों की अवैध कुर्बानी रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं।
बीएमसी ने कोर्ट को बताया कि अधिकारी सोसाइटी में जाकर जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे।
**विनय नगर सोसाइटी में बकरा लाने पर भी हुआ था विवादः** मुंबई के मीरा रोड इलाके में विनय नगर सोसाइटी में भी बकरा लाने पर विवाद हुआ था।



**8 बीएमसी ने कोर्ट को बताया कि सोसाइटी में जाकर जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे**

# शिमला शहर में मिलेगी जाम से राहत, चौड़ी होंगी सड़कें



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में बढ़ते यातायात बोझ और जाम से निजात दिलाने के लिए सुक्खू सरकार नए कदम उठाने जा रही है। इसके लिए शहर की सड़कों को चौड़ा किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को शहर के सर्कुलर रोड का निरीक्षण किया ताकि इस मार्ग पर जमीन अधिग्रहण कर चौड़ा किया जा सके और स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों को सुविधा हो सके। निरीक्षण के दौरान वह सचिवालय से होते हुए संजौली चौक, इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लक्कड़ बाजार, विक्ट्री टनल, छोटा शिमला होकर वापस सचिवालय पहुंचे। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने बताया कि शिमला प्रदेश की राजनीतिक, प्रशासनिक और पर्यटन राजधानी है, लिहाज यहां सुगम यातायात होना बेहद आवश्यक है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निदेर्शानुसार शहर के सर्कुलर रोड का आज निरीक्षण कर जाम से सम्बंधित सभी बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस मार्ग पर जिन-जिन स्थानों पर व्यस्ततम समय जाम की स्थिति रहती है उन जगहों को चिह्नित किया जाएगा और वहां मार्ग को चौड़ा करने के लिए जमीन अधिग्रहण की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा जो इसकी विस्तृत कार्य योजना तैयार कर मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श उपरांत इसे क्रियान्वित करेगी। इसके अतिरिक्त, रिंग रोड पर प्रस्तावित पार्किंग निर्माण जोकि पिछले पांच सालों से केवल कागजों तक सिमित रहे, उन्हें धरातल पर उतारने के प्रयास भी किए जाएंगे ताकि शिमला आने वाले पर्यटकों को पार्किंग की उचित सुविधा उपलब्ध हो सके। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि लगभग 1700 करोड़ रुपये की लागत से वर्ल्ड बैंक की सहायता से जो रोपवे शिमला के लिए आ रहा है उससे भी आने वाले समय में शिमला शहर को जाम से रहत मिलेगी। शहर को जाम मुक्त बनाने की दिशा में आज सर्कुलर रोड से शुरूआत की गई है और आने वाले समय में अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर भी सुगम यातायात के लिए प्रयास किए जाएंगे।

**निरीक्षण**

> 8 आने वाले समय में अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर भी सुगम यातायात के लिए प्रयास किए जाएंगे

## आर.एस. बाली ने कांगड़ा और नगरोटा में सुनीं जनसमस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने वीरवार को कांगड़ा स्थित अपने निवास स्थान और ओबीसी भवन नगरोटा बगवां में जन समस्याएं को सुनते हुए उनका निपटारा किया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनना और उनकी शिकायतों का निवारण करना सरकार का प्रथम कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना। अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हटवास पंचायत के एक बुजुर्ग को चार कुर्सियां भी भेंट की।

## न्यूज फ्लैश

### हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया ईद उल जुहा का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्यौहार जिला मुख्यालय में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चौका नंबर 5 में ईद उल जुहा की नमाज अदा की। ईद की नमाज जामा मस्जिद चंबा के इमाम मौलाना मोहम्मद यासीन रजा ने अदा करवाई। इस मौके पर जिला अंजुमन इस्लामिया के सदर डॉ इसरार अली शाह ने इस शुभ अवसर पर जिला व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी तथा ईद की बधाई दी। सुबह से ही चंबा में चहल-पहल नजर आई तथा मुस्लिम समुदाय के लोग नए-नए परिधानों में सज धज कर ईद की नमाज अदा करने ईदगाह पहुंचे। ईद की नमाज के बाद मौलाना यासीन रजा ने सभी के स्वस्थ और दीघार्यु की दुआ मांगी है तथा साथ ही देश की अखंडता तथा खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की बधाई दी तथा आपसी चारे की परंपरागत मिसाल को और मजबूत किया मुस्लिम भाइयों ने इस मौके पर हिंदू तथा अन्य भाईचारे को मुंह मीठा करा कर बधाई दी।

### 1 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय परिसर में होगी नकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त कार्यालय के स्टोर में 16 टायर व 5 रिवाल्विंग कुर्सियों को जिला स्तरीय कंडमनेशन बोर्ड द्वारा नकारा घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि नकारा घोषित की गई वस्तुओं की नीलामी 1 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर में होगी। नीलामी गठित कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नीलामी में प्रत्येक बोलीदाता को 500 रुपए की धरोहर राशि बोली में भाग लेने से पूर्व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के कार्यालय में जमा करवानी होगी और जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार होगी उसे बोली के तुरंत बाद बोली राशि जमा करवानी होगी। इसके अतिरिक्त नीलाम की गई सामग्री को उठाने की अनुमति पूरी राशि जमा करवाने पर ही दी जाएगी और कमेटी अध्यक्ष के पास किसी भी बोली को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

### चरस तस्करी के आरोप में केरल के दो व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू। थाना कुल्लू के** अंतर्गत पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में केरल के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। चरस तस्करी का मामला मणिकर्ण घाटी में बीती रात बुधवार उस दौरान सामने आया जब पुलिस टीम मणिकरण घाटी स्थित भड़ोगी में गश्त पर थी।

### अमेजॉन इंडिया प्राइम डे 15 और 16 जुलाई 2023 को

**शिमला:** मेजॉन इंडिया प्राइम डे 2023 के साथ अपने वार्षिक दो दिवसीय उत्सव 'आनंद की खोज करें' के साथ वापस आ गया है! 15 जुलाई को सुबह 12:00 बजे शुरू होकर16 जुलाई 2023 तक, प्राइम डे का सातवां संस्करण दो दिनों की उत्तम डील, बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, नए लॉन्च, और पहले से कहीं अधिक, बड़ा और बेहतर ला रहा है।इस प्राइम डे पर प्राइम सदस्य दो दिनों के शॉपिंग इवेंट के दौरान सभी ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं, आराम कर सकते हैं और अपनी मनपसंद चीजें खरीद सकते हैं। स्मार्टफोन्स, टीवी, एप्लायंसेज, फैशन और ब्यूटी, ग्रोसरीज, अमेजॉन डिवाइस, घर और रसोई, रोजमर्रा की जरूरी चीजों के लिए फर्नीचर और बहुत कुछ, से लेकर प्राइम सदस्य नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील, मनोरंजन और उत्तम बचत का आनंद ले सकते हैं। अक्षय साही, निर्देशक, प्राइम एंड डिलीवरी एक्सपीरियंस, अमेजॉन इंडिया ने कहा: इस प्राइम डे पर, ग्राहक भारत में अब तक की हमारी सबसे तेज गति का आनंद लेंगे। भारत के 25 शहरों से ऑर्डर देने वाले प्राइम सदस्य उसी दिन या अगले दिन अपनी डिलीवरी पाने का आनंद ले सकेंगे और अधिकांश टियर II शहरों से खरीदारी करने वाले प्राइम सदस्यों की 24 से 48 घंटे के भीतर उनकी प्राइम डे डिलिवरी होगी।देश भर के प्राइम सदस्य बड़े सौदों, नए लॉन्च, बचत और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन की खोज करके आनंद की खोज कर सकते हैं।

## भूरी सिंह संग्रहालय में नाकारा घोषित सामग्री की 1 जुलाई को होगी नीलामी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**संग्रहाध्यक्ष भूरी** सिंह संग्रहालय नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय कंडमनेशन बोर्ड द्वारा संग्रहालय के स्टोर में पड़ी कुछ सामग्री को नाकारा घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगारा घोषित की गई सामग्री की नीलामी 01 जुलाई को प्रातः 11 बजे भूरी सिंह संग्रहालय परिसर में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक खरीददार व बोलीदाता निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले। उन्होंने बताया कि नीलाम की जाने वाली सामग्री में 14 फ ीट की 48 सीजीआई शीट, 10 फ ीट की 13 सीजीआई शीट, 8 फ ीट की 71 सीजीआई शीट तथा 5 क्विंटल स्क्रब शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त वस्तुओं की नीलामी गठित कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बोलीदाता को दो हजार की धरोहर राशि बोली में भाग लेने से पूर्व भूरी सिंह संग्रहालय के कार्यालय में जमा करवानी होगी। जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार होगी उसे बोली के तुरन्त बाद बोली राशि जमा करवानी होगी। इसके अतिरिक्त नीलाम की गई सामग्री को उठाने की अनुमति पूरी राशि जमा करवाने पर ही दी जाएगी और कमेटी अध्यक्ष के पास किसी भी बोली को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

## 'मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल महत्वपूर्ण'

**खेलकूद**

> 8 आज के व्यस्त जीवन में सभी के लिए खेलकूद गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है



**टीम एक्शन इंडिया /सोलन/मनीष**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि युवाओं के बेहतर मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. शांडिल गत सांय सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत शामती के गांव धोबटन में आयोजित मेले को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत शामती के मझगांव खुर्द में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले खेल मैदान का शिलान्यास भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि खेल सभी के व्यस्त जीवन में विशेष रुप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल जहां व्यक्ति को शरीरिक रूप से मजबूत बनाता है वहीं मानसिक रूप से सुद्दढ़ भी करता है। आज के व्यस्त जीवन में सभी के लिए खेलकूद गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है। खेल मनुष्य के कार्य करने के तरीकों में गति और सक्रियता लाता है। डॉ. शांडिल ने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए खेलकूद बेहतर विकल्प है।

उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियों से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा आती है जिससे वह किसी भी प्रकार के नशे से दूर रह सकता है। उन्होंने धरान्जटी खुर्द के सम्पर्क मार्ग को पक्का करने के लिए 02 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत शामती के मझगांव खुर्द में निर्मित खेल मैदान के लिए 05 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने मझगांव से धोबटन मेला मैदान तक पक्का रास्ता बनाने के लिए 02 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने पंचायत घर कोठों के निर्माण के लिए 03 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा की।

डॉ. शांडिल ने मेला समिति को 11 हजार रुपये दने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए।

## 10 जुलाई को जिला स्तरीय मांग दिवस मंडी में मनाएगी आंगनबाड़ी यूनियन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**सीटू** से सबंधित आंगनबाड़ी वर्करज यूनियन मंडी जिला कमेटी की बैठक मंडी में जिला प्रधान हमिन्द्री शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 10 जुलाई को मंडी में मांग दिवस मनाया जायेगा और डीपीओ को माँगपत्र सौंपा जाएगा जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैं सले के अनुरूप वर्करों को ग्रेच्यूटी देने और रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने की मांग प्रमुखता से उठायी जायेगी। इसके अलावा नर्सरी टीचर भर्ती में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्राथमिकता देने तथा हरियाणा की तर्ज पर वेतनमान देने की भी मांग की जायेगी। यूनियन 6 जुलाई को शिमला में मुख्यमंत्री और डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी। इसके अलावा यूनियन मंडी में राज्य स्तर का सांगठनिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी और 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर वर्तमान में देश की एकता व अखंडता की रक्षा और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर जगराता आयोजित किया जायेगा। सेवानिवृत हो चुकी वर्करों की प्रोजेक्ट बार बैठकें जुलाई माह में आयोजित की जाएगी। बैठक में हमिन्द्री शर्मा, सुदर्शना, कंचन, क्षमा, सुमित्रा, सोनिका, बिमला, गोदावरी, सन्तोष इत्यादि अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।

## माउंट मौर्या स्कूल में ओथ सेरेमनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

**माउंट मौर्या इंटरनेशनल** स्कूल जोगिंद्रनगर में वीरवार को ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान स्कूल के रुद्रांश को हेड बॉय और श्रेया को हेड गर्ल चुना गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्कूल की चारों सदनों का चयन भी किया गया। जिसमें काव्यांश को सिल्वर ऑक हाउस का कप्तान इशिता को उपकप्तान सिद्धि को डिसिप्लिन कप्तान जीनत को को करिकुलर कप्तान और अक्स को स्पोर्ट्स कप्तान नियुक्त किया गया। वही स्कूल की नीतिका को सप्रू हाउस की कप्तान रश्मि को उपकप्तान वैश्वी को डिसिप्लिन कप्तान श्रेया को को करिकुलर कप्तान व साक्षी को सपोर्ट कप्तान नियुक्त किया गया। स्कूल की आकांक्षा को चिनार हाउस की कप्तान मृदुल को उपकप्तान अर्शिया को डिसिप्लिन कप्तान महक को को करिकुलर कप्तान व कशिश को सपोर्ट कप्तान चुना गया। स्कूल की मुस्कान को एक हाउस की कप्तान कशिश को उपकप्तान अंशिका को डिसिप्लिन कप्तान शादी को को करिकुलर कप्तान व दक्ष को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। उन्होंने कहा कि सभी हाउस के चयनित सदस्यों को उनके चयन पर शुभकामनाएं प्रदान की गई और उनसे उम्मीद की गई कि वह अपने सदनों की बखूबी जिम्मेवारी निभाएंगे।

**उपयुक्त**

> 8 उपकप्तान सिद्धि को डिसिप्लिन कप्तान जीनत को को करिकुलर कप्तान और अक्स को स्पोर्ट्स कप्तान नियुक्त किया

## नाहन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गई बकरीद

**नाहन। सिरमौर** जिला मुख्यालय नाहन में गुरूवार को उल अजहा यानि बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर नाहन में भी ईद की नमाज का आयोजन किया गया। नगर परिषद मैदान में आज मुस्लिम लोगो ने ईद की नमाज अता की और साथ ही देश की खुशहाली, तरक्की ० सलामती की दुआएं भी मांगी गयीं .ईद उल अजहा के अवसर पर नाहन ० आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी मुस्लिम लोग इस ईद की नमाज में शामिल हुए। जामा मस्जिद कच्चा टैंक नाहन के इमाम मौलाना अब्दुल रऊफ ने ईद की नमाज कीअगुआई की और नमाज अता करवाई।

## जायका के सहयोग से प्रदेश में बढ़ाया जा रहा हरित आवरण

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**वनों से** आच्छादित देवभूमि हिमाचल के पहाड़ जहां एक ओर प्रदेश के नैसर्गिक सौन्दर्य को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। राज्य के इसी नैसर्गिक सौन्दर्य को संजोए रखने और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने हरित आवरण को वर्ष 2023 तक 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जापान इंटरनेशनल कॉपोरेशन एजेंसी जायका के सहयोग से राज्य के मनोहारी परिदृश्यों को और अधिक विकसित करने पर कार्य कर रही है। राज्य के सात जिलों में कार्यान्वित जायका द्वारा वित्त पोषित वानिकी और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजनाएं क्षेत्र की हरियाली को बढ़ाने में सहायक रही हैं। उन्नत तकनीकों और तकनीकी हस्तक्षेपों का उपयोग करते हुए पिछले दो वर्षों में 4600 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर नियोजित वृक्षारोपण किया गया है। इसके अलावा परियोजना नर्सरी विकसित करने और रोपण स्टॉक की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल देती हैए जिसका लक्ष्य सामुदायिक और वानिकी के उपयोग के लिए विभिन्न लाभकारी प्रजातियों के 60 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करना है। संयुक्त वन प्रबंधन पहल को मजबूत करते हुए और सामूहिक प्रयास का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सात जिलों में 460 ग्राम वन विकास समितियां और 900 से अधिक स्वयं सहायता समूह स्थापित किए गए हैं। यह परियोजना वनों पर निर्भर समुदायों और फील्ड स्टाफ के कौशल संवर्धन और क्षमता निर्माण को भी प्राथमिकता देती है। आजीविका गतिविधियों और वन पुनर्जनन में प्रशिक्षित 15000 से अधिक व्यक्तियों के साथए यह परियोजना जलवायु परिवर्तन और संबंधित आपदाओं से उत्पन्न जोखिमों को कम करती है। हिमाचल प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य में वनों का बहुत महत्त्व है। स्थानीय लोग अपनी आजीविका के लिए वन संसाधनों पर निर्भर करते हैं। जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक चिंताओं और पर्यावरण अनुकूल समाधानों की खोज तथा राज्य की वन संपदा को संरक्षित और समृद्ध करने की तात्कालिकता को पहचानते हुए जायका के साथ सहयोग नवल किरण बनकर उभरा है। जायका वर्ष 1991 से भारत में वानिकी और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजनाओं पर कार्य रहा है। जायका ने प्रदेश में भू-आवरण को बढ़ाकर और वन क्षेत्रों को संरक्षित करके सतत विकास को प्राथमिकता प्रदान की है। जायका परियोजना राज्य में जापान की सर्वोत्तम वानिकी प्रणाली को लागू करने, वन विभागों के भीतर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को पेश करने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास करती है।

## मवेशी चराने गए युवक पर भालू ने किया हमला

### फिलहाल युवक क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचाराधीन है

**उपाचराधीन**

> 8 फिलहाल युवक क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचाराधीन है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी।** मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालीचौकी में भेड़-बकरियां चराने जंगल गया युवक भालू के हमले से घायल हो गया। घायल युवक क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचाराधीन है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार सराज के बालीचौकी में भालू ने युवक पर उस समय हमला कर लहूलुहान कर दिया, जब वह भेड़-बकरियां चराने जंगल में गया हुआ था। भालू के हमले से युवक बुद्धि सिंह बुरी तरह से घायल हुआ है। भालू के हमले से युवक के सिर, बाजू व पीठ में गहरी चोटें आई हैं। फिलहाल युवक क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचाराधीन है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। उपमंडल बालीचौकी के तहत पडने वाले गांव संबलवासे का 30 वर्षीय युवक बुद्धि सिंह बीते रोज अपनी भेड़-बकरियां चराने घर के पास वाले जंगल में गया हुआ था। इस दौरान झाडियों में घात लगाकर बैठे भालू ने बुद्धि सिंह पर अचानक हमला कर दिया। भालू के इस हमले से बुद्धि सिंह को संभलने का मौका ही नहीं मिला, इतने में भालू ने उसे लहूलुहान कर दिया। बाद में बुद्धि सिंह के चिल्लाने पर ग्रामीण उसकी मदद के लिए दौड़े । वहीं ग्रामीणों के आने का शोर सुनकर भालू जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल बुद्धि सिंह को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालीचौकी पहुंचाया। भालू के हमले से बुद्धि सिंह के सिर, बाजू व पीठ पर गहरी चोटें आई थी, जिसके बाद बालीचौकी के चिकित्सकों ने उसे जोनल अस्पताल मंडी रेफर कर दिया। बुद्धि सिंह के भाई तेज राम ने बताया कि उसका भाई फिलहाल जोनल अस्पताल मंडी में ही उपचाराधीन है और उसके स्वास्थ्य में धीरे धीरे

## केंद्रीय विवि हिमाचल-पंजाब केंद्रीय विवि के बीच शिक्षा और अनुसंधान पर हुआ एमओयू

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और पंजाब के केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के बीच वीरवार को शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता संबधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थानों के बीच एक उपयोगी साझेदारी के लिए मंच तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही संकाय और छात्र आदान-प्रदान, संसाधन साझाकरण और कई अन्य सहयोगी अवसरों के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा भी दिया जाएगा। एमओयू के मुताबिक हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को विनिमय कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जहां वे अपने ज्ञान और अनुभव साझा कर सकते हैं। नए शैक्षणिक दृष्टिकोण तलाश सकते हैं और अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, समझौता ज्ञापन अनुसंधान और विकास गतिविधियों में सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। संसाधनों, विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे को एकत्रित करके, इन दोनों विश्वविद्यालयों का लक्ष्य संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करना, विषय अनुसंधान को बढ़ावा देना और अभूतपूर्व खोजों के अवसर पैदा करना है। इस मौके पर केंद्रीय विश्वीविद्यालय के अधिष्ठाता, अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि हम पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ अपने संसाधनों और विशेषज्ञता को एकत्रित करके सीखने, अनुसंधान और नवाचार के लिए एक समृद्ध वातावरण बना सकते हैं। यह साझेदारी उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## वूमेन आईटीआई ऊना में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**ऊना। हिमोत्कर्ष** परिषद द्वारा जिला मुख्यालय पर रोटरी गली में स्थापित संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष वूमेन ट्रेनिंग सेंटर ऊना में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान में नए शैक्षणिक सत्र से कटिंग-टेलरिंग व ड्रेस मेकिंग,फैशन डिजाईनिंग के अलावा कंपयुटर एप्लीकेशन व ब्यूटी कल्चर ट्रेडस के हाबी कोर्सिस में भी प्रवेश शुरू है। संस्थान में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर एडमिशन की जा रही हैं। यहां पर प्रदेश सरकार के कौशल विकास भत्ता योजना के तहत कटिंग-टेलरिंग का एक साल का कोर्स भी चल रहा है।

# अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष बॉबी अहमद ने मुबारकबाद के साथ अमन चैन की करी दुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
देश प्रदेश सहित जिला सिरमौर के नाहन में भी ईद उल अजहा का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ईद के इस पावन पर्व पर नाहन के ईदगाह और काली स्थान मस्जिद में सैकड़ों की तादात में मुस्लिम वर्ग के द्वारा नमाज अदा की गई। एक दूसरे को गले लगाते हुए मुबारकबाद भी दी गई। बता दें कि इस्लाम में बकरीद या ईद उल अजहा का बहुत महत्व होता है। इस दिन यह पैगाम दिया जाता है कि जो अपने दिल की सबसे करीब वाली वस्तु होती है उसे दूसरों की बेहतरी के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान किया जाता है। इसीलिए बकर ईद से पहले कुबानीं के लिए लाए गए बकरे की खूब तवज्जो भी की जाती है। जिसे ईद वाले दिन नमाज अदा करने के बाद कुर्बान कर दिया जाता है। बता दें कि ईद दो तरह की होती है



जिनमें से एक रमजान के पवित्र माह में समाप्त होने के बाद ईद उल फि तर मनाई जाती है। दूसरी ईद उल अजहा जिसे भारत में बकरीद कहा जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के आखरी महीने में धुल्ल हिज्ज की 10 तारीख को ईद उल अजहा होती है और बड़ी बात तो यह है कि इस महीने में सारी दुनिया से मुस्लिम हज करने के लिए मक्का भी जाते हैं। बकरीद के दिन दी गई कुबानीं के गोश्त को अपने

**नमाज अदा की**

**8 नाहन के ईदगाह और काली स्थान मस्जिद में सैकड़ों की तादात में मुस्लिम वर्ग के द्वारा नमाज अदा की गई**

रिश्तेदारों और गरीबों में बांटा भी जाता है। कुबानीं के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं जिनमें से एक हिस्सा खुद के लिए दूसरा पड़ोसियों और रिश्तेदारों के लिए और तीसरा हिस्सा गरीबों में बांटने के लिए किया जाता है। नाहन में यह पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।इस ऐतिहासिक शहर में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे की हमेशा मिसाल रहे हैं। ईद उल अजहा के दिन भी अन्य धर्म के लोगों ने भी मुस्लिम वर्ग के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष बॉबी अहमद ने कहा कि समाज में सबको समानता का अधिकार है लिहाजा मुस्लिम वर्ग में भी हर खुशी को सबके साथ मिलजुल कर मनाए जाने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि इसीलिए ही ईद उल अजहा के दिन कुर्बान किए गए बकरे के गोश्त का एक हिस्सा गरीब और जरूरतमंदों को भी बांटा जाता है। बॉबी अहमद का कहना है कि अल्लाह की नजर में सभी एक समान है और सबको अच्छा खाने का अधिकार है।

अहमद ने सबसे अच्छी बात यह कही कि अब वह समय भी है कि हमें समाज में फैल रही हर बुराई से भी दूर रहना है। आपस का प्यार अमन चैन और भाईचारा बना रहे इसके लिए भी दुआ की जाती है।

# ऐतिहासिक महिमा लाइब्रेरी में निकल रहे सांप



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**सिरमौर** के मुख्यालय नाहन में स्थित ऐतिहासिक महिमा लाइब्रेरी में पिछले 1 सप्ताह से लगातार सांप निकल रहे हैं। हालांकि इन सांपो ने लाइब्रेरी में पढ़ रहे किसी भी विद्यार्थी पर जानलेवा हमला नहीं किया है। वहीं लाइब्रेरी में पढ़ रहे विद्यार्थियों को हर समय अपनी जान का खतरा बना रहता है।विद्यार्थियों से मिली जानकारी के मुताबिक, अभी तक लाइब्रेरी में कुल 7 सांप निकले थे। विद्यार्थियों लक्षद्वारा इनमें से चार सांपों को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया गया है। लेकिन बड़ी बात तो यह है कि 3 सांप अभी भी लाइब्रेरी में ही कहीं छुपे हुए हैं। जिसके चलते विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में डर-डर कर पढ़ाई करनी पड़ती है। विद्यार्थियों ने इस बाबत लाइब्रेरी स्टाफ को भी जानकारी दी है। परंतु अभी तक कॉलेज प्रशासन पर लाइब्रेरी स्टाफ द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उधर विद्यार्थियों ने मिलकर कॉलेज प्रशासन से इन सभी सांपों को महिमा लाइब्रेरी से बाहर निकलवाने की गुहार लगाई है।

# बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद गतिविधियां आवश्यकः अनिरुद्ध सिंह

## कैबिनेट मंत्री ने खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं करवाकर सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यह जानकारी अनिरुद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यारकोटी में मशोबरा खंड की छात्राओं की तीन दिवसीय अंडर 14 खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में आगे बढने के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद भी आवश्यक है। यह हमारे जीवन का हिस्सा है इसलिए सभी बच्चे अपने आप को फिट व स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें।

उन्होंने छात्राओं की इस खंड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि क्यारकोटी स्कूल के पुराने भवन को तोडकर आधुनिक सुविधाओं से लैस नया भवन तीन साल के भीतर बनाया जाएगा। उन्होंने स्कूल



**फंड**

**8 बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं करवाकर सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा**

के अतिरिक्त भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के मैदान को चौड़ा किया जाएगा और इस क्षेत्र में एक बड़ा मैदान बनाने के लिए संभावनाएं तलाशी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की सडकों को पक्का करने के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि चैडी से क्यारकोटी संपर्क सडक को चौड़ा व पक्का करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और इस सडक को नेरी गांव होते हुए आगे मोहनपुर मनला सडक से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि क्यारकोटी क्षेत्र में बहुत सी सडकें पंचायत फंड से निर्मित की गई है जिसे आपस में एक दूसरे से जोडने व पक्का करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनाव से खुल्टू सडक को चौड़ा किया जाएगा ताकि आसपास के गावों को भी सडक सुविधा मिल सके। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य नविता गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि मशोबरा खंड की छात्राओं की इस तीन दिवसीय अंडर 14 खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 26 स्कूलों की 324 प्रतियोगी छात्राओ ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, विभिन्न प्रकार की दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, योग तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं करवाई गई।

# दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में तीन जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के सैनवाला में आज एनएच-07 पर दो बाइकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग जख्मी हुए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं कालाअंब पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार सडक हादसे में दीपक कुमार (20) निवासी त्रिलोकपुर की टांग की हड्डी टूट गई, जबकि उसकी मां अनु शर्मा (40) को भी चोटें आई है। बताया जा रहा है कि दीपक अपनी बाइक नंबर (एचपी 18बी 5672) पर सवार होकर नाहन की ओर आ रहा था। वहीं, जगदीप (22) वर्ष निवासी कमरऊ अपनी बाइक (यूके 07 एफ एच 1660) से कालाअंब की ओर जा रहा था।

# शिक्षामंत्री ने रखी शारौंथा स्कूल भवन की आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शारौंथा के भवन का शिलान्यास किया। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कटिबद्ध है ताकि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले छात्रों को घर द्वार पर बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन की टेंडर प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाएगी ताकि भवन का निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके, जिससे यहां पर पढने वाले छात्रों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

रोहित ठाकुर ने स्कूल भवन के



लिए भूमि दान करने वाले स्थानीय लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विकास की दृष्टि से जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र का एक विशेष स्थान है इसलिए क्षेत्र को शिखर पर ले जाने के हर संभव प्रयास किए जायेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की सडकों के सुधारीकरण पर बल दिया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को अपने उत्पाद को मंडियों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की

**उचित निर्देश**

**8 प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कटिबद्ध: रोहित ठाकुर**

असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में सडकों के रखरखाव के लिए उचित निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध की जाएगी ताकि लोगों को उसका लाभ प्राप्त हो सके। रोहित ठाकुर ने जन समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित किया।

# अब पानी की शुद्धता पर 24 घंटे रीयल टाइम वाटर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम रखेगा नजर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
प्रदेश जलशक्ति विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा पानी पीने के योग्य है या नहीं इसका अब आसानी से पता लगाया जा सकेगा। पेयजल शुद्धता सुनिश्चित करने और लोगों को जागरूक करने के लिए जलशक्ति विभाग मंडल कार्यालय सुंदरनगर जल्द ही शहरी क्षेत्र में लगभग 25 से 30 लाख रुपये की लागत से रीयल टाइम वाटर क्वालिटी मॉनीटरिंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इसमें पानी को मानव रहित सेंसर आधारित टेक्नोलॉजी का उपयोग कर टेस्ट किया जाएगा। यह बात जिला मंडी जलशक्ति विभाग के मंडल सुंदरनगर के अधिशासी अभियंता ई. रजत गर्ग ने मीडिया से औपचारिक बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जलशक्ति मंडल के तहत बरसात के मौसम में पेयजल शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में ही विशेष अभियान के तहत 470 पानी के टेंकों को साफ किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग के कर्मचारियों को समय-समय पर पानी की क्लोरीनेशन करने के भी आदेश दे दिए गए हैं। अधिषासी अभियंता जलशक्ति मंडल सुंदरनगर के रजत गर्ग ने कहा कि वर्तमान में मंडल के तहत 6 करोड़ की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। इसके साथ सुंदरनगर शहर को सप्लाई किए जाने वाले पेयजल की शुद्धता की जांच प्रतिदिन की जाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत शहर की विभिन्न जगहों से तीन से पांच पानी के सेंपल इक्_ किए जाते हैं। इन सेंपलों को मंडल कार्यालय में स्थापित राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त लैब में जांच की जाती है।

# डा. गंगाराम राजी डा. परमार पुरस्कार से सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
रानी खैरगढ़ी और भैरो कभी मरा नहीं जैसे उपन्यासों के रचयिता हिमाचल प्रदेश के ख्यात साहित्यकार डा. गंगाराम राजी को साहित्य के लिए डा. परमार राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान हिमाचल प्रदेश सिरमौर कला संगम की ओर से वशिष्ठ आश्रम बायरी-ददाहू में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। इसके अलावा रंगकर्मी दक्षा उपाध्याय को अभिनय और निर्देशन के लिए पुरस्कृत किया गया। डा. गंगाराम राजी हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा उपन्यास लिखने वाले एकमात्र उपन्यासकार हैं। वहीं ऐतिहासिक चरित्रों पर उपन्यास लिखकर इतिहास और संस्कृति से नई पीढ़ी को रू-ब-रू करवा रहे हैं। वहीं पर तीन सौ से ज्यादा कहानियां लिखने वाले गंगा राम राजी के बारे में प्रदेश के मशहूर कवि डा. कुमार कृष्ण लिखते हैं कि वह पचास वर्षों से कात रहा है वर्णमाला के धाग बुन रहा है मंडयाली लाई, छुपाये जा सके जहां बेशुमार किस्से, बचाई जा सके सर्दी से कांपती ठिठुरती कहानियां। किस्सों और कहानियों को बचाने वाला यह रचनाकार अब तक 27 कहानी संग्रह और 14 उपन्यासों की रचना करने के बाद भी थका नहीं है। बल्कि हर रोज नई ऊर्जा के साथ सृजनरत रहता है। रानी खैरगढ़ी, भैरो कभी मरा नहीं, सिंध का गांधी स्वामी कृष्णा नंद, मेरो दर्द न जाने कोय, जनरल जोराबर सिंह कलहूरिया और बम मास्टर भाई हिरदा राम जैसे उपन्यासों की रचना के बाद भी डा. गंगाराम राजी कहानियां और उपन्यास लेखन में सक्रिय हैं। उन्हें अब तक प्रदेश व प्रदेश से बाहर अनेक संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया गया है।

# सरकारी कर्मचारियों की तैनाती व तबादलों के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
राज्य सरकार ने गत दिवस को बताया कि विभिन्न विभागों में सरकारी कर्मचारियों की तैनाती और तबादलों से संबंधित सभी मामले, जिन पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के विचार की आवश्यकता है, उन पर महीने के अंतिम चार कार्य दिवसों में विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा तैनाती एवं स्थानांतरण के अनुमोदित आदेश भी माह के अंतिम चार कार्य दिवसों में ही जारी किये जायेंगे।

# रणधीर शर्मा का आरोप :कांग्रेस सरकार शराब माफिया के दबाव में कर रही काम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी का आरोप है की वर्तमान कांग्रेस सरकार शराब माफि या के दबाव में काम कर रही है। मार्च महीने के बाद हिमाचल प्रदेश में अनेकों नई जगहों पर शराब के ठेके खुल रहे हैं, कई जगह पंचायतों के एनओसी लिए बिना भी शराब के ठेके खुले हैं। इन ठेकों का वहां की जनता विशेषकर महिला मंडल जबरदस्त विरोध कर रही हैं, परंतु जब प्रशासन से बात होती है तो वह कहते हैं की यह शराब के ठेके नहीं सब ठेके हैं और इनके लिए पंचायतों की एनओसी की आवश्यकता नहीं है। इस तरह के जो नियम वर्तमान सरकार



ने बनाए हैं यह पूर्ण रूप से शराब माफि या को लाभ देने के लिए है, इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। इन अनुचित नियमों की आड़ में शराब के ठेकेदारों ने जगह-जगह शराब के ठेके और अहाते खोलना शुरू कर दिए हैं, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश की स्वरूप और भावना बिगड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी का मानना है की वर्तमान कांग्रेस सरकार वैसे तो नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, जिसका भारतीय जनता पार्टी समर्थन करती है। परंतु दूसरी तरफ यह सरकार शराब माफि या के दबाव में काम कर रही है, सबको तो यह भी लग रहा है कि नशे के खिलाफ इनका अभियान एक नौटंकी तो नहीं है। कहीं यह नशे के खिलाफ अभियान सच में नौटंकी बनकर ना रह जाए, इसलिए भारतीय जनता पार्टी की मांग है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शराब माफि या को संरक्षण ना दे और जिस प्रकार से जगह-जगह ठेके खुल रहे हैं चाहे नेशनल हाईवे की बात करो या पंचायतों की।

आप हैरान होंगे कि किरतपुर मनाली फ ोरलेन का अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है और अभी उस फ ोरलेन पर चाय की दुकानें भी नहीं है। परंतु शराब के ठेके खुल चुके हैं, एक फ ोरलेन पर जगह-जगह शराब के ठेके बड़ी संख्या में खुले है। भाजपा पूछना चाहती है कि क्या यह ठेके नियमों के तहत खुले हैं? परमिशन लेकर खुले हैं? हमारी मांग है कि सरकार इस सभी ठेकों की जांच करे और जो हिमाचल प्रदेश में शराब को लेकर पॉलिसी बनी है उसको सख्ती से लागू करना चाहिए।

# प्रदेश में स्ट्रीट बैंडेज एक्ट लागू करवाने के लिए अभियान चलायेगी रेहड़ी यूनियन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
रेहड़ी-फ हड़ी वर्करज यूनियन हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी की बैठक मंडी में कामरेड शेरपा मकड़ोलगंज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीटू के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मैहरा और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए। यूनियन के राज्य महासचिव सुरेंद्र कुमार शीलू ने बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014 में रेहड़ी फहड़ी लगा कर अपनी आजीविका कमाने के अधिकार को कानूनी मान्यता दी गई है लेकिन हिमाचल प्रदेश के सभी नगर परिषद क्षेत्रों में इस कानून को लागू नहीं किया जा रहा है।अभी तक भी इस कानून के तहत टॉउन बैंडिंग



कमेटियां गठित नहीं कि गयी हैं और यदि कहीं पर गठित हुई भी हैं तो उनकी बैठकें आयोजित नहीं कि जाती हैं। अफ सशाही अपने तौर तरीकों से मनमानी करते हैं और रेहड़ीधारकों को हररोज परेशान करते

**बैठक**

**8 बैठक में सीटू के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मैहरा और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए**

हैं। इसलिये यूनियन जुलाई माह में शहरी विकास मंत्री और निदेशक को माँगपत्र देगी। सीटू के राज्य अध्यक्ष साथी विजेंद्र मेहरा ने बताया कि वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार लगातार मजदूर विरोधी फैं सले ले रही है और उन सभ कानूनो को खत्म कर रही है या उनमें संशोधन कर रही जो मजदूरों के हकों की रक्षा करने लिये आजादी से पहले और के बाद बने हैं। जिला अध्यक्ष भपेंद्र सिंह ने बताया कि कानून के तहत रेहड़ी-फ हड़ी वालों का सभी शहरी क्षेत्रों में सर्वेक्षण होना अनिवार्य है और उन्हें लाइसेंस, पहचान पत्र, रेहड़ी लगाने के लिए स्थान आवंटित करने का काम करना होता है लेकिन अभी तक अधिकांश शहरी क्षेत्रों में ये काम नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कानून के तहत राज्य स्तर भी स्ट्रीट बैंडरज कमेटी गठित करने का प्रावधान है लेकिन ये कमेटी पूर्व भाजपा सरकार ने गठित नहीं कि थी इसलिये अब नई सरकार से इसे राज्य स्तर पर गठित करने की मांग उठाई है। वर्तमान में 15 हजार से ज्यादा रेहड़ी-फ हड़ी धारक हैं जिन्हें अब विकास, पर्किंग, सौन्दर्यकरण, भीड़ इत्यादि के नाम पर उजाड़ा जा रहा है।

# मानसून आने से पहले ही खुली प्रदेश सरकार की व्यवस्था की पोल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
**मानसून** के प्रदेश में दस्तक देने से पहले ही प्रदेश सरकार की व्यवस्था की पोल खुल गई है। आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह आरोप भारतीय जनता पार्टी जिला मंडी अध्यक्ष रणवीर सिंह ने जारी बयान में लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मात्र छः महीने के कार्यकाल में प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस गई है। बिजली, पानी और सडक सुविधाएं प्रदेश में पूरी तरह से चरमरा गई हैं। उन्होंने कहा की



शहरी क्षेत्र में ही सडकों की हालत खराब हो गई है तो ग्रामीण क्षेत्रों की हालत के बारे में सोचा जा सकता है की वहां स्थिति क्या होगी। सडके गढ़ों में तबदील हों गई है और कांग्रेस के नेता हवा में बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा की प्रदेश में टूरिस्ट सीजन और सेब सीजन को देखते हुए भी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही जिसके कारण लाखों पर्यटक अनेकों परेशानियों से जूझते नजर आए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं और सरकार का इस ओर ध्यान तक नहीं है और तीसरे और चौथे दिन पानी की आपूर्ति भी कठिनाई से हो पा रही है। मात्र छः महीने के कार्यकाल में प्रदेश की जनता का इस सरकार से भरोसा पूरी तरह से उठ गया है।

# कांग्रेस अपने परिवार को नहीं संभाल सकती तो प्रदेश को या संभालेगी : सिकंदर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने शिमला ग्रामीण मंडल के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने सभी मोर्चों के प्रतिनिधियों में नए जोश का संचार किया। इस सम्मेलन का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार में 9 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया।

सिकंदर कुमार ने जहां कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई, वही कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

डॉक्टर सिकंदर ने कहा कि जो सरकार अपने परिवार को संभाल नहीं सकती वह हिमाचल प्रदेश को क्या संभालेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हिमाचल की कांग्रेस सरकार का कोई ना कोई किस्सा



जनता के समक्ष आ ही रहा है। पहले एक कथित भ्रष्टाचार की चिट्ठी हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय की सार्वजनिक होती है, उसके उपरांत एक कथित ऑडियो जिसमें जिसमें एक कांग्रेस की महिला प्रधान जो दून विधानसभा ने नाता रहती है वह उद्योगपति से एक काम करने के लिए 3 लाख मांगती है और आज एक चिट्ठी जनता के समक्ष आई जिसमे दो कांग्रेस की महिला प्रधान आपस में सचिवालय में ही लड़ पड़ी है और उसके कारण सचिवालय में जनता के आवागमन पर रिस्ट्रिक्शन लग गई है। सचिवालय के झगड़े की कंप्लेंट महिला थाने में भी रजिस्टर की गई है। ऐसे सारे मामले कांग्रेस के समय ज्यादा उजागर होते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की 6 महीने की सरकार में क्राइम रेट बढ़ा है और जिस प्रकार से यह सरकार लोन पर लोन ले रही है बड़ी जल्दी इस सरकार की गति पर रोक लग जाएगी। अपने सरकार के खर्चों पर लगाम लगाने में यह सरकार नाकाम हैं। 1 जून को 800 करोड़ का लोन और कल ही 1000 करोड़ का लोन इस सरकार ने लिया है और आपको याद होगा कि पिछले

**कांग्रेस निशाने पर**

**8 सम्मेलन का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार में 9 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया**

महीने सरकार पहली बार ओवरड्राफ्ट लेकर चली थी। वर्तमान कांग्रेस सरकार को वित्तीय प्रबंधन करना नहीं आ रहा है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि मेहता, दिनेश ठाकुर, पारुल शर्मा, सुमित ठाकुर, रणदीप कंवर, संजना शर्मा, कमलेश शर्मा, अनुराधा शर्मा, हुकुम सिंह, धर्म प्रकाश, मीनाक्षी गोयल, संजय भारद्वाज और योग राज उपस्थित रहे।

# नंगल कलां में उद्योग को लगी आग, चार लाख का नुकसान

**नियंत्रण पाया**

**8 सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**अद्यौगिक** क्षेत्र टाहलीवाल के तहत पड़ते नंगलकलां स्थित एक उद्योग में वीरवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की घटना में करीब चार लाख रुपये का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया और अन्य प्रॉपर्टी को आग की चपेट में आने से बचा लिया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह 9 बजे नंगल कलां स्थित एक



उद्योग में अचानक आग लग गई, जिसके चलते तेल के टैंक में आग भडक उठी। छुट्टी होने के चलते उद्योग में कोई नहीं था, जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग टाहलीवाल से सुनील सिंह, रविंदर, रमन व राजीव कुमार में मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। उद्योग के जीएम किरणदीप ने बताया आज उद्योग में छुट्टी होने के कारण किसी भी कामगार को कोई चोट नहीं आई, लेकिन चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग के कर्मी सुनील कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही गाड़ी लेकर उद्योग में पहुंच गए और आग को काबू किया।

# हटली में व्यक्ति से पिटाई कर नाले में फेंका

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना बंगाणा के तहत हटली में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पिटाई करने के बाद व्यक्ति को नाले में फैंक दिया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा नाली से निकालकर उपचार के लिए बंगाणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मारपीट में घायल व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में बहादुर सिंह निवासी हटली ने बताया कि बुधवार देर शाम बंगाणा से वापिस अपने घर हटली जा रहा था। हटली चौक पर पहुंचने पर मेरे गांव

**8 स्थानीय लोगों द्वारा नाली से निकालकर उपचार के लिए बंगाणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया**

के ही रिशु ने रास्ता रोककर मेरे साथ गाली ग्लोच किया तथा मारपीट भी की। पिटाई करने के उपरांत रिशु ने मुझे धक्का देकर नाली मे गिरा दिया, जिससे मेरी टांग व शरीर में गहरी चोंटे आई हैं। डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने घायल की शिकायत पर रिशु के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उत्तर भारत के प्रसिद्ध** धार्मिक स्थल श्रीराधा कृष्ण मंदिर कोटलां कलां में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा व देवशयनी एकादशी पर्व को लेकर वीरवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। मंदिर में जहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया। वहीं दिल्ली से आए हुए कथावाचक राधा दामोदर दास ने प्रवचनों से संगतों को निहाल किया। राष्ट्रीय संत बाब बाल जी ने देवशयनी एकादशी का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन से चार माह तक किसी भी तरह का शुभ काम नहीं करना चाहिए। इस दिन सभी भक्तों को व्रत रखना चाहिए तथा फलाहार खाना चाहिए। संत बाब बाल जी ने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा



कि हमें गुरवाणी से जुडकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा की हमें गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि गुरु ही हमें भगवान से मिलाने का एक मात्र माध्यम हैं। गुरुजनों के दिखाए मार्ग से ही प्राणी का बेड़ा भवसागर से पार हो सकता है। महाराज ने कहा कि मनुष्य को किसी को बुराई नहीं

**संगतों को निहाल किया**

**8 मंदिर में जहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया। दामोदर दास ने प्रवचनों से संगतों को निहाल किया**

करनी चाहिए। जब बुराई करते है, तो नाश होता है। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान ब्रहम है और जीव एक सृष्टि है, जिस पर माया आश्रय लेती है। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को बोला कि गीता के संदेश द्वारा संसार का संचालन करता हूं और गीता में मेरा निवास है। गीता एक मात्र पुस्तक नहीं है, बल्कि एक ब्रहमज्ञान का खजाना है, जिसे हर व्यक्ति को रखना व पढ?ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रात्रि का एक भाग भगवान को अर्पित करना चाहिए। वहीं दिल्ली से आए हुए कथावाचक राधा दामोदर दास ने अपने प्रवचनों में कहा कि धर्म के मार्ग पर चलना आसान नहीं है। जीवन में उपदेश तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक उस पर हम खुद अमल न करें। उन्होंने कहा कि यदि हम भगवान का सिमरन करेंगे तो काम, क्रोध, मोह व लोभ रूपी अवगुणों का नाश भगवान कृष्ण स्वयं करेंगे।

सत्संग के दौरान पूरा आश्रम राधे-राधे बोल से गूंज उठा तथा कृष्णमय बन उठा। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डूबकर नाचने पर मजबूर कर दिया और सारी संगत ने महिमा गाई।

# नगनोली में फुटबॉल प्रदेश सीनियर डिवीजन पुरूष लीग शुरू

**प्रतियोगिता**

**8 सचिव दीपक शर्मा ने बताया कि एक माह तक चलने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 72 टीमें हिस्सा ले रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**हिमाचल** प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा नगनोली में प्रदेश सीनियर डिवीजन पुरुष लीग शुरू हो गए हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान मेहताब सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि पूर्व राष्ट्रीय हॉकी



खिलाड़ी प्रेम चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दीपक शर्मा ने बताया कि एक माह तक चलने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 72 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला देवभूमि एफसी व खड्डु फुटबॉल क्लब के बीच हुआ। रोमांचक लड़ाई के बाद देवभूमि एफसी ने खड्डु फुटबॉल क्लब को 3-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। मुख्यातिथि पंचायत प्रधान मेहताब सिंह ठाकुर ने कहा कि नगनोली में ऐसी प्रतियोगिता होने से गांव के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और खेल के प्रति अपनी रूचि दिखाएंगे। इस अवसर पर प्रेम चंद, धर्मपाल, सुरेश मान, कुलदीप कुमार, विजय कुमार, कमल किशोर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# टाटा एआईए ने व्हाट्सएप्प और यूपीआई के जरिए प्रीमियम के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**कंज्यूमर** ऑब्सेशन के अपने मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए)ने व्हाट्सएप्प और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरूआत की है। उद्योग में पहली बार उपलब्ध यह सुविधा व्हाट्सएप और यूपीआई.सक्षम भुगतान विकल्पों के माध्यम से तत्काल प्रीमियम भुगतान की सहूलियत प्रदान करती है। टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख संजय अरोड़ा ने कहा टाटा एआईए में हम अपने पॉलिसीधारकों को उनके पसंदीदा तरीकों का उपयोग करके सुविधाजनक,परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा प्रौद्योगिकी से लैस बॉटम.अप दृष्टिकोण हमें अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझने और अपनी सेवाओं में लगातार सुधार करने की अनुमति देता है। व्हाट्सएप्प और पेयू के सहयोग से निर्मित इन.हाउस इंटेलिजेंट प्लेटफॉर्म के लिए धन्यवाद,हमने उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने और उनके लेन.देन को अधिक आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह नया भुगतान विकल्प बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला विकल्प है।इस कुशल,निर्बाध प्रक्रिया के जरिए उपभोक्ता डिजिटल रूप से प्रीमियम का भुगतान करने और त्वरित प्रीमियम भुगतान की पुष्टि और पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# अभयपुर के सचिन का एलआईसी में डेवलपमेंट आफिसर के रुप में चयन

**8 उपाध्यक्ष शाम लाल ने सचिन कुमार को उनकी कामयाबी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी**



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अभयपुर के सचिन कुमार एलआईसी में डेवलपमेंट आफिसर के रुप में चयन हुआ हैं। सचिन कुमार ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली और उच्च शिक्षा राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक से हासिल की है। सचिन कुमार ने अब एलआईसी चंडीगढ़ में बतौर डेवलपमेंट आफिसर सेवाएं देंगे। सचिन कुमार ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया हैं। उन्होंने कहा कि इस कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गगरेट के उपाध्यक्ष शाम लाल ने सचिन कुमार को उनकी कामयाबी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# 26.5 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा पंजाब का युवक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**नशे** के खिलाफ जिला पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और एक के बाद एक बड़ी नशा तस्करी की वारदातों को विफल करने में पुलिस सफलता अर्जित कर रही है। बुध और वीरवार की मध्यरात्रि भी पुलिस ने एक तस्कर को ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान पंजाब के रूपनगर जिला के तहत नंगल तहसील के सहजोवाल गांव निवासी विजय कुमार पुत्र दर्शन सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने इस तस्कर के पास से करीब 26.5 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स फोर्स की टीम ने इस मामले में संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुध और वीरवार के मध्य रात्रि करीब 1:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नंगल रोड स्थित होटल सिटी लौट



के बिल्कुल सामने शॉपिंग कंपलेक्स की सीढि?ों पर बैठा है और उसके पास नशे की भारी मात्रा होने का अंदेशा है। सूचना मिलने के बाद तुरंत हरकत में आई पुलिस टीम ने एंटी नारकोटिक्स फोर्स की टीम को इस काम पर लगा दिया। एंटी नारकोटिक्स फोर्स की टीम के सदस्यों ने सिविल में मौके पर पहुंचकर शॉपिंग कंपलेक्स की सीढि?ों में खड़े व्यक्ति से पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ होते देख यह व्यक्ति घबरा गया और उसने अपनी जेब में से एक पॉलीथिन का लिफाफा निकाल कर नाले की तरफ फेंक दिया। हालांकि वह लिफाफा नाले में गिरने की बजाए पीछे ही फुटपाथ पर

**काबू किया**

**8 बुध और वीरवार की मध्यरात्रि भी पुलिस ने एक तस्कर को ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ काबू करने में सफलता हासिल की**

अटक गया, जिसके चलते पुलिस कर्मचारियों ने फौरन इस लिफाफे को काबू किया। तलाशी लेने पर लिफाफे में से पुलिस ने 26.5 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने फौरन विजय कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए उसे काबू कर लिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सिटी पुलिस चौकी में इस घटना को लेकर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**
***NOTICE INVITING TENDER***

Short term Sealed item rate tenders on forms 6 & 8 for the below mentioned works are hereby invited from the contractors of appropriate class enlisted with the Jal Shakti Vibhag so as to reach in the office of the Executive Engineer, Jal Shakti Division No.I, Shimla-9 on or before **05/07/2023 upto 3.00 P.M**. The tender shall be opened on same day at **3.30 PM** in the presence of the intending contractors or their authorized representatives who wish to be present at the time of opening of tenders. The tender forms and tern and condition can be had on submission of Earnest Money and the production of valid registration in Jal Shakti Vibhag and registration under GST Act, from the office of the undersigned during working hour's upto on **04/07/2023** payment of cost of form. The earnest money shall be in the shape of NSC/ FDR or Saving Bank Account of Post Office/ Time Deposit of H.P. State Co-Operative Bank or any other Nationalized Bank duly pledged in the name of Executive Engineer, Jal Shakti Division No.I, Shimla-9. The offer shall remain open for 90 days Conditional tender will not be accepted. The Executive Engineer, reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reasons. If it happens to be holiday on the date of opening of tender, then the tender shall be opened on the next working day.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | E/Money | Time limit | Cost of form | Mode of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Operation and maintenance of LIS Khalowa in G.P. Badhai in Tehsil & Distt. Shimla HP (SH:-Distribution of water from LIS Khalowa by operating valves and maintenance for six months (183 days) (In a Year). | 3,05,189/- | 6105/- | (183 days) In a year | Rs. 250/- | Offline |
| 2. | Improvement of FIS Bhawana in G.P. Dhamoon Tehsil & Distt. Shimla HP (SH:-C/O Retaining wall and edging for protection of CC channel at different RDs). | 4,99,541/- | 9990/-/- | 3 month | Rs. 250/- | Offline |
| 3. | Providing WSS to P.C. Habitation under Mashobra Block in G.P. Bhont, Dummi and Chairy in Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-C/O protection wall). | 4,97,582/- | 9960/- | 3 month | Rs. 250/- | Offline |
| 4. | Providing manpower for operation and watch and ward of LWSS Dhamoon in G.P. Dhamoon Tehsil & Distt. Shimla HP (SH:-Supply of water from LWSS Dhamoon for different localities by operating valves etc. for one year including minor repairs i.e. providing and fixing of union, elbow, tee, wheel valves and welding etc.). | 4,69,827/- | 9400/- | I year | Rs. 250/- | Offline |
| 5. | R/M of Jal Shakti Rest House at Taradevi Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-Outsourcing of 4 Nos. Sweeper services for washing, mopping and cleaning of floors and related housekeeping items, cleaning and general upkeep of room and cleaning of toilets etc. maintenance of flower pots and terrace etc. at Jal Shakti Vibhag Rest house Taradevi) for 6 months (180 days). | 4,48,854/- | 8980/- | 6 month | Rs. 250/- | Offline |
| 6. | Providing water supply for various leftout P.C. habitation panchyat i.e. Malyana, Rajhana, Chamiana and Beolia under Jal shakti Vibhag Section Kasumpti in Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-Laying and jointing of G.I. pipes with butt welding, supplying of sluice valve 80mm and 65mm dia complete with fitting etc. and C/O anchor block) Under JJM. | 4,98,536/- | 9970/- | 3 month | Rs. 250/- | Offline |
| 7. | R/R Damages to GWSS Kelti in G.P. Dhalli Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-C/O protection wall in front of storage tank and C/O shed for storage of chemical and shelter keyman near filter bed). | 3,62,761/- | 7260/- | 3 month | Rs. 250/- | Offline |
| 8. | Improvement of FIS Rampuri in G.P. Rampuri Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-C/O Retaining wall). | 4,00,261/- | 8000/- | 6 months | Rs. 250/- | Offline |
| 9. | Repair of 33 Nos. Non functional hand pumps under JSV Sub Division No.1, Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-Repair of 33 Nos. i.e. Dumi Poaboo, Baldian Bazar, Pagog, Sonal, Badesh, Shana, (Padech) Kavi Bhont, Gholchha, Raghyan, Mashobra, Baldian Near School, Balta Baldian, Majhari vill. Majhari Main road, Khairi near Anil house, Jathia Devi Bazar, Ranjhu Jathia, Balag ghatti, lower Sujana, Dangra, Bhagali, Shandlu, Hori, Chamiana, Malyana Near Sub Station, Domechi, Chamiana Surala road, Shanan, Shiv Mandir Mahli, Pujarli, Majhar, Jharech (Junga road, Shakrala Near workshop, Malyana near Shiv Mandir). | 4,71,050/- | 9425/- | 3 month | Rs. 250/- | Offline |
| 10. | A/R & M/O Sub Divisional Office building at Ghanahatti Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-Distempering, painting and providing and fixing of PVC flooring and transparent sheet). | 2,86,737/- | 5740/- | 3 months | Rs. 250/- | Offline |
| 11. | Source strengthening of various LWSS/GWSS under Jal shakti Vibhag Sub Division No.1, Shimla-9 Tehsil and Distt. Shimla HP (SH:-Providing and placing in horizontal layers filtering media (Under JJM). | 4,92,284/- | 9850/- | 2 months | Rs. 250/- | Offline |
| 12. | Providing manpower for operation, repair & maintenance of LWSS Shirguli Kadharan in G.P. Balghar Phase 2nd Tehsil Theog Distt. Shimla HP (SH:-Supply of water from LWSS Shirguli Kadharan by operating valves etc. for 6 months). | 4,55,890/- | 9117/- | 6 months | Rs. 250/- | Offline |
| 13. | R/M of Jal Shakti Vibhag Rest House at Tara Devi Tehsil & Distt. Shimla HP (SH:-Dismantling/stacking of roof and fixing of prepainted G.I. sheet roffing repair and painting work etc.). | 4,64,212/- | 9284/- | 2 months | Rs. 250/- | Offline |
| 14. | A/R & M/O Rest House Building at Tara Devi under Jal Shakti Division Kasumpti, Shimla9 (SH:-Penalling with pine wood and polishing in 6 Nos. Rooms). | 4,99,955/- | 10000/- | 2 months | Rs. 250/- | Offline |
| 15. | Prov. LWSS to P.C. Habitation in Theog Block Chopal constituency Tehsil Theog Distt. Shimla HP (SH:-Prov. laying & jointing of various dia for village Bag & Barog in G.P. Tikker). | 4,85,008/- | 9700/- | 3 months | Rs. 250/- | Offline |

Executive Engineer,
Jal Shakti Division No.I,
Kasumpti, Shimla

RO No. 1399/2023-2024

## न्यूज फ्लैश

### हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने के 02 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**जिला कुरुक्षेत्र** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कस्ते हुये हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने के 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 6.74 ग्राम हैरोईन चिट्टा व बरामद। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र व जिला कुरुक्षेत्र पुलिस की टीम ने हैरोईन/चिट्टा रखने व सप्लाई करने वाले 02 आरोपी अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरुक्षेत्र व रवि कुमार पुत्र रघुबीर सिंह वासी झांसा रोड सरस्वती कालोनी थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके आरोपी अशोक गौड से 6.74 ग्राम हैरोईन/चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुये पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 28 जून 2023 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र सहायक उप निरीक्षक उधम सिंह, मुख्य सिपाही हरप्रतीत सिंह, सतीश कुमार, सुरजीत सिंह गाडी चालक मुख्य सिपाही विनय कुमार की टीम अपराध की तलाश में पीर बाबा की मजार सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली कि अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरुक्षेत्र सैक्टर-7 दुकान नम्बर 17 कुरुक्षेत्र में अपनी यूनिक ऑपटीकल्स के नाम से चश्मों की दुकान की आड में हैरोईन/चिट्टा बेचने का काम करता है। इस समय भी अशोक कुमार उर्फ सन्नी अपने पास लेकर अपनी दुकान के बाहर नशेडीयो की फिराक में खडा है,जो काले रंग का लोयर व सफेद रंग की टी-शर्ट डाले हुए है। अगर रेड की जाये तो अशोक कुमार उर्फ सन्नी को हैरोईन/चिट्टा सहित काबू आ सकता है। जिस पर पुलिस टीम सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र में दुकान नम्बर 17 के सामने पहुंची । जहां पर एक नौजवान लडका काले रंग का लोयर व सफेद रंग की टी-शर्ट पहने खडा मिला । जिसने नामपता पूछने पर अपना नाम अशोक गौड उर्फ सन्नी पुत्र किरण वासी शाम कालोनी झांसा रोड कुरूक्षेत्र बताया । पुलिस टीम ने आरोपी अशोक गौड को काबू करके मौका पर पहुंचे राजपत्रित अधिकारी श्री पवन कुमार उप-पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के सामने तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 6.74 अफीम बरामद की । आरोपी अशोक गौड के खिलाफ थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके पुलिस चौंक सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र के सहायक उप निरीक्षक सन्दीप कुमार ने गिरफ्तार कर लिया । मामला में जांच आगे बढाते हुये सहायक उप निरीक्षक सन्दीप कुमार की टीम ने अफीम सप्लाई करने के आरोप में रवि कुमार पुत्र रघुबीर सिंह वासी झांसा रोड सरस्वती कालोनी थानेसर जिला कुरुक्षेत्र को भी काबू करके गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपीयों को माननीय अदालत में पेश किया गया व अदालत के आदेश से आरोपीयों को जिला कारागर बन्द करवाया गया।

### ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने अपने 35 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लिमिटेड-एडिशन स्कॉच लॉन्च की

**अंबाला ।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के निमार्ता, एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी इंडिया) ने अपने 35 वर्षों की यात्रा पूरी करने के उपलक्ष्य में ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की लिमिटेड एडिशन की खास पेशकश की है। इस प्रोडक्ट की डिस्टिलिंग, ब्लेंडिंग और बॉटलिंग स्कॉटलैण्ड में की गई है और यह लिमिटेड एडिशन पैक उपभोक्ताओं के प्रति प्यार और सम्मान का प्रतीक है। ऑफिसर्स चॉइस ने वर्ष 2013 से लगातार 10 वर्षों तक दुनिया की टॉप 3 व्हिस्कीज में अपनी जगह बना रखी है। एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की का सिर्फ एक बैच लॉन्च किया है, जिसमें स्कॉटलैण्ड से आयात की गईं 12156 बॉटल्स हैं। यह ब्लेंड स्वीट एवं स्पाइसी होने के साथ ही बहुत लाइट है और एक शानदार अहसास देता है। यह ब्राण्ड भारत के चुनिंदा राज्यों के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इस अवसर पर एबीडी इंडिया के एक्जीक्यूटिव डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने कहा, 1988 में लॉन्च के बाद से, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने निरंतर अपने स्तर को ऊँचा किया है और अपने लाखों उपभोक्ताओं का दिल और भरोसा जीता है। हमें इस बात का गर्व है कि यह हमारे देश के मास प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में मार्केट लीडर बनी हुई है और दुनिया की टॉप व्हिस्कीज में शामिल है। लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की की पेशकश इसकी 35 साल की सदाबहार यात्रा का उत्सव है। एबीडी इंडिया के स्ट्रैटेजी, सेल्स एवं मार्केटिंग के सीओओ बिक्रम बासु ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की उपभोक्ताओं की सबसे बढ़िया पसंद रही है और लगातार पिछले 10 वर्षों से दुनिया के टॉप 3 व्हिस्की ब्राण्ड्स में से एक बनी हुई है। आज यह 22 देशों में उपलब्ध है। इस ब्राण्ड की 35वीं सालगिरह मनाने के लिये हमने इसका निर्माण स्कॉटलैंड में करवाया, जहां बेहतरीन व्हिस्की बनती है। लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की को केवल एक बैच के लिये ही स्कॉटलैण्ड में डिस्टिल, ब्लेंड और बॉटल किया गया है।

# एसटीपी प्लांटों का किया निरीक्षण

## जल निकासी करने वाले ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया प्लांट की हालत देख कर भडके विधायक विज, अधिकारियों को लगाई फटकार

**टीम एकशन इंडिया/ पानीपत**
पानीपत शहर में बारिश का पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव की समस्या को देखते हुए विधायक प्रमोद विज ने वीरवार को बारिश के दौरान ही शहर में ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक विज को एसटीपी में कई कमियां मिली और उन्होंने स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाई। विधायक विज ने एसटीपी परिसर में पहुंचने पर वहां पर फैली गंदगी को हटाने के निर्देश दिये। एसटीपी में सबसे पहले बड़ी कमी मिली कि वहां पर किसी भी प्रकार का कोई डिस्चार्ज मीटर नहीं मिला, जहां यह रिकॉर्ड हो सके कि एसटीपी प्लांट से कितना पानी निकाला गया। प्लांट के कर्मचारियों द्वारा लोगबुक को भी मेन्टेन नहीं किया गया था, ताकि पता लग सके कि पंप कितनी देर बिजली से चला और कितनी देर जनरेटर से चला है। जबकि प्लांट में तीन पंप हैं और उनमें से दो पंप खराब पाए गए। इन दिनों एक ही पंप के सहारे ही प्लांट में जल निकासी हो रही है। जनरेटर के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल भी प्लांट में नहीं मिला। उसके उपरांत विधायक विज ने जाटल रोड स्थित पम्प स्टेशन का भी दौरा किया। जहां पर सरकार द्वारा 7 मोटर उपलब्ध कराई गई हैं लेकिन 5 मोटर के सहारे ही इन दिनों प्लांट की व्यवस्था चल रही है। वहीं पानीपत शहर में जल निकासी की समस्या का लेकर विधायक प्रमोद विज ने अधिकारियों से सवाल किए हैं। उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था के लिए एक साल पहले टेंडर लगा दिए गये थे लेकिन निगम अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया।



**निर्देश**

8 वधायक विज ने एसटीपी परिसर में पहुंचने पर वहां पर फैली गंदगी को हटाने के निर्देश दिये

## शहर के विकास कार्यों को लेकर मंत्री ने ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। प्रदेश** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने आज नगर परिषद तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में विकास कार्यों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की गलियों व अन्य विकास कार्यों से संबंधित जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार करवाए जाएं। विकास कार्यों के लिए सरकार से बजट मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि शहर में जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। बारिश होने के एक-दो घंटे के अंदर अंदर शहर की सड़कों पर पानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए हुए अतिरिक्त पंप लगाकर पानी की निकासी करवाएं। अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 1 व 2 जुलाई को नगर परिषद नारनौल की ओर से प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए कैंप लगाया जाए।

## इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है : नेहरा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा गन्नौर विधान सभा की रेहड़ा बस्ती में अपने परिचित अली हसन और आबिद हसन के निवास पर ईद की शुभकामना देने पहुँचें। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ,वाइस चेयरमैन दिनेश अधलखा, नपा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश जैन ने चाँद मोहम्मद को ईद की शुभकामनाएं दी। नेहरा ने कहा कि बकरीद इस्लामी पर्वों में दूसरा सबसे शुभ त्योहार है। दुनिया भर के मुसलमान इस त्योहार को अन्य समुदाय के दोस्तों और परिवार के साथ मनाते हैं। इस्लाम में बकरीद का खास महत्व है। बकरीद को ईद उल-अजहा भी कहा जाता है। नेहरा ने कहा कि इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में बकरीद काफी महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने एक दूसरे समुदाय के त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाने चाहिए।

## श्री श्याम खाटू जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी

**पानीपतः नूरवाला** की मोतीराम कॉलोनी में श्री शिव मंदिर एवं श्याम सेवा संघ के तत्वाधान में 5 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। शिव मंदिर के प्रांगण में श्री श्याम खाटू जी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। आज एकादशी पर पंडित दीपक शास्त्री की अगुवाई में श्याम सेवा संघ के सेवादारों द्वारा श्री श्याम बाबा के शीश को चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा से आंख मिलाने के लिए ले जाया गया। वहीं श्याम बाबा के सेवादारों ने बाबा के दर्शन करके सुख शांति से श्याम बाबा के शीश की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने की प्रार्थना की। वहीं चुलकाना धाम के पुजारी पंडित देवेंद्र के आश्रम में भी बाबा का शीश ले जाकर उन्हें बाबा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण दिया।

## 'जुलाना रैली होगी ऐतिहासिक, रैली को लेकर ग्रामीणों व युवाओं में जोश'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**जननायक जनता** पार्टी की जींद में 2 जुलाई को होने वाली रैली में पहुंचने का हलके के गांवों में दौरा कर न्यौता दिया। जजपा प्रदेश सहसचिव सियान्नद त्यागी, पूर्व प्रत्यशी रणधीर मलिक, हल्का प्रधान अनिल त्यागी ने गांव गुमड़, अहीर माजरा, खुबड़ू, कैलाना सहित दर्जन गांवों में दौरा किया। प्रदेश सहसचिव सियान्नद त्यागी ने दावा किया कि 2 जुलाई को जिला जींद के जुलाना में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। सियान्नद त्यागी ने कहा कि रैली को लेकर युवाओं व ग्रामीणों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने,बुजुर्गों को 5100 पेंशन देने के लिए प्रदेश मे जजपा की सरकार बनाना जरूरी है। पूर्व प्रत्याशी रणधीर मलिक ने कहा कि अब उनकी पार्टी सरकार में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी में है। 2024 में लोकसभा और फिर हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने है। जिसको लेकर सभी पार्टियां चुनावी रैली कर रही हैं। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की गठबंधन की सरकार है। आगामी चुनाव को लेकर अगर दोनों पार्टियों का गठबंधन होता है तो बहुत अच्छा है, वरना जननायक जनता पार्टी की अलग चुनाव लड़ने की सभी तैयारियां पूरी हैं। हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि जननायक जनता पार्टी चुनाव को लेकर हर महीने 2 रैलियां करेगी।



# मेयर मदान ने कॉलोनी में पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात

## पुलिस प्रशासन से मिलकर मामले में आरोपियों पर सख़्त कारवाई करने के दिए दिशा निर्देश, डी एस पी से मौके पर बात कर बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की रखी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर** निखिल मदान वीरवार को शहर की बहालगढ़ रोड स्तिथ कॉलोनी में पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि बीते दिनों कालोनी में एक समुदाय विशेष द्वारा एक लड़की की शादी रोकने और पीड़ित परिवार द्वारा विरोध किए जाने पर उनके साथ मारपीट किए जाने की घटना हुई थी।

पीड़ित पक्ष का आरोप था कि पुलिस प्रशासन ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते वह आज भी भयभीत हैं और अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सूचना मिलने पर मेयर निखिल मदान कॉलोनी कॉलोनी में पहुंचे और सभी कॉलोनी वासियों से मुलाकात की और शांति बनाए रखने का अनुरोध किया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन से घटना की जानकारी ली और न्याय संगत कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही कॉलोनी में चल रही आपराधिक घटनाओं और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसने के लिए मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही डीएसपी से बात की और कड़े कदम उठाने की मांग रखी।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि समाज की बहन बेटियों के साथ किसी भी कीमत पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि उन्हें मामले में न्याय मिलेगा और आगे भी उनके साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती नहीं होगी।

साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा बताया गया कि उन्हें उनके धार्मिक कार्य करने से भी यहां रोका जाता है इस पर मेयर निखिल मदान ने भरोसा दिलाया कि वह खुलकर अपने धार्मिक रीति रिवाज और पूजा पाठ करें अगर कोई समस्या सामने आती है तो वह पुलिस प्रशासन को सूचित करें। माहौल खराब करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी इसका वह लोगों को भरोसा दिलाते हैं। मामले में एक दोषी को गिरफ्तार किया गया बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

**जायजा लिया**

8 मेयर ने सभी कॉलोनी वासियों से मुलाकात की और शांति बनाए रखने का अनुरोध किया

## आफतः घरों में घुसा बरसात का पानी



**पानीपतः न्यू हाउसिंग** बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 11 में बरसात का पानी घरों में घुस गया । क्षेत्र के सीवरेज कई दिनों से बन्द पड़े है शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती । हर पानी के बिल के साथ सीवरेज चार्जेज वसूले जाते हैं पर साल में एक बार भी सीवरों की सफाई विभाग की तरफ से नहीं कराई जाती । सीवरेज व ड्रेन नंबर 1 की समय पर अच्छे से सफाई न होने के कारण नाला ओवर फ्लो हो गया और 25 तारीख की बरसात के बाद आज फिर टॉयलेट्स के रास्ते से गंदा बदबूदार पानी राम प्रसाद शर्मा, जसविंदर, अशोक अरोड़ा, कपिल शर्मा, किरण चोपड़ा, रविन्द्र सचदेवा आदि कईयों के घरों में घुस गया जिस से निवासियों के घर का बहुत सामान खराब हो गया। घंटों तक घरों में पानी खड़ा रहने से जीना दूभर हो गया । हर वर्ष की यह समस्या प्रशासन को गंभीरता से ले कर इस का कोई स्थाई समाधान करना चाहिए। बहुत से परिवार इस पानी भराव से तंग आ कर अपने मकान बेच कर दूसरी जगह मकान लेने को मजबुर हो गए है। ऐसी स्थिति में कॉलोनी में गंभीर बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

## आपातकाल के योद्धाओं की धर्मपत्नियों को ताम्रपत्र से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौलः स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के संयुक्त तत्वधान में लोकतंत्र की रक्षा हेतु योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. कैलाश चंद शर्मा की धर्म पत्नी रत्ना देवी नसीबपुर एवं विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता शारदा देवी धर्मपत्नी कांतिलाल सैनी नारनौल को आपातकाल के दौरान यातनाएं सहने पर उनके निवास स्थान पर अंग वस्त्र,धार्मिक ग्रंथ गीता और तुलसी का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके उत्तम स्वास्थ्य लाभ हेतु कामना की गई।इस अवसर पर भाजपा नारनौल के मंडल अध्यक्ष मनीष संघी ने कहा आपातकाल के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.कैलाश शर्मा और उनकी धर्मपत्नी ने लोकतंत्र बचाओ आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा नौ चौक हवेली से आंदोलन की

## विकास कार्यों को तय समय पर पूरा करवाएं अधिकारी: डॉ पवन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली (दलबीर मलिक)** हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री लाडवा से पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी वीरवार को लाडवा विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पंचायती राज के अधिकारी व पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश महामंत्री पवन सैनी अधिकारियों को निर्देश दिए तय समय में लाडवा विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि जनता को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। डॉ पवन सैनी ने कहा कि जिस अधिकारी या ठेकेदार ने अपने कार्य में लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी ने बताया कि नेशनल हाईवे से लाडवा रोड पर करीब 5 कॉलोनियों में पानी निकासी की समस्या है। पानी निकासी को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा एस्टीमेट तैयार करके विभाग को भेज दिया गया है। जल्द ही इन सभी कॉलोनी वासियों की समस्या का हल हो जाएगा और पानी निकासी की सुविधा मिलेगी। लाडवा रोड पर अटल नगर, किशनपुरा, शंकर कॉलोनी, गणेश कॉलोनी, सिरसमा कॉलोनी, डेरा पुरविया, अनाज मंडी में पानी निकासी की गंभीर समस्या है लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर विभाग द्वारा एस्टीमेट तैयार करके भेज दिया गया है। जल्द ही मुख्य नाला निकालकर पानी निकासी की सुविधा इन कॉलोनी वासियों को मिलेगी। प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी ने पंचायती राज के अधिकारियों को निर्देश दिए।



# बदमाश से 2 पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस किए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गन्नौर थाना** पुलिस ने गन्नौर खुबडू रोड पर अहीर माजरा के पास बुलेट प्रूफ जैकेट पहने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर पुलिस ने बदमाश के पास से 2 लोडेड पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पूछताछ में बदमाश ने अपनी पहचान गांव अटायल के रहने वाले अभय उर्फ बंटी के रूप में दी। प्राप्त जानकारी अनुसार गन्नौर थाना के थाना गन्नौर प्रभारी रवि कुमार के नेतृत्व में हवलदार नरेश कुमार पुलिस टीम के साथ गन्नौर-खुबडू रोड पर गांव अहीर माजरा के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक युवक बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर खुबडू से गन्नौर की तरफ आ रहा है जिसके के पास अवैध हथियार हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने अहीर माजरा मोड़ पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद टीम को अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को रूकवा कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपनी पहचान गांव के रहने वाले अटायल अभय उर्फ बंटी के रूप में दी। पुलिस ने अभय उर्फ बंटी की तलाशी ली तो वह कमीज के अंदर काले रंग की एक बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए मिला। वहीं उसकी जींस की एक जेब से 315 बोर का एक लोडेड देसी पिस्तौल मिली जिसमें एक जिंदा कारतूस लोड था। जबकि दूसरी जेब से भी एक विदेशी पिस्तौल मिली जिसकी मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस मिले। पुलिस को अभय की जेब से एक प्लास्टिक की डिब्बी भी मिली। इस डिब्बी में पिस्तौल के 34 जिंदा कारतूस थे। जिसके बाद पुलिस ने हथियारों, कारतूस व बुलेट प्रूफ जैकेट को कब्जे में लेकर आरोपित अभय को मौके से गिरफ्तार कर लिया और मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया।



**तीन दिन के पुलिस रिमांड पर होगी पूछताछः थाना** गन्नौर पुलिस ने आरोपित अभय उर्फ बंटी के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। पुलिस ने आरोपित को अभय को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। इस दौरान आरोपित अभय उर्फ बंटी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

**आरोपित के खिलाफ तीन मुकदमें दर्जः** गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि आरोपित अभय उर्फ बंटी के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित अभय उर्फ बंटी पर नरेला में प्रोपर्टी डिलर पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में थाना नरेला में मुकदमा दर्ज है। वहीं बीते दिनों अभय ने गांव अटायल में ही खेड़ी गुढ़जर गांव के विपुल पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। जिसमें वह बाल-बाल बच गया था।

# चातुर्मास के लिए गुप्ति सागर महाराज का गन्नौर गुप्तिधाम में हुआ आगमन

8 सभी बिरादरी के लोगों ने बड़ी संख्या में राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**राष्ट्र संत** शाकाहार प्रवर्तक 108 गुप्ति सागर महाराज का चातुर्मास इस बार गन्नौर स्थित गुप्ति धाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुप्ति सागर महाराज बृहस्पतिवार को चातुर्मास के लिए गुप्तिसागर धाम में पहुंचे। जैन समाज के अलावा सभी धर्मों व सभी बिरादरी के लोगों ने बड़ी संख्या में राष्ट्र संत गुप्ति सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज नवंबर माह तक गन्नौर में चातुर्मास पर रहेंगे। चातुर्मास के दौरान उनके साथ ब्रह्मचारिणी रंजना दीदी भी उपस्थित रहेंगी। इस दौरान गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ उपहार है। यह भी एक शाश्वत सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।



## संपादकीय

# राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान कानून जरूरी

**समान** नागरिक संहिता अपरिहार्य है। यह राष्ट्र राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे आवश्यक बताया है। मोदी ने समान नागरिक संहिता को राष्ट्र की जरूरत बताते हुए कहा कि, इसके नाम पर कुछ दल मुस्लिमों को भड़का रहे हैं। उन्होंने इसके विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि, एक घर एक परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए अलग अलग कानून हों तो वह परिवार कैसे चल पाएगा? उन्होंने याद दिलाया कि'सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की थी। लेकिन वोटबैंक राजनीति करने वाले इसका विरोध कर रहे हैं।' आखिरकार विश्वास आधारित सांप्रदायिक समूहों के लिए अलग अलग कानून कैसे हो सकते हैं। संविधान निमार्ताओं ने प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का कर्तव्य (अनुच्छेद 44) राष्ट्र राज्य को सौंपा है। समान सिविल संहिता राष्ट्रीय एकता के लिए भी अनिवार्य है। राष्ट्र राज्य का यह कर्तव्य संविधान का भाग है और महत्वपूर्ण नीति निदेशक तत्व है। अनुच्छेद 37 में कहा गया है कि, 'नीति निदेशक तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं। विधि निर्माण में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।' यह कर्तव्य महत्वपूर्ण है। इसे प्रवर्तित करना राष्ट्र राज्य का कर्तव्य है। विधि आयोग ने हाल ही में समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे हैं। लगभग साढ़े आठ लाख सुझाव आए हैं। विधि आयोग का यह कार्य प्रशंसनीय है। लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्रुवीकरण एजेंडा बताया है। कांग्रेस की अपनी स्थाई नीति तुष्टिकरण है। ध्रुवीकरण का आरोप इसी का विस्तार है। संवैधानिक कर्तव्य को ध्रुवीकरण बताना संविधान विरोधी है। कांग्रेस दीर्घ काल तक सत्तारूढ़ रही है। उसने कर्तव्य पालन नहीं किया। उसे बताना चाहिए कि उसने समान सिविल संहिता लागू करने के संवैधानिक कर्तव्य पालन की दिशा में क्या कदम उठाए? संहिता लागू करने में कठिनाई क्या थी? समान नागरिक संहिता बहुत पहले से ही राष्ट्र की वरीयता रही है। सांप्रदायिक निजी कानून महिला अधिकारों और सशक्तिकरण में बाधा है। एक समान संहिता संविधान सभा का केन्द्रीय विचार था। संविधान के इस प्रावधान पर सभा (23 नवंबर 1948) में तीखी बहस हुई थी। समान नागरिक संहिता के सभी पहलुओं पर विचार हुआ था। मोहम्मद इस्माइल ने कहा था कि, ह्यदेश में समन्वय के लिए यह अपेक्षित नहीं है कि लोगों को उनके निजी कानून छोड़ने के लिए बाध्य किया जाए।' महमूद अली बेग ने कहा था कि, ह्यहिन्दुओं में विवाह एक संस्कार होता है। यूरोप में यह स्थिति भिन्न है। मुसलमानों में कुरान के अनुसार संविदा जरूरी है। ऐसा नहीं किया जाता तो विवाह वैध नहीं होगा। मुसलमान 1350 वर्षों से इस कानून पर चलते रहे हैं। यदि विवाह की कोई अन्य प्रणाली बनाई जाए तो हम उसे मानने से इनकार कर देंगे।' नजीरुद्दीन अहमद ने कहा कि, प्रत्येक धार्मिक समुदाय के विशेष धार्मिक कानून व विशेष व्यवहार विषयक कानून भी होते हैं। धार्मिक विश्वासों व आचरण से उनका संबंध होता है। एक विधि बनाते समय इन धार्मिक कानूनों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। संप्रदाय विशेष के धार्मिक कानूनों को उस संप्रदाय की सहमति के बिना नहीं बदला जा सकता।'

# दिल भी मिले तो बने बात

रमेश सर्राफ धमोरा

"हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा"

**बिहार** के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के प्रयासों से पटना में 15 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। बैठक में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की बात कही। बैठक में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है। जबकि जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, शिवसेना(उद्धव), झारखंड मुक्ति मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रुमक, भाकपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, भाकपा (माले), अपने-अपने प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों के रूप में मान्यता प्राप्त है। पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार चल रही है। पिछले 9 सालों में पहली बार 15 राजनीतिक दल एक साथ एक मंच पर बैठकर चर्चा की है। जो देश की राजनीति के लिए आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण घटना साबित होगी। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सांसद हैं। जो कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत होता है। वही राज्यसभा में इन दलों के पास 94 सांसद है जो 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 विधानसभा सीटें इन 15 दलों के पास है जो कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत होता है। विपक्षी दलों की पटना बैठक में शामिल हुए दलों में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार चल रही है। कांग्रेस के पास लोकसभा में 49 राज्यसभा में 29 व विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं में 725 सदस्य है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कुल 11 करोड़ 94 लाख 95 हजार 214 वोट मिले थे। विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट किया जाये। राजद नेता लालू यादव व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन राहुल गांधी के पक्ष में खड़े हैं। वही ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल सामूहिक नेतृत्व की बात कर रहे हैं। पटना मीटिंग में शामिल हुए नेताओं के हाथ तो जरूर मिले मगर अभी तक दिल नहीं मिल पाये हैं। मीटिंग में अरविंद केजरीवाल ने केंद्र



सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ लाये गये अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस को उनका समर्थन करने की बात कही। जिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व अरविंद केजरीवाल में बहस भी हुई। मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम ऐसा कोई वादा नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जाएगा। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में माकपा व भाकपा भी तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ सक्रिय है। पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था। उसके बावजूद उनका खाता भी नहीं खुल सका था। इससे तीन दलों के नेताओं को ममता बनर्जी से खासी नाराजगी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों की सरकार को हटाकर सत्ता में आई थी। कभी वामपंथ का गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में आज वामपंथी दलों का एक भी विधायक या सांसद नहीं है। इसके लिए वामपंथी दलों के नेता ममता बनर्जी को जिम्मेदार मानते हैं। इसीलिए उनके खिलाफ लगातार हमलावर रहते हैं। जम्मू कश्मीर में कभी नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एक दूसरे की जानी दुश्मन होती थी। मगर दोनों ही दल अब सत्ता से बाहर है। इसलिए आपस में हाथ मिला रहे हैं। पीडीपी के पास तो एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में पीडीपी का एक भी सांसद नहीं जीता था। जम्मू-कश्मीर में अभी विधानसभा चुनाव होने हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने घोषणा कर रखी है कि जब तक जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा वह चुनाव नहीं लड़ेगी। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी एकजुट होकर काम कर रही है। बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, माकपा व भाकपा की मिली जुली सरकार चल रही है। बिहार सरकार में शामिल हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी ने पटना बैठक से एक दिन पूर्व बिहार सरकार से अलग होकर अपनी पार्टी का समर्थन वापस ले लिया। यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए एक झटके से कम नहीं था। वह एक तरफ तो विपक्षी दलों को एक करने में लगे हैं। वहीं उनकी सरकार में शामिल पार्टी उनको छोड़कर भाजपा नीत एनडीए में शामिल हो जाती है। इससे नीतीश कुमार की मुहिम कमजोर पड़ती है। पटना बैठक में बहुजन समाज पार्टी, बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति, अन्ना द्रुमक, तुलुगु देशम पार्टी, अकाली दल, जनता दल सेक्यूलर, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन, आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, मुस्लिम लीग सहित बहुत से ऐसे छोटे राजनीतिक दल जो कांग्रेस व भाजपा से समान दूरी रखकर चल रहे हैं। उनके नेता भी बैठक में शामिल नहीं हुये। इससे लगता है कि नीतीश कुमार की मुहिम अभी अधूरी है। जब तक भाजपा विरोधी छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दल एक साझा मंच पर एकत्रित नहीं होंगे तब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरा पाना संभव नहीं होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अगले लोकसभा चुनाव में कई प्रदेशों में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने भी अकेले ही चुनाव लड़ने की बात कही है। ओडिशा में बीजू जनता दल, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का आज भी पूरा प्रभाव नजर आ रहा है। ऐसे में 15 दलों का यह गठबंधन कैसे मुकाबला कर पाएगा। चुनाव में भाजपा के साथ इनको अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों का भी मुकाबला करने पड़ेगा। जिससे विपक्ष की एकता कमजोर होगी। पटना की मीटिंग में जिस तरह से नेताओं ने हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचवाई है। यदि उसी तरह से उनके दिल भी मिल जाये तभी विपक्षी एकता सार्थक होगी। वरना तो भाजपा को हरा पाना मुश्किल ही होगा। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने करीबन 23 करोड़ वोट लेकर 303 सीटे जीती थी। वहीं इन 15 दलों ने भी उतने ही वोट लेकर 142 सीट ही जीत पाये थे। बराबर वोट लेकर भी आधी से भी कम सीटे जीतने का मुख्य कारण था विपक्षी वोटो का आपस में ही लड़कर बिखर जाना। इसी लिये विपक्षी वोटो का संगठित होना बहुत जरूरी है। विपक्षी दलों की एकता कितनी सिरे चढ़ पाती है। इस बात का पता तो चुनावों में ही चल पायेगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### तुमसे ना हो सका …

ए जिन्दगी किसी इक को तो
अपने दिल में बसा लेते,
किन्तु खुद्दारी के झांसे में आकर,
किसी एक को लोगों की भीड में
अपना तक बना नहीं सकी ये जिंदगी !
समझाया खुद को बहुत कि
हार में अश्क ना बहाएं खुद के,
लेकिन हर हताशा पर
आंखों से आँसू रुक पाए हों,
ये तक तुमसे हो ना सका ए जिंदगी!
विश्वास गर दिल में घुलता है तो,
एहसास प्रेम का बनता है किन्तु
विश्वास किसी के दिल मे जगा रहे,
ये तुमसे हो सका नहीं ए जिंदगी!
हालात से भयभीत होकर नहीं,
अपितु दुनियादारी में मुश्किलों से
सीखने की होती है जरूरत,
किन्तु मुश्किलों से कुछ सीख पाते
ये तक तुमसे हुआ नहीं ए जिंदगी!
मतलब के रिश्ते हैं सब यहाँ,
उम्मीदे किसी से की नहीं जाती
आज के खुदगरज दौर में,
किन्तु मतलब के रिश्ते तक भी
निभा नहीं पाई ताउम्र ये जिंदगी !

मुनीष भाटिया

# चैटातुर चित्रगुप्त की चैटिंग कथा

रामविलास जांगिड़

**यमराज** ने साथ लाई आत्मा को स्वर्ग के केन्द्रीय कार्यालय में जमा कराया। अपने टीए-डीए का बिल चित्रगुप्त को व्हाट्सएप किया। इसी समय चित्रगुप्त ने यमराज से व्हाट्सएप किया- 'हे आत्मा हरणी यमश्रेष्ठा! इधर चारों और वन महोत्सव बिखरा बड़ा है। धरा और अधरा पर हर दिशा में पौधे लगाने का बड़ा नाटक खेला जा रहा है। इस अवसर पर स्वर्ग में पौधारोपण कार्यक्रम किया जाना है। इसके लिए देवराज इंद्र ने आपको नोडल अधिकारी बनाया है। इसलिए हे महाराज! आप तुरंत ही समीप के आत्मा रजिस्ट्रेशन कार्यालय के पास एक नीम का पेड़ लगाकर कार्यक्रम की रस्म अदायगी कराएं। जमीन पर लगाए जाने वाले इस पेड़ की फोटो भेजने की रस्म भी आवश्यक रूप से करनी है। इसी फोटो को केंद्रीय कार्यालय के पोर्टल पर अपलोड भी करना है। ताकि इसके कर्मकांड के नंबर दिए जा सकें और पौधे लगाने का हमारा यह कार्यक्रम यूनिवर्स कंपटीशन का एक हिस्सा बन सके।' निवेदन सुनकर यमराज ने अपने भैंसे को नो पार्किंग के बोर्ड के खंबे से बांधा। मन ही मन बड़बनाने लगे- 'इस धरती और आसमान में कागजों पर जाने कितने पेड़ लग गए। डिजिटली दुनिया में करोड़ों-करोड़ पेड़ लग गए। कागजों पर पेड़ लगाने का कौशल हमने आर्यव्रत भारतखंडे से सीखा था। इधर सावन के महीने में पवन शोर करता है और उधर प्रशासन कागजों में पौधे लगाने पर जोर करता है। कागजों में पौधे, कागजों में पेड़ और कागजों के ही जंगल! इंस्टॉग्राम, व्हाट्सअप और फेसबुक पर लगे पौधों की हरियाली को देखकर तो लगता है कि धरती पर सभी लोग बहुत मजे में होंगे! धरती के सभी जीव स्वर्ग का सा आनन्द ले रहे होंगे!' सोचते-सोचते, इस कागजी कार्यवाही से बचने के लिए यमराज ने सुषेण वैद्य से शीतोष्ण ज्वर रोग से ग्रसित होने का प्रमाण पत्र लेने संबंधी बहाने को चैट किया। तब चित्रगुप्त चैटातुर होकर चैटाने लगे- 'महाराज! कल मैंने आपको शीतोष्ण ज्वर के लिए आयुर्वेद का एक बेहतरीन नुस्खा व्हाट्सअप किया था। वो नुस्खा आपको कैसा लगा? यमराज ने कहा-'तुमने भेजा तो यह जरूर अच्छा होगा। लेकिन यही मैसेज सर्वप्रथम मैंने ही यमराजों व देवताओं के ग्रुप मे फॉरवर्ड कर दिया था। इसके काफी सारे लाइक्स भी आये थे। अब वही मैसेज तुम मुझे वापस भेज रहे हो! मेरा मैसेज मुझे ही म्याऊं-म्याऊं! अब क्या हाल सुनाऊं?' तब चित्रगुप्त ने अपने कान से ईयर फोन हटाकर चैटिंग गति तेज की- 'वो तो ठीक है महाराज! मैसेजों की यही गति होती है। पर क्या आपने वो नुस्खा आजमाया क्या?' तब यमराज ने डबल ग्रीन राइट देखते ही मैसेज फेंका- 'नहीं! मैं मैसेज वाले उपाय को नहीं आजमा पाया। आजमाता कब? पूरा समय उस उपाय को देव, दानव, नर, किन्नर, यक्ष, भूत, प्रेत, डाकिन, शाकिन आदि को फॉर्वर्ड करने मे व्यस्त रहा! साथ ही इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक आदि डिजिटल जमीन पर पौधे लगाने की फोटो भी अपलोड करता रहा।' तब चित्रगुप्त ने चैट किया- 'सच है महाराज! चैट जीपीटी आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस पर डिजिटली पौधे लगाने जैसे सारे कर्म भी इसी पर मौजूद है।'

## विचार

# देवों के देव शिव को समर्पित कांवड़ यात्रा

डा0 घनश्याम बादल

**एक** बार फिर कांवड़ यात्रा का मौसम लौट आया है । पूरा उत्तरी भारत बम-बम भोले के उद्घोषों से गुंजायमान हो रहा है । सड़कों पर कांवड़ियों का हुजूम व आस्था का ज्वार पूरे उफान पर है । हर तरफ भगवा ही भगवा नजर आ रहा है। आस्था के ज्वार में भक्त तो डूबे ही हैं दूसरे लोग भी कांवड़ यात्रा से आह्लादित हो रहे हैं । आइए चिंतन करते हैं हरिद्वार की तरफ जाते और वहां से वापस अपने गंतव्यों की तरफ लौट पुण्य कमाते कांवडियों , कांवड़ और धर्म, आस्था, तर्क और पुण्य के शिव एवं कांवड़यात्रा के बहुत से अन्य आयामों पर भी।

**कांवड़ यात्रा मिथ**

मिथकों के अनुसार श्रावण कृष्ण प्रतिपदा से शिवभक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दूर - दूर से जलाभिषेक करने व जल लाने के लिये लोग कांवड़ लेकर आते हैं। देश के कोने कोने से, विभिन्न, वाहनों, गणवेश व मानेकामनाओं के साथ कांवडिएं सारी सड़कों पर कब्जा कर लेते हैं, पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है । हर तरफ ह्यहर हर बम बम, जय शिव भोलेह्णह्ण के उद्घोष सुनाई देते हैं । कंधे पर कांवड़ टांगे बच्चे, बूढ़े, जवान, स्त्री, पुरुष पैदल या वाहनों पर जल लाने और इच्छित मंदिरों शिवालयों में चढ़ाते हैं हर साल सावन में

**।बुराई नाशक शिव :** मान्यता है कि शिव वह तत्व है जो बुराई के नाश के लिए अंतिम विकल्प हैं और कांवड़ यात्रा भी तन ,मन में रमें विकारों के विनाश के लिये की जाती । शिव भक्तों का मानना है कि जब तन और मन दोनों ही पूर्णतया शुद्ध हो जाते हैं तब भोलेनाथ आसानी से रीझते हैं शायद कांवड लाने के बहाने से ही तन के साथ साथ मन की अशुद्धियां भी नष्ट करने के लिये भोले के भक्त इतना कष्ट उठाते हैं ।

**जग कल्याण के शिव**

कांवड परम्परा के बारे में माना जाता है कि भगवान शिव को रिझाने के लिये भागीरथ ने कठोर तपस्या की और शिव के आश्वासन देने के बाद गंगा पृथ्वी पर आने को राजी हुई और शिव ने भी अपना वचन निबाहा तथा भागीरथ के पुरखों का उद्धार हुआ। शिव अकेले ऐसे देवता हैं जो जगत्कल्याण के लिये हर कष्ट सह लेते हैं । समुद्र मंथन के समय भी शिव ने ही सारा जहर स्वयं पी कर देवता व राक्षसों का विवाद तो शांत किया ही सृष्टि को भी हलाहल के प्रभाव से बचाया था । शिव ने जहर से औरों तो बचा लिया पर विष के प्रभाव से वे स्वयं बेहोश हो गए तब देवताओं ने उपलब्ध संसाधनों से शिव का उपचार किया , कहा जाता है कि देवताओं ने उन पर पर्याप्त मात्रा में जल, दूध, शहद आदि शीतल पदार्थ डाले और उससे शिव स्वस्थ हो गये तभी से शिव को प्रसन्न करने व उनकी पूजा के लिये गंगाजल आदि से अभिषेक करने प्रचलन हुआ।

**भोले शिव:** शैव मानते हैं कि शिव बिना उपासक की भावना जाने भी बड़ी ही आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं तभी तो वें रावण और भस्मासुर जैसों को भी अमर होने क वरदान दे देते हैं मगर जब भक्तों की कातर पुकार शिव तक पंहुचती हैं तो फिर वें विनाशकारी तत्वों का संहार भी करने में नहीं हिचकिचाते हैं । वस्तुतः शिव विनाश के नहीं वरन्‍ पुनर्निर्माण के देव कहे जाने चाहिएं जो कि प्रकृति व सृष्टि में घातक तत्वों की अति हो जाने पर उसे पहले नष्ट कर उसके पुनर्निर्माण का आधार रखते हैं ।

**आत्म शुद्धि यज्ञ**

शिव कल्याण के प्रतीक हैं वें अपने भक्तों की झोलियां भरने में देर नहीं लगाते । स्वयं अर्द्धनग्न रह दुनिया को अपने रक्षा कवच से ढकते हैं। वें पूरी तरह काम मुक्त, वीतरागी बन सृष्टि को हरा भरा रखते हैं, वें देव दानव , मानव, किन्नर सबका हित करते हैं । श्रावण में शिव की पूजा के पीछे एक धारणा यह है कि श्रावण मास में कांवड़ के बहाने से शिवकी उपासना होती है और वें खुश होकर सारी मनोकामनायें पूर्ण करते हैं । एक तरह से कांवड़ यात्रा पर कल्याण व आत्मशुद्धि के लिए किये जाने वाले यज्ञ के बराबर है ।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# टमाटर के नखरे हाय-तौबा "

**मेरी** इतनी भी क्या फिक्र बस सौ, एक सौ पचास पर इतना जिक्र काहे हो रहा है। टमाटर हूँ बस जरा सा भाव क्या बढ़ गया मेरा, सोशल मीडिया में हाहाकार मच गया। बस यही डर दिखना चाहिए सब के मन में मुझे लेकर ताकि लोग मेरा भी सम्मान करे हर मौसम। इतिहास के पन्ने पर फेमस होने की आशा लिया बैठा हुआ टमाटर हवा में उड़ रहा है उछल रहा है। कोई लाली लिपस्टिक का नाम दे रहा है तो कोई टमाटर म्यूजियम में रख रहा है।
देसी के साथ जब से विदेशी टमाटर आया है,देसी कुछ ज?यादा ही भाव खा रहा है। विदेशी के भाव तीसरी मंजिल पर तो,देसी के भाव आसमान पर। देसी खाकर कोई लाल हो रहा है,तो कोई उसके भाव सुनकर लाल हुआ जा रहा है। जो खरीद रहा है वो लाल है,जो नहीं खा पा रहा है,वह मारे शर्म के लाल है। किसी के टमाटर खा के गाल लाल हो रहे हैं,और कुछ की टमाटर खरीद कर जेब का हाल बेहाल है। जो टमाटर नहीं खरीद पा रहा है,वह बैंगन की तरह काला या फिर कद्दू की तरह मुंह बनाकर सब?जी मंडी से निकल रहा है। गलियों में टमाटर के ठेले नजर नहीं आ रहे हैं। ठेले में टमाटर दुबका पड़ा है,कहीं कोई गरीब देख न ले, इसलिए टमाटर हर जगह से नदारद है हर कोई ढूंढ रहा किस ठेले पर टमाटर सस्ता बिक रहा है,आयकर वाले भिखारी के भेष में मंडी में घूम रहे हैं। टमाटर जिसने खरीदा,बस चल भाई अंदर। कई टमाटर शरीफ की तरह मंडी से गायब,तो कोई गरीबों से बच रहा है तो कोई नाली में सड़ रहा है। बस केवल अमीर ही टमाटरों के पीछे भाग रहे है।
अब अगर आप किसी के घर जाएं और खाने की मेज पर टमाटरों का सलाद दिखाई तो समझ लिजिए की आदमी खानदानी रईस है। यानी की टमाटर खरीदने की क्षमता से किसी की औकात का पता चल जाता है।
टमाटर फेसबुक पर सबसे ज?यादा पसंद किया जा रहा है। हजारों की संख?या में उसे साझा कर रहे हैं, वाटसएप पर नए-नए तरीके से टमाटर की तुलना महिलाओं के हाव भाव से की जा रही है। टमाटर पर चुटकुले बनाए जा रहे हैं। हीर-रांझा की जोड़ी से भी ज्यादा लोकप्रिय हो गया टमाटर।
सब्जियां भी बेहाल पड़ी हुई है कोने में टमाटर के नखरे देख कर। अब तो टिंडा, लौकी, तुरही बनाकर काम चलाओ। भाई इस समय टमाटर किसी मुख्यमंत्री से कम नजर नहीं आ रहा है।

# चारपाई महिमा

डॉ. सुरेश

**भातीय** घों में चारपाई को ड्राइंगरूम, सोने का कमरा, गुसुलखाना, कि ला, खानकाह, खेमा, दवाखाना, संदूक, किताब-घर, शिफाखाना, सबकी हैसियत कभी-कभी बेवक्त वर्ना वक़्त पर पता चलती है। कोई मेहमान आया। चारपाई निकाली गई। उसपर एक नई दरी बिछा दी गई जिसके तह के निशान ऐसे मा'लूम होंगे जैसे किसी छोटी सी आराजी को मेंडों और नालियों से बहुत से मालिकों में बांट दिया गया है और मेहमान साहब अचकन, टोपी, बैग बुगची के बैठ गए और थोड़ी देर के लिए ये मा'लूम करना दुशवार हो गया कि मेहमान बेवकूफ है या मेजबान बदनसीब! चारपाई ही पर उनका मुंह हाथ धुलवाया और खाना खिलाया जाएगा और उसी चारपाई पर ये सो रहेंगे। सो जाने के बाद उनपर से मच्छर मक्खी इस तरह उड़ाई जाएगी जैसे कोई फेरी वाला अपने ख़्वांचा पर से झाड़ूनुमा मोरछल से मक्खियाँ उड़ा रहा हो। चारपाई पर सूखने के लिए अनाज फैलाया जाएगा। जिसपर तमाम दिन चिड़ियाँ हमले करती, दाने चुगती और गालियां सुनती रहेंगी। कोई तकरीब हुई तो बड़े पैमाने पर चारपाई पर आलू छीले जाएंगे। मुलाजिमत में पेंशन के करीब होते हैं तो जो कुछ रुख़्सत-ए-जमा हुई रहती है उसको लेकर मुलाजिमत से सुबूकदोश हो जाते हैं। इस तरह चारपाई पेंशन के करीब पहुंची है तो उसको किसी काल कोठरी में दाखिल कर देते हैं और उसपर साल भर का प्याज का जखीरा जमा कर दिया जाता था। एक दफा देहात के एक मेजबान ने प्याज हटाकर उस खाकसार को ऐसी ही एक पेंशन याफ़्ता चारपाई पर उसी काल कोठरी में बिछा दिया था और प्याज को चारपाई के नीचे इकट्ठा कर दिया गया था। उस रात को मुझपर आसमान के उतने ही तबक रौशन हो गए थे जितनी सारी प्याजों में छिलके थे और यकीनन चौदह से ज्यादा थे। फिराक और विसाल, बीमारी-व-तंदुरुस्ती, तस्नीफ-व-तालीफ, सिर्का और शायरी सबसे चारपाई ही पर निपटते हैं। बच्चे बूढ़े और मरीज उसको बतौर पाखाना-ए-गुसुलखाना काम में लाते हैं। कभी अदवान कुशादा करदी गई। कभी बुना हुआ हिस्सा काट दिया गया और काम बन गया। पुख़्ता फर्श पर घसीटिए तो मा'लूम हो कोई मिल्ट्री टैंक मुहिम पर जा रहा है या बिजली का तड़ाका हो रहा है।



# हल्दी 'स्वास्थ्य में सोना' बरसाए

- हल्दी का मुख्य घटक 'करक्यूमिन' न केवल कैंसर की कोशिकाओं को मारने और उनकी वृद्धि रोकने में सक्षम है
- करक्यूमिन हमारे शरीर में पहुंच कर धमनियों के भीतर 'प्लाक' नहीं जमने देता है जिससे खून में क्लॉट नहीं बन पाता है
- करक्यूमिन ने 24 घंटों के भीतर कैंसर की कोशिकाओं को मारना शुरू कर दिया

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा में चमत्कारी औषधि के ''खिताब' से नवाजी गई हल्दी वैज्ञानिकों की भी पसंद बन गई है और उन्होंने अपने शोध में कैंसर, दिल की बीमारी, डिमेंशिया, गठिया एवं सोरायसिस समेत कई बीमारियों की रोकथाम में भारतीय मसालों की इस ''सरताज' को कारगर पाया है।

**कैंसर व दिल की बीमारी में भी कारगर :** राष्ट्रपति के निजी चिकित्सक पद्मश्री प्रोफसर (डॉ.) मोहसिन वली ने बृस्पतिवार को कहा कि हल्दी का लोहा अब वैज्ञानिक भी मान रहे हैं। रंग में ही नहीं गुणों में भी ''सोना' हल्दी को सर्दी-जुकाम से लेकर कैंसर और दिल से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में सक्षम पाया गया है।

**हल्दी ''प्लाक' नहीं जमने देती :** हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. मोहसिन वली ने कहा वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हल्दी का मुख्य घटक ''करक्यूमिन' न केवल कैंसर की कोशिकाओं को मारने और उनकी वृद्धि रोकने में सक्षम है बल्कि वह हमारे दिल का सबसे अच्छा दोस्त भी है। करक्यूमिन हमारे शरीर में पहुंच कर धमनियों के भीतर ''प्लाक' नहीं जमने देता है जिससे खून में क्लॉट नहीं बन पाता है। क्लॉट बनने से हृद्याघात का गंभीर खतरा हो जाता है। इसके अलावा प्लाक नसों को संकरा बना देता है जिससे खून का प्रवाह बाधित होने लगाता है।

**खराब कोलेस्ट्रॉल कम करे:** हल्दी का उचित मात्रा में सेवन करने से हल्दी का यह पीला घटक खराब कोलेस्ट्रॉल को 56 फीसदी तक घटाकर कोलेस्ट्रॉल ऑक्सिडेशन को कम करता है। यह हमारे खून के सीरम ट्राइग्लिसराइड्स स्तर को भी 27 फीसद तक कम करता है। कुल मिलकर यह टोटल कोलेस्ट्रॉल को भी 33.8 फीसद कम करके दिल को मजबूती से धड़कने में अहम भूमिका निभाता है। इसमें एंटी-इन्फ्लैमटोरी और एंटी-ऑक्सिडेंट गुण भी हैं।

**कैंसर और करक्यूमिन का 36 का आंकड़ा है :** करक्यूमिन तेजी से बढ़ते कैंसर की कोशिकाओं पर लगाम लगाता है। हल्दी परविदेशों में भी लगातार शोध हो रहे हैं। ब्रिटेन के ''कॉर्क कैंसर रिसर्च सेंटर' में किए गए परीक्षण में करक्यूमिन का प्रयोग में गले की कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने में बेहद कारगर पाया गया। डॉ. शैरन मैक्केना और उनकी टीम के अनुसार करक्यूमिन ने 24 घंटों के भीतर कैंसर की कोशिकाओं को मारना शुरू कर दिया।

**सोरायसिस में कारगर :** अमेरिका और ईरान में भी हल्दी पर नए शोध हुए हैं जिसमें करक्यूमिन को सोरायसिस की बीमारी में कारगर पाया गया है। इस संबंध में ''अमेरिकन एकेडमी ऑफ डरमाटोलोजी' और ईरान की फार्मास्यूटीकल रिसर्च पत्रिका में शोध पत्र प्रकाशित हुआ है।

**प्रतिदिन हल्दी खाएं :** खाने में पांच ग्राम हल्दी रोज आवश्यक है। दूध में उबालकर लेने से इसका बेहतर नतीजा मिलता है। कच्ची हल्दी का रस त्वचा पर लगाने और उसका सेवन करने से सोरायसिस की बीमारी में भी बहुत लाभ मिलता है। यह ऊर्जा देने के साथ खून को साफ रखती है।

**गठिया में कारगर :** हर बीमारी की शुरुआत इन्फ्लैमेशन से ही होती है और कई तरह के ''धारधार हथियारों से लैस' हल्दी ऐसे दुश्मनों को तो पहले ही पटकनी दे देती है। यह हमारे शरीर से फ्री रेडिकल्स को निकाल बाहर करती है। फ्री रैडिकल्स शरीर के जोड़ों पर सूजन पैदा करते हैं जिससे हमें असहनीय दर्द होता है और कालांतर में जोड़ों को बेहद नुकसान भी पहुंचता है। यह गठिया की बीमारी में भी कारगर है।

**दो एंटी कैंसर मॉलिक्यूल ढूढ़ें :** भोपाल में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति पीयूष द्विवेदी बताया कि हमने अपने पिछले शोध में हल्दी से दो एंटी कैंसर मॉलिक्यूल ढूढ़ें हैं जो बिना किसी दुष्प्रभाव के कैंसर की कोशिकाओं को तेजी से मारने में सक्षम होगें। सीटीआर-17 और सीटीआर-20 मॉलिक्यूल विभिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार में कारगर साबित हो सकते हैं। हल्दी एंटीसेप्टिक और हीलिंग प्रोपट्रीज पर 12 से अधिक सालों के शोध के बाद इन दो मॉलिक्यूल की खोज हो पाई है। शोध एडवांस स्टेज में है और पूरा होने पर कैंसर के खिलाफ बेहद कारगर हथियार साबित हो सकता है।

# अवसाद पीड़ित अधिकतर लोगों का नहीं हो पाता है बेहतर इलाज

### विकसित देशों में भी अवसाद से ग्रस्त 20 फीसद लोगों का ही इलाज बेहतर तरीके से हो पाता है, गरीब देशों में तो यह स्थिति काफी भयावह है

### गरीब देशों में अवसाद से ग्रस्त 27 लोगों में से केवल एक को ही बेहतर उपचार मिल पाता है

**लंदन।** दुनिया भर में अवसाद से ग्रस्त लगभग लगभग 35 करोड़ लोगों को न्यूनतम उपचार भी प्राप्त नहीं हो पाता है। ''विश्व स्वास्थ्य संगठन' द्वारा 21 देशों के 50,000 लोगों पर करवाए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं वाले विकसित देशों में भी अवसाद से ग्रस्त 20 फीसद लोगों का ही इलाज बेहतर तरीके से हो पाता है। गरीब देशों में तो यह स्थिति काफी भयावह है। अध्ययन के अनुसार गरीब देशों में अवसाद से ग्रस्त 27 लोगों में से केवल एक को ही बेहतर उपचार मिल पाता है। शोध की अगुवाई कर रहे ''किंग्स कॉलेज',लंदन के प्रोफेसर ग्राहम थोरनीक्रोफ्ट ने बताया, अवसाद से ग्रस्त अधिकतर लोगों का इलाज बहुत कम हो पाता है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से आह्वान किया कि मानसिक स्वास्थ्य सेवा में बढ़ोतरी के लिए संसाधन और उपाय बढ़ाने चाहिए ताकि अवसाद से ग्रस्त सभी लोगों का बेहतर इलाज हो सके। ''विश्व स्वास्थ्य संगठन' के अनुसार दुनिया भर में सभी उम्र के लगभग 35 करोड़ लोग अवसाद से ग्रस्त हैं जिससे दुनिया भर में कार्य हीनता की स्थिति बढ़ रही है। अध्ययन में सामने आया है कि हालांकि इस बात को लेकर लोगों में जागरुकता बढ़ रही है कि अवसाद का इलाज हो सकता है और मनोवैज्ञानिक उपचारों और ध्यान लगाकर इसका उपचार किया जा सकता है। यह शोध बृहस्पतिवार को ''ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकिएट्री' में प्रकाशित हुआ है।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## लॉफिंग ज़ोन

राकेश (सुनील से)- यार, तुम्हारी बीवी को जब गुस्सा आता था तो वह काटना शुरूकर देती थी. अब काटती है या नहीं?

सुनील (राकेश)- नहीं.

राकेश (सुनील)- क्यों क्या उसे अब गुस्सा नहीं आता?

सुनील (राकेश)- ऐसी बात नहीं है. गुस्सा तो आता है, पर अब दांत नहीं रहे.

☺ ☺ ☺

भाषणकर्ता - धीरज रखाना बहुत बड़ा गुण है. इससे बडे-बडे काम हो सकते हैं.....

एक श्रोता - इससे छलनी में पानी नहीं भरा जा सकता.

भाषणकर्ता - क्यों नही भरा जा सकता? सिर्फ पानी के जम जाने तक हमें धीरज रखाना होगा.

☺ ☺ ☺

एक नाई बहुत तेज धार वाले उस्तरे से शेव कर रहा था. उसने ग्राहक से पूछा- आप कितने भाई है?


ग्राहक - तुम्हारे उस्तरे से बच गये तो चार होंगे, वरना तीन ही समझो!

☺ ☺ ☺

मालिक (नए चपरासी से)- तुम्हें मैनेजर ने काम समझा दिया है न?


चपरासी (मालिक से)- जी हां, उन्होंने समझा दिया है कि जब आप दफ्तर में आएं तब मैं उन्हें जगा दिया करुं.

## काकुरो पहेली - 736



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता।


उदाहरणत:



### काकुरो - 735 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 736



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 735



## सूडोकु -736


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -735 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 736




**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली - 735 का हल



## न्यूज फ्लैश

### देसी पिस्टल के साथ युवक पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोसीकलां पुलिस ने युवक को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक गोविन्दा पुत्र विजय निवासी बरहाना थाना कोसीकलां को एक देसी पिस्टल .32 बोर और दो जिन्दा कारतूस .32 बोर बरामद किये हैं। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में थाना कोसीकलां पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। युवक को चेकिंग के दौरान कोटवन इंडस्ट्रियल एरिया बिजली घर जाने वाला तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को एक मोटर साइकिल तथा एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजीव कुमार दुबे के मुताबिक लक्ष्मण पुत्र तेजपाल उर्फ बिन्दो निवासी रनवारी थाना छाता तथा तेजपाल उर्फ बिन्दो पुत्र चरन सिह निवासी रनवारी थाना छाता को चोरी की मोटर साइकिल स्पलेंडर प्लस तथा एक मोबाइल रेडमी के साथ गुरूवार को गांधी इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया।

### तीन मोबाइल चोरों से 11 फोन बरामद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना सदर बाजार पुलिस ने मोबाइल चोर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इकने पास से पुलिस ने चारी के 11 मोबाइल व एक हैन्डिकैम रिकार्डर बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजर जसवीर सिंह ने बताया कि गुरूवार को अरून पुत्र अमरसिंह निवासी वर्फखाना कम्पूघाट थाना कोतवाली मथुरा, जीत यादव पुत्र मुकेश यादव निवासी कोयला वाली गली होली गेट थाना कोतवाली मथुरा तथा भानू पुत्र विपिन निवासी होलीवाली गली गोपालपुरा थाना कोतवाली मथुरा को गिरफ्तार किया गया।

### राया मे शौहार्द के साथ मनाया ईद अल अजहा,एक दूजे को दी गले मिल बधाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राया सुरक्षा व्यबस्था के मध्य बकरीद का त्योहार



मनाया। इस दौरान हिन्दू मुसलिम भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। गुरुवार सुबह मांट रोड स्थित ईदगाह, मोहल्ला पठानपाड़ा, सुल्तान गंज में ईद की नमाज पढी गई। त्योहार को शांति पूर्ण सम्पन कराने को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर, एसएसआई शिवकुमार शर्मा, कस्बा प्रभारी रविन्द्र कुमार मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। वहीं त्योहार को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित ने सफाई कर्मचारियों को मुस्लिम बस्ती सहित कस्बे में चूना छिड़काव और सफाई व्यबस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, रुद्रप्रकाश सारस्वत, पवन सारस्वत, जगमोहन शर्मा, सभासद आमिर खान, सरवन अहमद, नेपाली, इखलाक कुरैशी, बकील कुरैशी, याकूब कुरैशी, अनवर कुरैशी, नईम कुरैशी, उत्तम अग्रवाल, डालचंद्र कुशवाह, रंजीत सिंह, अमित अग्रवाल, बीरेंद्र सिंह, विकास चैधरी इकलाक कुरैशी, आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### घर पर सो रही बालिका को सर्प ने डसा, मौत

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
सुमेरपुर क्षेत्र के बरुआ गांव में गुरुवार को घर पर सो रही बालिका को सर्प ने डस लिया। उपचार को ले जाते समय बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बालिका कक्षा दो की छात्रा थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। बरुआ गांव निवासी हरिओम निषाद ने बताया कि पुत्री पूजा (7) गुरुवार को अपनी मां रामकुमारी के साथ सो रही थी। मां ने बताया कि तभी वह दर्द के मारे जोर से चिल्लाई।

# मुडिया मेला: श्रद्धालुओं को गोवर्धन तक पहुचाएंगी 1000 रोडवेज बसें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर भारत का प्रसिद्ध मुडिया मेला शुरू हो गया है। गोवर्धन पहुंच रहे परिक्रमार्थी श्रद्धालुओं का रेला बढ़ने लगा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन तक पहुंचाने के लिए 1000 रोडवेज की बसें की व्यवस्था की है। करीब 400 रोडवेज की बसें परिक्षेत्र में हैं। बाकी जल्द ही बेडे में शामिल हो जाएंगी। एआरएम रोडवेज मदन मोहन शर्मा ने बताया कि मुडिया मेला में श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए एक हजार रोडवेज की बसों की व्यवस्था की गई है। इटावा,



अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ आदि परिक्षेत्रों से बाकी बसें जल्द ही बेडे में शामिल हो रही हैं। परिक्रमार्थियों के बसों की छतों पर सवारी करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि रोडवेज की बसों पर सीढी नहीं होती है। इस लिए छत पर सवारी करने का सवाल ही नहीं है। रोडवेज के चालक परिचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि यह सुनिश्चित करने के बाद ही बस को आगे बढ़ाएं कि छत पर कोई सवारी नहीं है।
प्राइवेट बसों की छतों पर सवारी न बैठें इसके लिए एआरटीओ और दूसरे विभाग नजर रख रहे हैं। रोडवेज के चालक परिचालकों को ब्रीफ किया गया है वह यहां आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। उन्हें अच्छी सुविधाएं दें।
चालक परिचालक श्रद्धालुओं से सम्मान और शालीनता से पेश आएं एवं मधुर व्यवहार करें।

**24 घंटे के लिए बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें**
लाइसेंस प्राधिकारी पुलकित खरे ने विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से गोवर्धन नगर पंचायत व राधाकुंड नगर पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र के समीप संचालित समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानें तथा मॉडल शॉप दो जुलाई को सायं पांच बजे से तीन जुलाई की सायं पांच बजे तक पूर्णतया बंद रहेंगी।

## मुड़िया मेला में क्षेत्र में आला अधिकारियों ने डाला डेरा

**गोवर्धन/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय मुड़िया मेला में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ के आगमन को लेकर प्रशासन सजग है। एसपी ग्रामीण ने गोवर्धन में डेरा डाल दिया है। मेला के पांच दिनों वह गोवर्धन में व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहेंगे। एसपी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी प्वाइंट चेक करने में जुटे हैं। बृहस्पतिवार एकादशी से मुड़िया मेला शुरू हो गया है। श्रद्धालु भक्तों की भीड़ को देखते हुए एसपी त्रिगुन बिसेन गोवर्धन पहुंचे। उन्होंने सीओ राम मोहन शर्मा, एसडीएम कमलेश कुमार गोयल के साथ सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी प्वाइंट चेक किए। मथुरा मार्ग स्थित जमुनावता चौराहे पर

> मुड़िया मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट व्यवस्थाओं में जुटे हैं। ड्यूटी प्वाइंटों का निरीक्षण किया जा रहा है। जमुनावता बाईपास पर कुछ पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद मिले थे। उन्हे चेतावनी दी गई है।
> **-त्रिगुन बिसेन, एसपी ग्रामीण**

ड्यूटी प्वाइंट से पुलिसकर्मी नदारद मिले। एसपी त्रिगुण बिसेन ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा को दिए। इसके उपरांत परिक्रमा मार्ग पर तेज आवाज में बज रहे लाउडस्पीकर जब्त कर कार्रवाई की चेतावनी दी।

## सरकारी बस स्टैंड बना सब्जी मंडी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
छाता में सरकारी बस स्टैंड बनाया गया था लेकिन अब बस स्टैंड पर सब्जी मंडी लग रही है। क्योंकि यह बस स्टैंड काफी समय पहले ओल्ड जीटी रोड पर बनाया गया था लेकिन हाईवे दूर हो जाने की वजह से बसें अब वहीं से गुजरती है लेकिन जो बसें मथुरा से चलकर छाता शेरगढ़ होते हुए अलीगढ़ को जाती हैं। उनके ठहरने की व्यवस्था नहीं है और बस गोवर्धन चौराहे पर खड़ी होती है सभी यात्रियों को हाईवे से ही बस मिलती हैं क्योंकि पुराने बस स्टैंड पर लगभग 15 वर्षों से बसों का ठहराव नहीं हो रहा है बस स्टैंड की जो बिल्डिंग थी खंडहर होकर अब धीरे धीरे टूट रही है। स्थानीय सब्जी के दुकानदारों के द्वारा उस जगह पर कब्जा कर लिया गया है और पूरी सब्जी मंडी उसी जगह पर लग रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तब से यह बस स्टैंड बंद हुआ है तब से यहां पर कोई बस नहीं रुकती है सभी बसें हाईवे से होकर गुजर जाती है और कहीं जाने के लिए काफी दूर तक चल के जाना पड़ता है



लेकिन संबंधित विभाग के द्वारा इस ओर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जो बसें छाता होते हुए अलीगढ़ को जाती है वह बस भी गोवर्धन चौराहे के पास में ही रुकती है और वही से निकल जाती है काफी दिनों से मांग की जा रही है कि पुराना जो बस स्टैंड था उसे चालू किया जाए और बसों का ठहराव इस बस स्टैंड पर हो जिससे धूप बारिश व ठंड में दूर चलकर हाईवे पर नहीं जाना पड़े।

## करंट की चपेट में आकर बैंक कैशियर की मौत

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के पौथिया गांव में कपड़ों में प्रेस करते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से बैंक कैशियर अचेत होकर गिर गया। जानकारी होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया गांव निवासी रोहित नामदेव (25) पुत्र रामेश्वर टेलर गुरुवार दोपहर घर में कपड़ों में प्रेस कर रहा था। तभी वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ललपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता रामेश्वर ने बताया कि रोहित की सात माह पहले स्वाती के साथ शादी हुई थी। रोहित इकलौता पुत्र था।

## ईदउल अजहा पर अमन चैन के लिए मांगी दुआ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ईद उल अजहा (बकरीद) मथुरा जनपद में आपसी प्रेम एवं भाईचारे से मनाया गया। मस्जिदों में नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी और एक दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी। विभिन्न समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। सभी इस त्योहार को हमेशा ही मिलजुल कर मनाते हैं। मथुरा ऐसी जगह है जहां सभी धर्मों के लोग हमेशा मिलजुल कर रहते हैं और एक दूसरे के त्योहारों पर खुशियों में शामिल होते हैं। ईद को लेकर जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए थे। जिलाधिकारी पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश पांडे लगातार शहर में भ्रमण करते रहे। बड़ी संख्या में पुलिस बल नमाज स्थलों पर मौजूद रहा। अनवर



हुसैन एड. ने त्योहार पर कहा कि यह त्योहार हिन्दू मुस्लिम एकता का त्योहार है। हम सब इसे यहां मिलकर मनाते हैं। चैधरी सईद बताया कि त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार हिन्दू मुस्लिम एकता का त्योहार है। मथुरा नगरी हिन्दू मुस्लिम अदब की नगरी है, यह अमन का शहर है। सभी लोग आपस में मिलकर एक दूसरे के त्योहार अमन के साथ मनाते हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय ने कहा कि पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में ईद उल अजाह का त्योहार संपन्न कराया जा रहा है। जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा रहा है। साथ ही साथ पुलिस अधिकारी और मजिस्ट्रेट की ड्यूटियां, स्टेटिक और मोबाइल लगी हुई हैं। त्योहार को मिजाज के अनुरूप संपन्न कराया जा रहा है।

## अपराधियों के लिए मथुरा बना मुफीद, अब कुख्यात सिन्टू गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शातिर किस्म के बडे अंतरराज्यीय बदमाशों के लिए मथुरा मुफीद साबित हो रहा है। राजस्थान, हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश के मथुरा के आसपास के जनपदों में सक्रिय रहे शातिर किस्म के बदमाशों का मथुरा लम्बे समय से ठिकाना रहा है। अब पुलिस ने अंतरराज्यीय बदमाश नंदकिशोर को गिरफ्तार किया है। मूलरूप से मैनपुरी जनपद का रहने वाला नंदकिशोर लम्बे समय से मथुरा में सक्रिय रहा है। थाना हाइवे में ही नंदकिशोर के खिलाफ हत्या के प्रयास, चोरी, लूट जैसी धाराओं



में 11 मामले दर्ज हैं। थाना रिफाइनरी, थाना सदर बाजार में भी इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी के मुताबिक थाना हाईवे व एसओजी की संयुक्त टीम ने

> = -अंतरराज्यीय बदमाश पर दर्ज हैं 40 आपराधिक मामले
> -मैनपुरी में दो दर्जन, मथुरा में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज

नंदकिशोर उर्फ सिन्टू पुत्र सौदान सिंह निवासी ग्राम नगला आंध्रा थाना औंछा जिला मैनपुरी हाल पता बसंत वाटिका एटीवी के पीछे संजय पब्लिक स्कूल के पास थाना हाईवे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार है। नंदकिशोर के विरुद्ध थाना हाईवे पर ही 11 हत्या के प्रयास सहित चोरी आदि गंभीर धाराओं में 11 मुकदमे पंजीकृत हुए हैं। थाना सदर बाजार, थाना रिफाइनरी में भी कई मुकदमा दर्ज किये गये हैं। मैनपुरी में विभिन्न थानों में 24 मुकदमा दर्ज हुए हैं। इसके अलावा राजस्थान भरतपुर के थाना उद्योग नगर में भी आपराधिक मामला दर्ज हुआ है।
20 लाख के आभूषण बरामद नंदकिशोर के कब्जे से चोरी गये करीब 20 लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण, 19. एक गाड़ी नम्बर यूपी 80 बीडी 0638, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, एक हैण्ड ड्रिल मशीन, पेच कश, हथौडी और नुकीला सब्बल जिसका प्रयोग ताला तोडने में किया जाता है। सिन्टू को को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के सामने एनएच 19 सर्विस रोड के पास खाली पडे ग्राउण्ड बालाजीपुरम से पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल दो गिरफ्तार किया गया।

**मकान के सामने गाडी कर करता था वारदात**
नन्दकिशोर द्वारा ताला लगे हुये मकानों की रैकी कर उक्त गाडी से अकेला मकान के गेट के सामने गाडी खडी करता था ताकि आते जाते लोग शक न करें और मकान मालिक से सम्बन्धित समझे इसी का फायदा उठाकर मकान का ताला तोड़कर मकान में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता था।

## सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 11 जोडे



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां की समाजसेवी संस्था प्रभात जागृति मंच के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल दिल्ली दरबार में 11 जोडे ने एक दूसरे के गले में वर माला डालकर अग्नि के फेरे लेकर एक दूसरे को जीवन साथी चुना। बेटियों के हाथ पीले कर आयोजक मंडल के लोग बेहद भावुक नजर आए। हाईवे स्थित होटल दिल्ली दरवार में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अनुराग बंसल एवं अंजु बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें 11 जोड़े दांपत्य जीवन के बंधन में बंध गए। मंत्रोच्चारण के बीच वर माला का कार्यक्रम हुआ तो लोगों ने पुष्पवर्षा कर सभी को नव जीवन की बधाई दी। कांग्रेस पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को दिशा देने का काम करते हैं। प्रेम अवतार युगद्रष्टा स्वामी श्री हरी चेतन्य महाराज ने कहा कि यह पुनीत कार्य में सहभागिता बेहद ही पुण्यदायी है। कोकिलवन के मेहंत प्रेमदास जी महाराज ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम दहेज जैसी कुरीति पर सख्त प्रहार है। कमल किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अधिक से अधिक होंगे तो समाज की सोच में भी बदलाव होंगे।

## पैर फिसलने से महिला श्रद्धालु घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के दादरी से गिरिराज परिक्रमा लगाने गोवर्धन आई महिला श्रद्धालु पैर फिसलने से घायल हो गई। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल मोबाइल टीम ने घायल महिला श्रद्धालु को उपचार के लिए सीएचसी केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सा अधीक्षक ने प्राथमिक उपचार देने के उपरांत पैर में फैक्चर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
महिला श्रद्धालु का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। गुरुवार को ब्रह्म देवी पत्नी नागेंद्र माहेश्वरी निवासी दादरी हरियाणा अपने पुत्र संतोष और प्रदीप के साथ गिरिराज परिक्रमा लगाने गोवर्धन आई थी। दानघाटी मंदिर के समीप महिला श्रद्धालु पैर फिसलने पर जमीन पर गिर पड़ी। इससे उसके बाएं पैर में चोट लग गई। इसकी सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## ग्रामीणों की पुकार दो किलोमीटर की सड़क को बनवा दो सरकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बरसात का मौसम शुरू होते ही सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया है। सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है पता नहीं चलता। बरसात होते ही इन गड्ढों में घुटने घुटने तक पानी भर जाता है। जिससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह सड़क गांव में विशम्भरा से गांव बढ़ा तक लगभग 2 किलोमीटर की सड़क है जो दो विधानसभाओं के बीच फंसी हुई है यह सड़क बढ़ा, रामपुर होते हुए शेरगढ़ को चली जाती



है लेकिन इन गांवों के द्वारा लगातार लगभग दो किलोमीटर के इस टुकड़े को बनवाने के लिए विधायक व संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क दो विधानसभाओं की सीमा को आपस में जोड़ती है। उसके बावजूद यह सड़क लगभग 15 वर्षों से विकास की राह टोह रही है।
घुटने घुटने तक पानी ही भरा रहता है ऐसे लगता है मानो कोई नदी नाला बह रहा हो लेकिन स्थानीय लोगों की मजबूरी है कि अपने गंतव्य जाने के लिए रास्ते से बड़ी मुश्किल से गुजरना पड़ता है ने जाने कब इस रास्ते की कोई सुध लेगा मांग करने वालों में नित्तर, लच्छी, श्यामपाल, खच्चन, चोखन, विनोद, लक्खा आदि ग्रामीण हैं।

## परंपरा: मानसी गंगा गिरिराज मुखारविंद मंदिर में रबड़ी से किया अभिषेक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रशासन ने मुड़िया पूर्णिमा मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंदिरों में गिरिराज प्रभु का दूध, दही, रबड़ी, शहद आदि से अभिषेक किया जा रहा है। मानसी गंगा मुकुट मुखारविंद मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। एकादशी की संध्या को लाखों श्रद्धालु गिरिराज परिक्रमा के लिए गोवर्धन पहुंचे। मंदिर में पूजा के उपरांत गिरिराज परिक्रमा शुरू की, इस दौरान श्रद्धालुओं की आस्था के सामने सूर्य की तपिश कोई प्रभाव नहीं छोड़ सकी, आसमान से इंद्र की मेघ मालाओं ने सूर्य की किरणों को अपने आगोश में समेट लिया। हल्की हल्की पानी की फुआरों से



मौसम खुशनुमा हो गया। परिक्रमा के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुड़िया मेला की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नोडल अधिकारी त्रिगुन बिसेन, एडीएम योगानंद पांडेय ने परिक्रमा मार्ग एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सीसीटीवी के संचालन की जिम्मेदारी हेड कांस्टेबल एवं कंट्रोल रूम व्यवस्था इंस्पेक्टर को सौंपी गई है। सहायक मेलाधिकारी राम मोहन शर्मा ने बताया कि मुड़िया मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए परिक्रमा मार्ग में 76 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्रद्धालु भक्तों की सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवान हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। गुरुवार को मुड़िया मेला के पहले दिन दोपहर को मानसी गंगा मुकुट मुखारबिंद मंदिर में रिसीवर कपिल चतुर्वेदी व सेवायत मनोज लंबरदार ने दूध, दही, रबड़ी, बूरा, देशी घी आदि से निर्मित पंचामृत से गिरिराज जी का अभिषेक किया। इसके उपरांत शाम को फूल बंगला में विराजे गिरिराज प्रभु के श्रृंगार दर्शन कराए गए। मुड़िया मेला के पहले दिन मौसम ठंडा रहा। सूर्य की किरणों को इंद्र की मेघ मालाओं ने अपने आगोश में समेट लिया। पानी की हल्की हल्की फुहारें आसमा से बरसना शुरू किया तो भक्त आनंदित हो उठे। देर रात तक श्रद्धालु की भीड़ से गिरिराज परिक्रमा मार्ग में मानव श्रृंखला बन गई। तलहटी गिरिराज प्रभु के जयकारों से गूंजने लगी। श्रद्धालु भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। चप्पे चप्पे पर तैनात पुलिसकर्मी आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने बताया कि मुड़िया मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए मंदिर की ओर मीठे पानी की प्याऊ लगाई गई है। गिरिराज प्रभु के परिसर में दिव्य फूलों का बंगला सजाया गया है। दोपहर में दूध दही रबड़ी आदि के पंचामृत से अभिषेक किया है। सीसीटीवी से होगी परिक्रमा मार्ग की निगरानीमुड़िया मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का खाका प्रशासन ने खींच लिया है।

## क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने किये दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज श्री वत्स गोस्वामी कान्हा की नगरी में अलग ही रंग रूप में नजर आ रहे हैं। क्रिकेट के मैदान दूर श्री वत्स इन दिनों ठाकुर श्री बांके बिहारी की अंगसेवा में पूरी श्रद्धा से जुटे हुए हैं। प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत गोस्वामी परिवार से जुड़े क्रिकेटर श्री वत्स गोस्वामी का जन्म वैसे तो कोलकाता में हुआ था। लेकिन भावनाएं अब भी ठाकुर श्री बांके बिहारी से जुड़ी हुई है। शिक्षा के बाद केरियर के तौर पर क्रिकेट में भाग्य आजमाने के बाद श्री वत्स




गोस्वामी जब भी मौका मिलता है ठाकुर जी की सेवा को वृंदावन पहुंच जाते हैं। कान्हा की नगरी में क्रिकेट के ग्लैमर से दूर खाटी गोस्वामी वेश में नजर आते हैं। इन दिनों श्री वत्स गोस्वामी ठाकुर जी की अंगसेवा में जुटे हुए हैं। शयन भोग सेवाधिकारी श्री वत्स गोस्वामी का कहना है कि वह पहले ब्रजवासी और बाकेंबिहारी जी के निजसेवक है। उन्ही की परम अनुकम्पा से उन्हें गोस्वामी परिवार में जन्म मिला है। इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय वर्ल्डकप टूनामेंट को लेकर उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान ठाकुर जी से भारतीय टीम की जीत की कामना करते हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं,



मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की उछाल के साथ 73.73 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर यानी 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 69.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 तक 6.7 फीसदी बनी रहेगी: एसएंडपी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 तक औसतन 6.7 फीसदी रहने की संभावना जताई है। एसएंडपी रेटिंग्स के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) विश्रुत राणा ने यह बात कही। राणा ने यहां आयोजित एक ऑनलाइन सेमिनार में




कहा कि घरेलू खपत में तेजी के कारण चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर छह फीसदी के आसपास पर रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 तक औसतन 6.7 रहेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता गतिविधियां वृद्धि तय करने में प्रमुख कारक होंगी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है। हालांकि यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी से कम है।

## देश के बैंकों का फंसा कर्ज एक दशक के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर: आरबीआई

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी फंसा कर्ज अनुपात घटकर इस साल मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है। आरबीआई ने जारी अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा है कि सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) इस वर्ष




मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि बैंक और कंपनियों के बही-खाते मजबूत हुए हैं। इससे कुल मिलाकर वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है। शक्तिकांत दास ने रिपोर्ट में कहा है कि बही-खातों के मजबूत होने का दोहरा लाभ है। एक तरफ जहां कंपनियों का कर्ज कम होगा, वहीं बैंकों का एनपीए भी नीचे आएगा। दास ने साइबर जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नियामकीय व्यवस्था पर ध्यान देने की भी बात कही। उन्होंने विदेशों में कुछ बैंकों के विफल होने के बीच सतर्क रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि वित्तीय क्षेत्र के नियामक स्थिरता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## एनटीपीस, एनएलसी समेत 22 कंपनियों ने 18 कोयला ब्लॉक के लिए लगाई 35 बोलियां

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के सातवें चरण में सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी, एनएलसी इंडिया और जेएसपीएल सहित निजी क्षेत्र की 22 कंपनियों ने बोली लगाई हैं। इन कंपनियों ने 18 कोयला ब्लॉक के लिए 35 बोलियां लगाई। कोयला खदानों की नीलामी के तहत 103 ब्लॉक को नीलामी के लिए रखा गया था। कोयला मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि सातवें चरण के तहत 18 कोयला खदानों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कुल 35 बोलियां मिली हैं। इसके लिए लगभग 22 कंपनियों ने बोलियां लगाई हैं। मंत्रालय के मुताबिक जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल), एनएलसी इंडिया, बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, गुजरात मिनिरल एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जीएमडीसी) और




बुल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने तीन-तीन कोयला ब्लॉक के लिए बोलियां लगाई हैं। बयान के मुताबिक हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एनटीपीसी माइनिंग और सनफ्लॉग आयरन एंड स्टील लिमिटेड ने दो-दो कोयला ब्लॉक के लिए बोलियां लगाई है। इसके अलावा शेष 14 कंपनियों ने एक-एक कोयला ब्लॉक के लिए बालियां लगाई है। इन कंपनियों में नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड, नुवोको विस्टास कॉरपोरेशन लिमिटेड और ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड आदि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देश में कोयले की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 29 मार्च को वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के सातवें चरण की शुरुआत की थी।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट: बिटकॉइन समेत सभी प्रमुख आभासी मुद्राएं लुढ़कीं

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज चौतरफा गिरावट का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसी आज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 0.81 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 30,346.22 डॉलर के स्तर तक गिर गई है। हालांकि इस गिरावट के बावजूद क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी बढ़ी है और अभी भी दुनिया के आधे से ज्यादा क्रिप्टो मार्केट पर इसका कब्जा बरकरार है। आज के कारोबार में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी 0.91 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लुढ़क कर 1,862.24 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.08 प्रतिशत कमजोर हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.17 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 95.99 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 30,346.22 डॉलर यानी 24.90 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 2.18 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.91 प्रतिशत, कार्डानो 2.59 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.31 प्रतिशत, ट्रॉन 0.78 प्रतिशत और सोलाना 2.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप की ओर से मिल रही जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेनदेन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में करीब 3,540 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.90 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेनदेन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेनदेन का ये स्तर 2.05 प्रतिशत कम रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की कीमत घटने के बावजूद इसकी हिस्सेदारी 0.10 प्रतिशत बढ़ कर 50.21 प्रतिशत हो गई है।

## वित्त मंत्रालय ने 12 राज्यों को 66,413 करोड़ रुपये अतिरिक्त उधारी जुटाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने 12 राज्यों को बिजली क्षेत्र में सुधार तेज करने के वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दी है। वित्त मंत्रालय ने विद्युत मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर 12 राज्यों को वित्त वर्ष 2021-




22 और वित्त वर्ष 2022-23 में किए गए सुधारों के लिए ये अनुमति दी है।वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि बिजली सुधारों को लागू करने के लिए पिछले दो वित्त वर्षों में 12 राज्यों को 66,413 करोड़ रुपये की अतिरिक्त उधारी जुटाने की मंजूरी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में उन्हें अतिरिक्त उधारी अनुमतियों के माध्यम से 66,413 करोड़ रुपये के वित्तीय संसाधन जुटाने की अनुमति दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक पश्चिम बंगाल को इस दौरान सबसे ज्यादा 15,263 करोड़ रुपये की उधारी जुटाने की मंजूरी दी गई है। राजस्थान को 11,308 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 9,574 करोड़ रुपये, केरल को 8,323 करोड़ रुपये, तमिलनाडु को 7,054 करोड़ और यूपी को 6,823 करोड़ रुपये उधारी की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा असम को 4,359 रुपये, हिमाचल प्रदेश को 251 करोड़ रुपये, मणिपुर को 180 करोड़ रुपये, मेघालय को 192 करोड़ रुपये, ओडिशा को 2,725 करोड़ रुपये और सिक्किम को 361 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में राज्यों को बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में सुधारों के साथ अतिरिक्त उधारी की मंजूरी को जोड़ने की घोषणा की थी। इस कदम का उद्देश्य बिजली क्षेत्र की दक्षता और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए सुधार करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है।

## सरकार अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने लिए प्रतिबद्ध: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग ने कहा कि सरकार उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) क्षेत्रों में अनुकूल व्यावसायिक माहौल बनाने और विकास में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा पीएलआई योजनाओं पर आधारित कार्यशाला को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने पीएलआई योजना की नीतियों, प्रक्रियाओं तथा प्रभावशीलता को आकार देने के लिए उद्योग की प्रतिक्रिया और सहयोगी कार्य को प्रोत्साहित किया। बैठक में गोयल ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन पर उद्योग की एकाग्रता के महत्व पर बल दिया, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

पीयूष गोयल ने सभी



हितधारकों से एक ऐसा माहौल बनाने के लिए मिल कर काम करने का आग्रह किया, जो उद्योगों के विकास, नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे सके। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना तथा उनमें स्वामित्व की भावना पैदा करना था, ताकि वे 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत पीएलआई योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपने ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें। कार्यशाला में 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत 10 कार्यान्वयन केंद्रीय विभागों, कंपनियों/पीएलआई लाभार्थियों, विभिन्न परियोजना प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) जैसे आईएफसीआई, सिडबी, मैकॉन, आईआरईडीए और एसईसीआई, चुनिंदा उद्योग संघों (सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और पीएचडीसीसीआई) तथा संबंधित निर्यात संवर्धन परिषदों यानी एफआईईओ, ईईपीसी और टीईपीसी ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में विस्ट्रॉन, फॉक्सकॉन, सैमसंग, डेल, विप्रो जीई, डॉ. रेड्डीज, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नोकिया सॉल्युशंस, आईटीसी, डाबर, जेएसडब्ल्यू और रिलायंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का समूह शामिल हुआ।

## Vedanta के डिस्प्ले कारोबार के सीईओ बनाए गए वाई जे चेन

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह ने कहा कि वाई जे चेन को उसके डिस्प्ले कारोबार का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। कंपनी .स्प्ले विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना की अगुवाई करेंगे। इसके पहले वह चीन की डिस्प्ले विनिर्माता एचकेसी कॉर्प में कार्यकारी उपाध्यक्ष थे। अग्रवाल ने कहा, वह अपने




साथ काफी तकनीकी विशेषज्ञता लेकर आ रहे हैं और उनके पास डिस्प्ले कारोबार का लंबा अनुभव है। हमें अपने डिस्प्ले कारोबार की अगुवाई करने की उनकी काबिलियत पर भरोसा है। वेदांता ने गुजरात में एक एकीकृत ग्लास एवं डिस्प्ले विनिर्माण संयंत्र लगाने की घोषणा की हुई है।

## प्रॉक्टर एंड गैम्बल लगाएगी कारखाने, गुजरात में 2,000 करोड़ के निवेश से होगी शुरुआत

**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग के घरेलू उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर गुजरात में एक व्यक्तिगत चिकित्सा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत में पीएंडजी का नौवां संयंत्र होगा। यह कंपनी एरियल, ड्यूरासेल, जिलेट, हैड एंड शोल्डर्स, ओरल-बी, पैम्पर्स, पैंटीन, टाइड, विक्स और व्हिस्पर जैसे लोकप्रिय उत्पादों का विनिर्माण करती है। कंपनी ने बयान में कहा कि नया संयंत्र साणंद में 50,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैला है। यहां पीएंडजी के वैश्विक चिकित्सा उत्पादों का उत्पादन होगा। बयान के अनुसार, ÷यह इकाई अगले कुछ



साल में संचालित हो जाएगी और पीएंडजी का वैश्विक निर्यात केंद्र बनेगी। इससे पीएंडजी इंडिया दुनियाभर के अपने ग्राहकों के लिए उत्पाद भेजेगी।' कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र के स्थापित होने से सैकड़ों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

## अडाणी टोटल गैस लिमिटेड का फैसला, 8-10 वर्षों में होगा 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह और फ्रांसीसी कंपनी टोटल एनर्जीज की संयुक्त उद्यम अडाणी टोटल गैस लिमिटेड अगले आठ-दस वर्षों में गैस वितरण के लिए बुनियादी ढांचा खड़ा करने पर 20,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करेगी। अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहनों के लिए सीएनजी की खुदरा बिक्री और घरों एवं उद्योगों को पाइप से गैस पहुंचाने के लिए बुनियादी ढांचे के विस्तार पर अगले आठ से 10 वर्षों में 18,000 करोड़ रुपये से लेकर 20,000 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा। कंपनी देश के 124 जिलों में वाहनों के लिए सीएनजी की खुदरा बिक्री करने के अलावा पाइप से घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति भी करती है। देश में इसके 460 सीएनजी स्टेशन हैं और पाइप से रसोई गैस के करीब



सात लाख उपभोक्ता हैं। नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण पर वित्त वर्ष 2022-23 में 1,150 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) पराग पारिख ने कहा, दीर्घकालिक नजरिये से हम गैस कारोबार की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। कंपनी बुनियादी ढांचे के निर्माण और नेटवर्क के विस्तार में अधिक निवेश करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, अपने शहरी गैस वितरण कारोबार के लिए अगले आठ-दस वर्षों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए हमारा लगभग 18,000-20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का इरादा है। यह हमारे ग्राहक आधार को व्यापक बनाने के साथ राजस्व वृद्धि को कायम रखेगा। एटीजीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा कि कंपनी की रणनीति अपने लाइसेंस वाले इलाकों में स्टील पाइपलाइन बिछाने में तेजी लाने और सीएनजी स्टेशन बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले सात से 10 वर्षों में 1,800 से अधिक सीएनजी स्टेशन बनाने जा रही है।

## विदेश में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर फिलहाल नहीं लगेगा कोई टैक्स; सरकार ने तीन महीने के लिए टाला फैसला

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने 28 जून को एक बड़ा फैसला लेते हुए विदेशों में क्रेडिट कार्ड के जरिए खर्च पर टीसीएस का ज्यादा रेट लागू करने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। सरकार ने पांच फीसदी टीसीएस को 1 जुलाई से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का निर्णय लिया था। सरकार के 28 जून के एलान के अब यह फैसला 1 अक्तूबर 2023 से लागू होगा।

सरकार के ताजा फैसले के अनुसार 7 लाख रुपए तक के इंटरनेशनल टूर पैकेज पर 5त्न का ही टीसीएस काटा जाएगा। क्रेडिट कार्ड के जरिए विदेशों में खर्च फिलहाल उदारीकृत धन प्रेषण योजना (एलआरएस) के अंतर्गत नहीं आएगा। ऐसे में इस पर स्रोत पर कर (टीसीएस) कटौती भी नहीं होगी। वित्त मंत्रालय की ओर से बुधवार को बताया गया कि सरकार ने यात्रा पैकेज समेत विदेशों में धन भेजने के लिए उच्च दर से टीसीएस (स्रोत पर कर कटौती) काटे जाने के फैसले को तीन महीने तक के लिए टालने का फैसला किया है। यानी फिलहाल 30 सितंबर तक टीसीएस शुल्क लगाने का प्रावधान लागू नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न पक्षों और माध्यमों से मिले विचारों और सुझावों के बाद फैसले में कुछ बदलाव करने पर सहमति बनी है। सबसे पहले यह निर्णय लिया गया है कि एलआरएस के तहत सभी उद्देश्यों और विदेश यात्रा टूर पैकेज के लिए प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष सात लाख रुपये तक की राशि के लिए टीसीएस की दर में कोई बदलाव नहीं होगा। भले ही भुगतान किसी भी तरीके से क्यों न किया गया हो।मंत्रालय ने कहा कि संशोधित टीसीएस दरों के क्रियान्वयन और एलआरएस में क्रेडिट कार्ड भुगतान को शामिल करने के लिए अधिक समय देने का भी निर्णय किया गया है। विदेश यात्रा पैकेज खरीदने को लेकर सात लाख रुपये प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष खर्च पर टीसीएस पांच प्रतिशत की दर से लगेगा। 20 प्रतिशत की दर तभी लागू होगी जब खर्च इस सीमा से अधिक होगा। बजट 2023 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फॉरन रेमिटेंस यानी विदेशों में धन भेजने पर पर टीसीएस की दर बढ़ाने का एलान किया था। मौजूदा समय में उदारीकृत धन प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत फॉरन रेमिटेंस पर पांच फीसदी टीसीएस कटता है।

## राष्ट्रपति जो बाइडन के चेहरे पर दिखे रहस्यमयी निशान, चर्चा के बीच व्हाइट हाउस ने दिया जवाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चेहरे पर हाल ही में रहस्यमयी निशान दिखाई दिए, जिसके बाद इसे लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर शुरू हो गया। अब व्हाइट हाउस को इस पर बयान जारी करना पड़ा है। व्हाइट हाउस ने बताया कि यह निशान CPAP डिवाइस का है, जिसे नींद ना आने की बीमारी के चलते, जो बाइडन पहनकर सोते हैं।

बता दें कि जो बाइडन बुधवार को शिकागो में एक कार्यक्रम में शामिल होने शिकागो जा रहे थे, इसी दौरान मीडिया के कैमरों ने जो बाइडन के चेहरे पर कुछ रहस्यमयी लाइनें देखीं। इन्हें लेकर सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया। जिसके बाद अटकलों पर विराम लगाने के लिए व्हाइट हाउस की डिप्टी प्रेस सचिव एंड्रयु बेट्स ने बताया कि खर्राटों को बंद करने और नींद ना आने की समस्या में बड़े पैमाने पर लोग CPAP मेडिकल डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं।

**व्हाइट हाउस ने दिया ये जवाब**

व्हाइट हाउस ने बताया कि जो बाइडन भी इस डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं और बाइडन के चेहरे पर दिख रहे निशान भी उसी मेडिकल डिवाइस की वजह से बने हैं। बेट्स ने कहा कि जो बाइडन 2008 में अपनी नींद ना आने की बीमारी के बारे में खुलासा कर चुके हैं। जो बाइडन ने बीती रात भी डिवाइस का इस्तेमाल किया था, जिसकी वजह से उनके चेहरे पर निशाना बन गया। बता दें कि जो बाइडन पहले से ही अपनी बढ़ती उम्र और सेहत को लेकर आलोचकों के निशाने पर हैं, यही वजह है कि लोग जो बाइडन के चेहरे पर दिखे निशान भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए।

## विश्व युद्ध में भाग लेने वाले आखिरी सिख सैनिक को मिला अवार्ड, पीएम सुनक ने किया सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 101 साल के भारतीय मूल के पूर्व सैनिक को पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड से सम्मानित किया। बता दें कि पूर्व सैनिक राजिंदर सिंह धत्त द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले आखिरी जीवित सिख सैनिक हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित यूके-इंडिया सप्ताह के दौरान राजिंदर सिंह धत्त को यह सम्मान दिया।

**1963 में ब्रिटेन गए थे धत्त**

ब्रिटेन में 'अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन' के प्रयासों से राजिंदर सिंह धत्त के योगदान को पहचान मिली। बता दें कि यह एसोसिएशन भारतीय ब्रिटिश पूर्व सैनिकों को एक साथ लाने और उनके कल्याण के लिए काम करती है। राजिंदर सिंह धत्त का जन्म अविभाजित भारत में साल 1921 में हुआ था। धत्त ब्रिटेन की तरफ से द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े और बाद में साल 1963 में परिवार समेत ब्रिटेन में बस गए।

**अवार्ड मिलने पर कही ये बात**

पॉइंट्स ऑफ लाइट सम्मान से सम्मानित होने पर राजिंदर सिंह धत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों अवार्ड मिलना सम्मान की बात है। धत्त ने अनडिवाइडेड इंडियन एक्स सर्विसमेन एसोसिएशन को भी धन्यवाद दिया। बता दें कि पॉइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड उन लोगों को दिया जाता है, जो अपने कामों से समाज में बदलाव लाते हैं और जिनकी कहानी दूसरे लोगों को प्रेरित करती है। दस डाउनिंग स्ट्रीट में इन दिनों यूके-इंडिया सप्ताह मनाया जा रहा है। इंडिया ग्लोबल फोरम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए इसका आयोजन कर रहा है।

## ईरान ने कनाडा को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में घसीटा, आतंकवाद पीड़ितों को मुआवजा देने से जुड़ा है मामला

**लंदन।** ईरान कनाडा को आतंकवाद का प्रायोजक घोषित कर उसे (ईरान को) मिली छूट का कथित तौर पर उल्लंघन करने के मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में घसीटा है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कनाडा ने 2012 में ईरान को आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में सूचीबद्ध किया था और सीरिया में बशर असद के शासन के लिए तेहरान के समर्थन, उसके परमाणु कार्यक्रम और इजरायल के लिए खतरों के कारण संबंधों में तनाव के बाद राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। इस्लामिक गणराज्य ने कहा कि कनाडा ने 2012 में पारित एक कानून से अपनी प्रतिरक्षा का उल्लंघन किया था जो पीड़ितों और उनके परिवारों को आतंकवाद के राज्य प्रायोजकों से नुकसान की भरपाई करने की अनुमति देता है।

## फ्रांस में पुलिस की गोली से किशोर की मौत के बाद भड़की हिंसा, जगह-जगह आगजनी व पथराव

**24 सुरक्षाकर्मी हुए घायल, 150 से ज्यादा लोग गिरफ्तार**

**पेरिस।** फ्रांस में एक पुलिस कर्मी की गोली से किशोर की मौत के बाद भीषण हिंसा भड़क गयी है। देश भर के अलग-अलग हिस्सों में आगजनी और पथराव हो रहा है। गुस्साए लोग भीड़ की शक्ल में एकत्र होकर पुलिस और सुरक्षाबलों पर हमले कर रहे हैं। कई वाहन फूंके जा चुके हैं। हिंसा में 24 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं और 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस के उपनगर नानतेरे में ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिसकर्मी ने एक किशोर को गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर को पॉइंट ब्लैंक रेंज से छाती में गोली मारी गई। इस पर पुलिस का कहना था कि किशोर ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने गोली चलाई।



हालांकि घटना का वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया कि पुलिस झूठ बोल रही है। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने न सिर्फ पेरिस, बल्कि पूरे फ्रांस में आक्रोश प्रकट करना शुरू कर दिया। जगह-जगह पथराव व आगजनी शुरू कर दी गई। कई वाहनों में आग लगा दी गई। नानतेरे शहर में प्रदर्शनकारियों ने धमाके किये, जिससे जगह-जगह आग लग गई। यह हिंसा देश के अलग-अलग हिस्सों में फैल गई है। बसों में आग लगा दी गई है। फ्रांस के दक्षिणी शहर तोलाउस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पथराव हुआ। इस कारम सुरक्षार्मियों पर भी हमले हो रहे हैं और 24 सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके हैं। पुलिस ने देश भर में 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

**राष्ट्रपति ने बताया अस्वीकार्य व अक्षम्य**

इस घटनाक्रम के बाद फ्रांस के सुरक्षा बलों के खिलाफ गुस्सा फूट रहा है। पुलिसकर्मी द्वारा किशोर की गोली मारकर हत्या करने की निंदा हो रही है। कई सेलिब्रिटी ने घटना पर दुख जताया है। सरकार ने भी अपने बयान में सुरक्षाबलों की ही आलोचना की है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने कहा कि किशोर की हत्या अस्वीकार्य और अक्षम्य है। इस हत्याकांड को किसी भी तरह से न्यायोचित करार नहीं दिया जा सकता।

## पाकिस्तान में बकरीद पर कुर्बान जानवरों के चमड़े बेच पैसे कमाने वाली JUD की 10 शाखाओं पर लगा बैन

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने 84 प्रतिबंधित संगठनों की एक सूची जारी की, जो ईद-उल-अजहा के दौरान कुर्बान पशुओं के अवशेष एकत्र नहीं कर सकेंगे। इनमें 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के सरगना हाफिज सईद नेतृत्व वाले संगठन जमात-उद-दावा (JuD) की 10 तथाकथित धर्मार्थ शाखाएं भी शामिल हैं। ईद-उल-अजहा का त्योहार बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। पाकिस्तान में लोग लाखों पशुओं की कुर्बानी करते हैं और आतंकवादी समूह उन जानवरों के अवशेष एकत्र करके उन्हें बेचते हैं और धन जुटाते हैं।

पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने स्थानीय समाचार पत्रों में 84 संगठनों की सूची के साथ एक अधिसूचना प्रकाशित कराई है। अधिसूचना में चेतावनी दी गई है कि प्रतिबंधित संगठनों को किसी तरह की वित्तीय सहायता (नकदी या कुर्बान पशुओं के अवशेष) देने वालों के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। अधिसूचना में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि 84 प्रतिबंधित संगठनों में से 10 JuD की धर्मार्थ शाखाएं हैं। इन शाखाओं में अल-नफल ट्रस्ट लाहौर, इदारा खिदमत-ए-खल्क लाहौर, अल-दावतुल इरशाद पाकिस्तान, अल हंद ट्रस्ट फैसलाबाद, अल-मदीना फाउंडेशन, माज़ बिन जबल एजुकेशन ट्रस्ट, फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन अल-फजल फाउंडेशन और अल आइसर फाउंडेशन लाहौर शामिल हैं।

## कैलिफोर्निया में रेल पटरी पर फंसे ट्रक से टकराकर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 16 घायल

**सैक्रामेंटो।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में रेल पटरी पर फंसे एक ट्रक से टकराकर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। ट्रेन के बेपटरी होने के परिणामस्वरूप 16 लोग जख्मी हो गए। ट्रक चालक सहित कुछ यात्रियों की स्थिति गंभीर बताई गयी है। हादसे के शिकार दो सौ से अधिक यात्रियों व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

लॉस एंजिल्स से सिएटल तक जाने वाली ट्रेन नंबर-14 सुबह सवा ग्यारह बजे के आसपास कैलिफोर्निया के मूरपार्क स्टेशन के पास पटरी से उतर गयी। दरअसल, रेल पटरी पर एक ट्रक फंसा हुआ खड़ा था, जिस कारण रास्ता अवरुद्ध था और उस ट्रक से टकराकर ही ट्रेन बेपटरी हुई थी। ट्रेन के अचानक दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। राहत कर्मियों ने काम शुरू किया तो 16 लोगों के घायल होने की बात सामने आई। वेंचुरा काउंटी





अग्निशमन विभाग के अनुसार ट्रक चालक सहित कुछ यात्री गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर ले जाए गए हैं। अन्य यात्रियों को सामान्य चिकित्सा केंद्रों में भेजा गया है। ट्रेन का संचालन कर रही एमट्रैक ने बयान जारी कर कहा कि ट्रक से टक्कर के बाद पटरी से उतरने के बाद भी ट्रेन सीधी खड़ी रही। एमट्रैक ग्राहकों की वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था के तौर पर काम कर रहा है। हादसे में दो सौ से अधिक यात्रियों व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। दमकल और आपातकालीन चिकित्सा कर्मी के अनुसार स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। इस हादसे के बाद एमट्रैक ने स्थानीय अधिकारियों से मिलकर दुर्घटना की जांच कराने की बात भी कही है।

## बाल सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली यूएन की सूची से 12 साल बाद भारत का नाम हटा, भारत सरकार की तारीफ

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के विभिन्न देशों में बच्चों के शोषण को लेकर जारी की जाने वाली सालाना वैश्विक सूची से 12 साल बाद भारत का नाम हटा दिया है। चिल्ड्रन एंड आर्म कनफ्लिक्ट रिपोर्ट में 2010 से भारत का नाम शामिल किया जा रहा था।


दरअसल, जम्मू-कश्मीर में हथियारबंद समूहों में नाबालिगों की भर्ती, सेना की तरफ से उनकी हिरासत सहित अन्य गतिविधियों के कारण भारत का नाम इस सूची में डाला गया था। सूची में पाकिस्तान सहित बुर्किना फासो, नाइजीरिया, फिलिपीन्स जैसे देश लंबे समय से अभी भी बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि भारत सरकार ने बच्चों की सुरक्षा के क्षेत्र में सार्थक कदम उठाए हैं इसलिए इस रिपोर्ट से भारत का नाम हटा दिया गया है। पिछले साल अपनी रिपोर्ट में उन्होंने



अपने विशेष प्रतिनिधि के साथ भारत सरकार की निरंतर भागीदारी का स्वागत किया और कहा था कि इन प्रयासों की वजह से भारत को इस सूची से हटाया जा सकता है। उन्होंने भारत से अपने विशेष प्रतिनिधि और संयुक्त राष्ट्र के परामर्श के मुताबिक शेष उपायों को लागू करने का भी आह्वान किया।

## अमेरिकी तटरक्षक का दावा- 'टाइटन' पनडुब्बी के मलबे में संभवतः 'मानव अवशेष' भी मिले

नडुब्बी 'टाइटन' के मलबे में संभवतः मानव अवशेष भी बरामद किए गए हैं और अमेरिकी अधिकारी सबूत को देश वापस ला रहे हैं। अमेरिका तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। 'टाइटैनिक' जहाज का मलबा देखने अटलांटिक सागर के अंदर गई 'टाइटन' पनडुब्बी में पिछले सप्ताह अचानक विस्फोट हो गया था। इस हादसे में पनडुब्बी में सवार टाइटैनिक मामलों के एक प्रमुख विशेषज्ञ, एक ब्रिटिश अरबपति, पाकिस्तान के एक अमीर परिवार के दो सदस्यों और इस मिशन को संचालित करने वाली कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की मौत हो गई थी। अमेरिकी तटरक्षक बल के अनुसार, 'टाइटन' पनडुब्बी से मलबा बुधवार को वापस लाया गया। सेंट जॉन्स, न्यूफाउंडलैंड और लैब्राडोर में बंदरगाह पर मलबा वापस लाना जांच का



अभिन्न हिस्सा है, क्योंकि जांच अधिकारी पनडुब्बी में विस्फोट की सही वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। तटरक्षक बल ने बुधवार रात एक बयान में कहा उसने समुद्र तल से मलबा और सबूत बरामद किए हैं। इसमें संभवत- मानव अवशेष भी शामिल है।

अमेरिकी तटरक्षक बल के प्रमुख कैप्टन जेसन न्यूबॉयर ने एक बयान में कहा, ''मैं बेहद दूर व गहराई से इन महत्वपूर्ण साक्ष्यों को निकालने और संरक्षित करने के लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय तथा अंतर-एजेंसी के सहयोग का आभारी हूं।' न्यूबॉयर ने कहा कि साक्ष्य बेहद महत्वपूर्ण है और इससे इस त्रासदी के उचित कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी। इससे पहले, कनाडाई तटरक्षक 22 फुट की पनडुब्बी के मुड़े हुए टुकड़े बुधवार को समुद्र से बाहर लेकर आए थे।

## यूएन रिपोर्ट में खुलासा- सीरिया में हो रहा 'बाल सैनिकों' का इस्तेमाल, सशस्त्र समूहों में बच्चों की भर्ती बढ़ी

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सीरिया में सशस्त्र समूह बच्चों को भर्ती कर रहे हैं और देश में 'बाल सैनिकों' का इस्तेमाल करने में वृद्धि हुई है जबकि सीरिया के कई इलाकों में लड़ाई मंद पड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि सशस्त्र समूह द्वारा बच्चों को भर्ती करने की संख्या में बीते तीन वर्ष में वृद्धि हुई है। उसके मुताबिक, 2020 में 813 बच्चों को इन समूहों में भर्ती किया था जबकि 2021 में 1296 और 2022 में 1696 बच्चों को भर्ती किया गया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, बच्चों को कथित रूप से भर्ती कर रहे समूहों में इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका का सहयोगी कुर्दिश नीत 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज़' (स्डस्न) भी



शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की है कि तुर्किये समर्थित 'सीरियन नेशनल आर्मी' ने 611 बच्चों की भर्ती की है जबकि अल-कायदा से जुड़े 'हयात ताहिरर अल शाम' ने उत्तर पश्चिमी सीरिया में 383 बच्चों को भर्ती किया है। रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के बलों और सरकार समर्थित मिलिशिया द्वारा बच्चों को भर्ती करने के 25 मामलों का जिक्र है। स्वतंत्र नागरिक संगठन 'सीरियन्स फॉर ट्रूथ एंड जस्टिस' के कार्यकारी निदेशक बस्साम अल अहमद ने कहा कि पूरे सीरिया में बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

वर्ष 2019 में एसडीएफ ने संयुक्त राष्ट्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर कर 18 वर्ष से कम आयु के युवकों को भर्ती न करने का वादा किया था और अपने क्षेत्रों में कई बाल संरक्षण दफ्तर स्थापित किए थे। अमेरिका के विदेश विभाग ने एक बयान जारी अपने सहयोगी का बचाव करते हुए कहा कि एसडीएफ सीरिया का एक मात्र सशस्त्र समूह है जिसने 'बाल सैनिकों' का इस्तेमाल बंद करने के संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर प्रतिक्रिया दी थी। एसडीएफ से संबद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित एक बाल संरक्षण दफ्तर की प्रवक्ता नोदेम शेरो ने माना कि एसडीएफ के कब्जे वाले इलाकों में बच्चों की भर्ती जारी है।

## हांगकांग कस्टम विभाग ने सिंगापुर के रास्ते चीन ले जाई जा रही तस्करी की सबसे बड़ी खेप की जब्त

**हांगकांग।** हांगकांग के कस्टम विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी खेप में सिंगापुर के रास्ते चीन ले जाया जा रहा 1.5 बिलियन हांगकांग डॉलर (191.5 मिलियन S$ मूल्य का तस्करी का सामान जब्त किया है। हांगकांग सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग ने खुलासा किया कि 15 शिपिंग कंटेनरों में छिपाए गए सामानों की भारी जब्ती में 1 बिलियन से अधिक नए एकीकृत सर्किट शामिल थे, जिनकी कीमत लगभग 1.2 बिलियन HK$ थी। जब्त किए गए अन्य सामानों में 230 मिलियन HK$ मूल्य के प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद जैसे मदरबोर्ड, मोबाइल फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर और फोन सहायक उपकरण, साथ ही पावर एडाप्टर शामिल थे। सीमा शुल्क अधिकारियों ने 25 टन सूखे समुद्री भोजन जैसे शार्क फिन,



समुद्री ककड़ी और मछली का मावा, साथ ही लुप्तप्राय प्रजातियों की शार्क की खाल भी जब्त की। उन सामानों का मूल्य लगभग 50 मिलियन [illegible] था। उजागर किए गए अन्य अवैध सामानों में शराब की 20,000 बोतलें, मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस की रेड वाइन, जिसकी कीमत HK$4 मिलियन है, साथ ही 27,000 सीडी और विनाइल एल्बम शामिल हैं, जिनकी कीमत 8 मिलियन [illegible] है।

सीमा शुल्क सिंडिकेट अपराध जांच ब्यूरो के वरिष्ठ अधीक्षक रीता ली यिम-पिंग ने कहा ÷हम इस बात से इंकार नहीं करते हैं कि अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के बाद इस्तेमाल किए गए उत्पादों को नष्ट कर दिया गया होगा या उनका नवीनीकरण किया गया होगा । इस प्रक्रिया में रसायनों की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण के लिए हानिकारक पदार्थों का उत्पादन होता है । उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा लगाए गए कड़े आयात प्रतिबंधों के बाबजूद अपराधियों ने मुख्य भूमि में ऐसे सामानों की तस्करी करने की कोशिश खतरेकी घंटी है ।

## स्वीडन पुलिस ने मस्जिद के बाहर कुरान जलाने को दी मंजूरी, हिंसा और तनाव बढ़ने का अंदेशा

**स्वीडिश।** स्वीडिश पुलिस मुस्लिमों की तीन दिवसीय ईद अल-अधा की छुट्टी से पहले स्वीडिश पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को स्टॉकहोम की मुख्य मस्जिद के बाहर मुसलमानों की पवित्र पुस्तक कुरान को जलाने की इजाजत दे दी है, जिसके बाद भारी तनाव और हिंसा की आशंका जाहिर की जा रही है। मीडिया एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट के आदेशों के बाद ही पुलिस ने कुरान को जलाने की अनुमति दी है। स्वीडन पुलिस ने ऐसी योजना बना रहे एक व्यक्ति को विरोध प्रदर्शन की अनुमति भी दी है। जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश है। स्वीडन की पुलिस ने ऐसी योजना बना रहे एक व्यक्ति को विरोध प्रदर्शन की अनुमति भी दे दी है।

**कोर्ट में ऐसा पहुंचा था मामला**

दरअसल इस साल जनवरी महीने में स्वीडन में स्थित तुर्की के दूतावास के बाहर कुछ लोगों ने कुरान को जलाया था। जिसके बाद स्वीडन सहित दुनिया के कई देशों में मुस्लिम समुदाय के लोगों





ने प्रदर्शन किए गये थे। वहीं कई इस्लामिक देशों ने स्वीडन के सामानों की खरीदारी पर भी प्रतिबंध लगाने का फैसला भी किया था। इस घटनाक्रम के बाद स्वीडन की पुलिस ने कुरान जलाने पर रोक लगा दी थी। कुरान जलाने का मामला जब कोर्ट में पहुंचा तो कोर्ट ने पुलिस के प्रतिबंध वाले आदेश को खारिज कर दिया।

**इस्लामी देशों में पहले भी मचा था बवाल**

पुलिस ने स्टॉकहोम में कुरान जलाने की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था, कि कुरान के जलाए जाने की घटना के बाद स्वीडन हमलों का एक प्रमुख लक्ष्य बन गया है। जनवरी की घटना की कई इस्लामी देशों, विशेषकर तुर्किये ने कड़ी निंदा की थी। तुर्की ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने की कोशिश को भी रोक दिया था। स्वीडन के राजनीतिक नेताओं ने कुरान जलाने की आलोचना की है लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का बचाव भी किया है।

## स्टीव स्मिथ की दूसरे एशेज टेस्ट में शानदार वापसी, ब्रायन लारा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। स्मिथ सबसे तेज 9000 टेस्ट रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने ब्रायन लारा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने अपने 99वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। पहले एशेज में फेल होने के बाद वह लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर 96/2 के स्कोर के बाद बल्लेबाजी के लिए आए और शुरुआती दौर से ही इरादे दिखाए। उन्होंने केवल 15 गेंदों में तीन शानदार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। 42वें ओवर की पहली गेंद पर स्मिथ ने बेन स्टोक्स को मिड-विकेट और मिड-ऑन के बीच में चौका लगाकर 9000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज मैचों के मामले में 9000 रन के क्लब तक पहुंचने वाला सबसे तेज खिलाड़ी बन गया। उन्होंने ब्रायन लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को बेहतर तोड़ा जिन्होंने 101वें टेस्ट में इस मुकाम को हासिल किया था। पारी के मामले में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कुमार संगकारा के बाद दूसरे सबसे तेज पारी बन गए। स्मिथ ने अपनी 174वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज ने 172वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। आईसीसी रैंकिंग के अनुसार मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाजों में से हैं। दोनों बल्लेबाज पहले टेस्ट में रन बनाने से चूक गए थे लेकिन लॉर्ड्स में उन्होंने शानदार वापसी की है।



## डेविड वार्नर इस बदलाव के कारण एशेज 2023 में तेजी से बना रहे रनः लाबुशेन

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को लगता है कि डेविड वार्नर की मानसिकता में बदलाव के कारण उन्होंने एशेज 2023 में तेजी से रन बनाए हैं। टेस्ट मैच के पहले दिन सुबह के सत्र में घने बादल छाए रहने के बावजूद वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 88 गेंदों में 66 रन बनाए जिसने लॉर्ड्स टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को एक बड़े स्कोर के लिए खड़ा किया। स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे दिन की शुरुआत 339/5 से करेगा। दूसरे टेस्ट के पहले दिन के खेल के बाद लाबुशेन ने कहा कि मानसिकता में बदलाव के कारण वार्नर ने 2019 की तुलना में इस सीरीज में बेहतर बल्लेबाजी की है। उन्होंने कहा, %2019 में वह शायद कुछ ज्यादा ही रक्षात्मक थे। पिछले दो मैचों में वह आक्रमण करना चाहते हैं और अच्छी स्थिति में आना चाहते हैं। वह गेंदबाजों पर आक्रमण कर रहे हैं। अगर वह इस तरह से खेलते हैं, तो वह एक अलग खिलाड़ी की तरह दिखते हैं। स्टीव स्मिथ के कन्कशन की चोट के कारण टेस्ट मैच की दूसरी पारी से बाहर होने के बाद लाबुशेन ने 2019 में लॉर्ड्स में एशेज में डेब्यू किया था। लाबुशेन ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक जमाया जिससे ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच ड्रा कराने में मदद मिली। लॉर्ड्स में एक बार फिर बल्लेबाजी के अपने अनुभव के बारे में बोलते हुए लाबुशेन ने कहा कि यह पहली बार है जब वह लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम में ठीक से चले। उबल्लेबाज ने एक और जुझारू पारी खेली लेकिन अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लगा, मैं बस अपने आप से कह रहा था कि धैर्य रखें और आगे बढ़ें। जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो यह हमेशा सही नहीं हो सकता है, इसलिए आपको बस टिके रहने का एक तरीका ढूंढना होगा। मुझे वह नहीं मिला।

## बांग्लादेश ने चुनी एसीसी मेन्स इमर्जिंग एशिया कप 2023 के लिए टीम, सैफ हसन मिली कप्तानी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आगामी एसीसी मेन्स इमर्जिंग एशिया कप 2023 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जो अगले महीने श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। यह 8 टीमों के बीच 14 जुलाई से खेला जाएगा। बांग्लादेश को ग्रुप बी में अफगानिस्तान ए, ओमान और यूएई के साथ रखा गया है। राष्ट्रीय टीम से बाहर किए गए 30 वर्षीय सौम्य सरकार को 15 सदस्यीय बांग्लादेश ए टीम में जगह मिली है जो आठ देशों के टूर्नामेंट में खेलेगी। बाएं हाथ के खिलाड़ी ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच नवंबर 2022 में टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। सरकार का फॉर्म खेल के सभी प्रारूपों में निराशाजनक रहा है। पिछले सीजन में खराब फॉर्म के कारण उन्हें ढाका प्रीमियर लीग में उनके क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब से भी बाहर कर दिया गया था।

# चेन्नईयिन एफसी ने युवा मिडफील्डर स्वीडन फर्नांडीस के साथ किया करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने गुरुवार को रोमांचक युवा मिडफील्डर स्वीडन फर्नांडिस के साथ करार किया है। फर्नांडिस 2023-24 सीज़न में क्लब के साथ करार करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। क्लब ने ट्विटर पर 23 वर्षीय मिडफील्डर के साथ अनुबंध की घोषणा की। क्लब ने ट्विट किया, स्वीडन फर्नांडिस 2023/24 सीज़न के लिए हमारे क्लब से जुड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

23 वर्षीय फर्नांडिस ने हैदराबाद एफसी से ऋण पर पिछले सीजन में नेरोका एफसी में शामिल हुए थे। उन्होंने आई-लीग टीम के लिए 15 मैचों में तीन गोल किये और एक गोल करने में सहायता दर्ज की। प्रतिभाशाली फर्नांडिस गोवा के फुटबॉल सर्किट में एक लोकप्रिय नाम हैं, जो एफसी गोवा, डेम्पो एससी और स्पोर्टिंग क्लब डी गोवा की युवा टीमों के लिए खेल चुके हैं। फर्नांडिस ने पिछले साल हैदराबाद एफसी के लिए तीन डूरंड कप मैचों में भी हिस्सा लिया था। फर्नांडिस ने चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं और मुझे खुद को साबित करने का यह मौका देने के लिए मैं क्लब का आभारी हूं। मैं क्लब के लिए अपना शत-प्रतिशत देने के लिए तैयार हूं।



# क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक ने विंबलडन 2023 से नाम वापस लिया

**लंदन।** 2017 के फाइनलिस्ट क्रोएशिया के मारिन सिलिक ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। सिलिक सीजन की शुरुआत में दाहिने घुटने में लगी चोट से उबर रहे हैं। सिलिक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ग्रास सीजन, खासकर विंबलडन को मिस करने से मुझे दुख हो रहा है; यह हर टेनिस खिलाड़ी के लिए सीजन का मुख्य आकर्षण है, लेकिन मुझे पता है कि रिकवरी प्रक्रिया में जल्दबाजी न करना कितना महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, सर्जरी के बाद मेरे प्रशिक्षण के साथ पिछले कुछ हफ्तों में चीजें आम तौर पर अच्छी चल रही हैं, इसलिए मैं सकारात्मक रह रहा हूं और अपनी दीर्घकालिक रिकवरी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही प्रतिस्पर्धा करूंगा। मुझे टूर्नामेंट और प्रशंसकों की याद आ रही है और मैं उन सब में वापस आने, कोर्ट पर उतरने और प्रतिस्पर्धा करने के रोमांच को महसूस करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। मैं प्रशिक्षण जारी रखूंगा। हमेशा की तरह आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद !

सिलिक ने महाराष्ट्र ओपन सीजन के अपने शुरुआती मुकाबले में पुणे में रॉबर्टो कारबालेस बेना को हराया था, जब सिलिक अपने अगले मैच के लिए अभ्यास करने के लिए कोर्ट पर उतरे, तो उन्हें अपने दाहिने घुटने में दर्द महसूस हुआ और उन्होंने प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया।




# लॉज़ेन डायमंड लीग में जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** वांडा डायमंड लीग 2023 का छठा चरण शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन के एथलेटिसिमा में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक और मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है, दोहा मीट में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में पहले स्थान पर रहने के बाद अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

चोपड़ा के साथ भारतीय लॉग जम्पर मुरली श्रीशंकर (पर्सनल बेस्ट- 8.41 मीटर) भी टूर्नामेंट में शामिल होंगे। श्रृंखला में उनकी पिछली उपस्थिति पेरिस में हुई थी, जहां वह 8.09 मीटर की छलांग के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

इस साल की शुरुआत में, श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी 8.41 मीटर की छलांग लगाई थी। यह हमवतन जेसविन एल्ड्रिन की 8.42 मीटर के बाद विश्व स्तर पर सीज़न की दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग थी।



श्रीशंकर ओलंपिक चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (पर्सनल बेस्ट- 8.60 मीटर) और साइमन एहमर (पर्सनल बेस्ट- 8.45 मीटर) के खिलाफ उतरेंगे। लंबी कूद प्रविष्टि सूची में 2019 विश्व चैंपियन ताजय गेल (पर्सनल बेस्ट- 8.69 मीटर) और युकी हाशिओका (पर्सनल बेस्ट- 8.36 मीटर) भी शामिल हैं। चोपड़ा की स्पर्धा में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, (पर्सनल बेस्ट- 93.07 मीटर), चेक गणराज्य के टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज (पर्सनल बेस्ट- 90.88 मीटर), जर्मनी के जोहान्स वेटर (पर्सनल बेस्ट- 97.76 मीटर), और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (पर्सनल बेस्टः 90.16 मीटर) शामिल हैं।

पिछले महीने प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नीरज 4 जून को नीदरलैंड में एफबीके गेम्स और 13 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स से हट गए थे। इसके अलावा, 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में समाप्त हुई भुवनेश्वर राष्ट्रीय अंतर-राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था।

## हॉकी इंडिया ने शुरू की मैच अधिकारी शिक्षा और विकास योजना

**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक हॉकी इंडिया कोच एजुकेशन पाथवे को सफलतापूर्वक लागू करने के बाद, राष्ट्रीय खेल महासंघ ने अब अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए एक समग्र हॉकी इंडिया मैच अधिकारी शिक्षा और विकास योजना शुरू की है। इस पहल के माध्यम से हॉकी इंडिया का लक्ष्य, वर्तमान में जिला और राज्य स्तर के टूर्नामेंटों में अंपायरिंग कर रहे अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को विकसित और शिक्षित करना है

शैक्षिक योजना इन अधिकारियों को प्रगति करने का अवसर प्रदान करेगी और उन्हें हॉकी इंडिया की कार्यवाहक प्रणाली में शामिल किया जाएगा, जिससे वे शुरुआत में हॉकी इंडिया द्वारा स्वीकृत सब जूनियर और जूनियर स्तर की जोनल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अंपायरिंग कर सकेंगे और उन्हें हॉकी इंडिया में शामिल होने के लिए भी तैयार किया जा सकेगा। हॉकी इंडिया ने अपनी सदस्य इकाइयों को हॉकी इंडिया सदस्य इकाई पोर्टल के माध्यम से अपने पंजीकृत अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को नामांकित करने के लिए अधिसूचित किया। विकास प्रक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तर पूर्व में नई दिल्ली, पुणे, आंध्र प्रदेश और जमशेदपुर से नामांकित उम्मीदवारों को उनकी पात्रता के अनुसार हॉकी इंडिया द्वारा चुना जाएगा, जो जुलाई 2023 के महीने में निर्धारित हॉकी इंडिया अंपायर और तकनीकी अधिकारी कार्यशालाओं में भाग लेंगे। पाठ्यक्रम पांच क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए स्थान का खुलासा बाद में किया जाएगा। महिलाओं द्वारा समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, फेडरेशन ने अपने सदस्यों से अधिकतम 6 तकनीकी अधिकारियों और अंपायरों को नामित करने के लिए कहा है, जिनमें से 3 महिलाएं और 3 पुरुष होने चाहिए। कुल मिलाकर सदस्य इकाइयों से अधिकतम 12 नामांकन का अनुरोध किया गया है।

# एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिपःभारत का अजेय क्रम जारी, ईरान को 33-28 से हराया

**बुसान।** एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का अजेय क्रम जारी है। भारत ने टूर्नामेंट के तीसरे दिन ईरान को 33-28 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में भारत और ईरान ने सतर्क शुरुआत की। असलम इनामदार ने 11वें मिनट में 2 रेड पॉइंट रेड अर्जित की। इसके बाद भारत ने ऑलआउट कर अपनी बढ़त 11-5 कर ली। भारतीय कप्तान पवन सहरावत ने पहले हाफ में चार मिनट शेष रहते हुए दो ईरानी रक्षकों को चकमा देकर अपनी बढ़त 17-7 कर ली। ईरानी रक्षकों ने असलम इनामदार के खिलाफ सुपर टैकल का इस्तेमाल करते हुए पहले हाफ की समाप्ति 19-9 से की।ईरान अपने खाते में तेजी से अंक जोड़कर वापसी करना चाहता था। उन्होंने खेल में तेजी लायी और परिणाम उन्हें ऑल-आउट के रूप में मिला। ईरानी टीम ने जोरदार वापसी की और छह मिनट शेष रहते हुए भारत के 26 अंकों के मुकाबले 22 अंक हासिल कर लिये और स्कोर 26-22 हो गया। भारत ने एक मिनट से भी कम समय में सुपर टैकल किया और स्कोर 31-27 कर दिया।अर्जुन देशवाल की दो रेड पॉइंट ने भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अंत में भारत ने टूर्नामेंट में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए 33-28 स्कोर के साथ एक रोमांचक मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले तीसरे दिन के पहले मैच में चीनी ताइपे ने टूर्नामेंट की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने जापान को 37-29 से हराया।





*अंत में भारत ने टूर्नामेंट में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए 33-28 स्कोर के साथ एक रोमांचक मैच अपने नाम कर लिया।*

# राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई से बेल्लारी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 7-9 जुलाई को यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) में किया जाएगा। संस्थान ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह टूर्नामेंट जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया (जेएफआई) के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

चैंपियनशिप आईआईएस द्वारा आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख राष्ट्रीय प्रतियोगिता बन जाएगी और चार राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए 11 आईआईएस जूडोका राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के सीईओ रुश्दी वार्ले ने कहा, ÷हम बेल्लारी में इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं। देश भर से इतने सारे युवा जुडोकाओं का घर बनने का अवसर हमारे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। आईआईएस ने पिछले कुछ वर्षों में जूडो के खेल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, और हम निश्चित रूप से मानते हैं कि जूडो के लिए निरंतर समर्थन अंततः निकट भविष्य में ओलंपिक खेलों में पुरस्कार देगा।




मणिपुर से भाग लेने वाले दल में आठ आईआईएस जुडोका में ओलिविया देवी (44 किग्रा), नुंगशिथोई चानू (52 किग्रा), रोनी देवी (57 किग्रा), दीपापति (70 किग्रा), योहेनबा (55 किग्रा), वांगथोई (66 किग्रा) और सूरज सिंह (60 कि.ग्रा.) शामिल हैं। रुश्दी ने कहा, सबसे खास बात यह है कि भारत के पहले जूडो विश्व चैंपियन लिनथोई चानंबम 63 किलोग्राम भार वर्ग में टूर्नामेंट में मणिपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी 31 जेएफआई संबद्ध राज्यों/इकाइयों के 234 लड़के, 228 लड़कियां और 126 अधिकारी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

# आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर : यानिक कारिया की जगह केविन सिंक्लेयर वेस्टइंडीज टीम में शामिल

**दुबई।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 की इवेंट तकनीकी समिति ने वेस्टइंडीज की टीम को चोटिल खिलाड़ी यानिक कारिया के प्रतिस्थापन को मंजूरी दे दी है। वेस्टइंडीज टीम में, केविन सिंक्लेयर ने यानिक कारिया की जगह ली है, जो इवेंट के पहले प्रशिक्षण सत्र में नाक की चोट के कारण बाहर हो गए थे। सिंक्लेयर 1 जुलाई को स्कॉटलैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के अगले मैच से पहले 29 जून को हरारे पहुंचेंगे।बता दें कि किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 की इवेंट तकनीकी समिति में क्रिस टेटली, (आईसीसी इवेंट प्रमुख), सारा एडगर (आईसीसी प्रतिनिधि), हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा, (मेजबान टूर्नामेंट निदेशक), डिर्क विलजोएन, (मेजबान नामांकित व्यक्ति), पॉमी मबंगवा (स्वतंत्र); नताली



जर्मनोस (स्वतंत्र) और गुरजीत सिंह, (प्रबंध समिति मामले) शामिल हैं।

# द बूडल्स में लगा टेनिस सितारों का मेला, नीता अंबानी ने पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया

**स्टोक पार्क/मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने बकिंघमशायर के स्टोक पार्क में आयोजित, द बूडल्स टेनिस इवेंट में डिएगो श्वार्ट्जमैन को रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया।

द बूडल्स टेनिस इवेंट को विंबलडन चैंपियनशिप से पहले एक बेहतरीन अभ्यास टेनिस इवेंट माना जाता है। स्टोक पार्क में खेला जाने वाला यह टेनिस इवेंट अपनी 19वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह टूर्नामेंट 27 जून - 1 जुलाई 2023 के बीच खेला जाएगा। पूरे 5 दिन चलने वाले इस टेनिस इवेंट में हर दिन रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप पुरस्कार दिए जाएंगे। टेनिस इवेंट के पहले दिन रिलायंस फाउंडेशन की नीता अंबानी ने विजेता डिएगो श्वार्टज़मैन को पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया उन्होंने यूके के बकिंघमशायर में स्थित एक्शन4यूथ के लिए सहायता राशि भी दी। एक्शन4यूथ आज के विजेता डिएगो श्वार्टज़मैन के दिल के करीब है।

इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, ÷यहां का माहौल अद्भुत है। हमें कुछ बेहतरीन टेनिस देखने को मिला। खेल के साथ धर्मार्थ सेवा करने के अवसर ने इसे और भी सार्थक बना दिया है। मैं सभी युवाओं को शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि वे अपनी पसंद का कोई भी खेल अपनाएंगे और अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए उत्साह, दृढ़ विश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर आएंगे। द बूडल्स 2023 में टेनिस के सुपरस्टार्स का मेला लगा हुआ है। दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में से 7 इस साल द बूडल्स टेनिस में खेल रहे हैं, जिनमें टेनिस स्टार स्टेफानोस सितसिपास (विश्व नंबर 5), होल्गर रून (विश्व नंबर 6) और एंड्री रुबलेव (विश्व नंबर 7) शामिल हैं। महामारी के बाद द बूडल्स के मैदान पर फिर से टेनिस की वापसी हुई है। लंबे अंतराल के बाद खेल जा रहे इवेंट को लेकर टेनिस दीवानों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत की स्पोर्ट्स लीडर नीता अंबानी विभिन्न खेलों से सीधी जुड़ी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। जिन्होंने भारत में खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही विभिन्न एथलेटिक्स संगठनों और ओलंपिक खेलों में विभिन्न एथलीटों का समर्थन करके भारत में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 30 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## बीएसएफ ने बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड्स को खिलाई मिठाई

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
ईद के मौके पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बांग्लादेश सीमा पर तैनात बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड्स (बीजीबी) को मिठाई खिलाई है। दोनों देशों की बॉर्डर गार्डिंग फोर्स में सौहार्दपूर्ण संबंध एवं सामंजस्य है। त्यौहारों एवं राष्ट्रीय महत्व के खास मौकों पर दोनों देशों के सीमा रक्षक बलों के बीच सद्भावना के तौर पर शुभकामनाओं एवं मिठाइयों का आदान-प्रदान किया जाता है।

दोनों देश अपने त्यौहारों के अवसरों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान कर सौहार्दता का रिश्ता कायम रखने के लिए इस परंपरा को सकुशल निभाते हुए आ रहे हैं। ईद उल जुहा के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता और कड़ी चौकसी बरत रहा है।

## नामचीन कंपनियों के नाम पर धोखाधड़ी

**झांसी:** तहसील मऊरानीपुर क्षेत्र में कुछ इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारों द्वारा नामचीन कंपनियों के नाम का मार्का लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर एक कम्पनी के फील्ड आफिसर ने पुलिस से शिकायत की और उनके साथ गुरुवार को दुकानों में छापा मारा। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित तीन दुकानदारों को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एक नामचीन कम्पनी के फील्ड आफिसर सुनील कुमार अपनी कम्पनी के साथी वेद प्रकाश के साथ मऊरानीपुर थाना पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के कुछ दुकानदार उनकी व अन्य नामचीन कंपनियों का मार्का लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का गौरखधंधा कर रहे हैं। इस पर पुलिस व कम्पनी के आफिसर ने तीन दुकानों पर छापा मारा तो वहां हैवेल्स, प्रेस्टीज, उषा, बजाज, जैसी नामचीन कंपनियों के स्टीकर लगाकर लोकल इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचते पकड़ा गया।

## भदोही में पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार

**भदोही:** भदोही पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक लुटेरे के दाहिने पैर में गोली लगी है जबकि एक भागने में सफल रहा। पुलिस ने लूट की घटनाओं में शामिल दो मोटरसाइकिल, तीन तमंचा एवं जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शांति-सौहार्द के साथ में मनी बकरीद

### यूपी: मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में चाकचौबंद रही व्यवस्था, तय स्थानों पर हुई कुर्बानी, अपशिष्ट निस्तारण भी हुआ तत्काल

शांति

**मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व उत्तर प्रदेश में शांति और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील पर धर्मगुरु भी आगे आए और किसी भी जनपद में सड़क यातायात बाधित कर नमाज आदि धार्मिक क्रियाकलाप नहीं हुए। यही नहीं, सभी जिलों में तय और चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी हुई और इसके तत्काल बाद अपशिष्ट का निस्तारण भी कराया गया।

बीते दिनों, मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को बकरीद, श्रावण मास, मुहर्रम आदि पर्व-त्योहारों के मौके पर पुलिस व प्रशासन को अतिरिक्त संवेदनशील रहने को कहा था। साथ ही, सड़क पर यातायात रोककर नमाज पढ़ने से सामान्य जन को होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए इस बावत धर्मगुरुओं से संवाद बनाने के निर्देश भी दिए थे।

मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर, बकरीद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो, इसे लेकर सभी जिलों में पुलिस चौकस रही। अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 33 हजार से अधिक ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गई।



**उप्र में बन रही शांति और सौहार्द की नई परंपरा**

**राज्य** सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को शीर्ष प्राथमिकता मानने वाले उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कोशिशें रंग लाने लगी हैं। शांति और सौहार्द के साथ धार्मिक आयोजन होना यूपी में एक परंपरा बनती जा रही है, तो योगी के कानून व्यवस्था ने अन्य राज्यों के सामने नजीर भी पेश किया है।

## ईद-उल-अजहा पर लाखों सिर सजदे में झुके



**टीम एक्शन इंडिया/अररिया**
**कुर्बानी** के जज्बे के साथ ईद-उल-अजहा पर गुरुवार को अल्लाह की बारगाह में लाखों सिर सजदे में झुके।विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करने के साथ अजीम कुबार्नी को याद किया गया, जो हजरत इब्राहिम ने अपने रब के हुक्म से पेश की थी। ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद अल्लाह से मोहब्बत को दुनिया की हर चीज से ऊपर रखने के जज्बे के साथ मुसलमानो ने कुबार्नी दी। बकरीद को लेकर अररिया जिला प्रशासन की ओर से मस्जिदों और ईदगाह समेत करबल्ला के मैदान में सुरक्षा व्यवस्थाएं काफी मुकम्मल की गई।अररिया डीएम इनायत खान और एसपी अशोक कुमार सिंह के संयुक्त आदेश पर अररिया अनुमंडल क्षेत्र के 90 चिन्हित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी और बलों की तैनाती की गई।वहीं फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के 97 स्थानों पर ईद-उल-अजहा को लेकर 97 स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी और बलों की तैनाती की गई। फारबिसगंज के करबल्ला मैदान में ईद-उल-अजहा की नमाज मौसम की अंगड़ाई के बीच हल्की बारिश की फुहार के बीच अता की गई।हजारों की संख्या में अजीम कुबार्नी को याद करते हुए सजदे में सिर झुके। जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-अजहा की एक दूसरे को बधाई दी।

## मिशनरी स्कूल में कलमा पढ़वाने के मामले पर हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/खंडवा**
**मिशनरीज** द्वारा संचालित सेंट पॉयस हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को मनाये गये पर्व के दौरान छात्रों से कलमा पढ़वाने का मामला सामने आया है। छात्रों ने जब अपने पालकों को कलमा पढ़वाने की बात बताई गई तो मामले में हंगामा खड़ा हो गया है। इस पूरे में विश्व हिंदू परिषद और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी मैदान में उतर आए हैं। हिंदू संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है वहीं पालकों ने भी जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की शिकायत की है। हिंदू संगठनों इसे मिशनरी का षड्यंत्र बताते हुए इनके पास आने वाले धन और

शिकायत

**संगठनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है वहीं पालकों ने भी जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की शिकायत की**

खातों की जांच की मांग भी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी और जिला शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इस पूरे घटनाक्रम पर खंडवा एसडीएम अरविंद चौहान ने कहा कि पालकों और हिंदू संगठनों ने स्कूल में कलमा पढ़ाए जाने की शिकायत की है।

# मुंबई में कहर बनी बारिश



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**करीब** 15 दिन बाद देरी से मुंबई में दाखिल हुए मानसून ने कहर ढाया है। बीते 6 दिनों में भारी बारिश ने 10 लोगों की जान ले ली है और करीब 15 लोग घायल हुए हैं। मुंबई व उपनगरों में भारी बारिश हो रही है। देर से पहुंची बारिश से लोग खुश हैं, लेकिन हो रही दुर्घटनाओं से लोग गमगीन भी हो रहे हैं। जर्जर इमारतों, पेड़ और टहनियां गिरने से लोगों की जान जा रही है। कल देर रात मुंबई के भायखला इलाके में दर्दनाक हादसा हुआ। इंदु ऑयल मिल परिसर में घर पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार की रात ढाई बजे हुआ। इस दुर्घटना के बाद लोग बचाव के लिए दौड़े, लेकिन पेड़ भारी होने के कारण कुछ कर नहीं सके। सूचना मिलने पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने घर में फंसे सभी को निकाल कर नजदीकी जेजे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन 22 वर्षीय युवक रहमान खान की मौत हो गई। दूसरे युवक रिजवान खान का इलाज चल रहा है। एक युवक को सुरक्षित निकाल लिया गया। मुंबई और उपनगरों में सुबह से ही बारिश हो रही है। उपनगरों में बोरीवली, कांदिवली, मलाड, अंधेरी, गोरेगांव, दहिसर इलाकों में भारी बारिश हो रही है। निचले इलाकों पानी भरने की समस्याएं खड़ी हो रही है, तो कुछ जगहों पर पेड़, घर गिरने की घटनाएं भी हो रही हैं। बीते दो दिनों में पेड़ गिरने की तीन घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

आफत

**बीते 6 दिनों में भारी बारिश ने 10 लोगों की जान ले ली है और करीब 15 लोग घायल हुए हैं**

# पीएम मोदी का सेवाकाल भारतीय राजनीति का स्वर्णिम युग: मंडाविया

सेवाकाल

**अटल टनल का दर्शन करके मिला असीम सुख: स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया**

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
**मण्डी** संसदीय क्षेत्र तीर्थ यात्रा के अवसर पर के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सीसू में जनसभा को सम्बोधित किया। डॉ. मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में आम लोगों से एक भी पैसा नहीं लिया गया। इस देश में विपक्ष ने कोविड की वैक्सीन का भी विरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कि नौ साल के सेवाकाल में देश सिर्फ ऐतिहासिक विकास हुआ ही नहीं हुआ है दुनिया में भी भारत के मान सम्मान में वृद्धि हुई है।



**'सुक्खू सरकार सत्ता का सुख भोग रही'**

**नेता प्रतिपक्ष** के कहा कि सुक्खू की सरकार सत्ता का सुख भोग रही है। सडकों पर सुख की सरकार का पोस्टर लगाकर व्यवस्था परिवर्तन किया जा रहा है। कांग्रेस ने महिलाओं के नाम पर राजनीति की। झूठे वादे किए, झूठी गारण्टियाँ दी गई। लेकिन लोगों को नौकरियों से निकाला गया। हजारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिये गये। मात्र छह महीने के समय में यह सरकार आठ हजार करोड़ का लोन ले चुकी है जबकि हमारी सरकार ने दो साल में मात्र पाँच हजार करोड़ का लोन लिया था।

## किसानों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**भारतीय किसान** यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधिमण्डल से गुरुवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य में किये जा रहे कारगर प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। किसान प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, इसे राज्य में बढ़ावा मिलना चाहिए।


## 'विस चुनाव में उद्धव गुट को पांच से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**केंद्रीय** मंत्री नारायण राणे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पांच से ज्यादा सीट नहीं जीतने का दावा किया है। समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने की रणनीति पर भी राणे ने ठाकरे पर कटाक्ष किया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा-बालासाहेब कभी भी समर्थन जुटाने के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टियों के नेता के घर में कभी नहीं जाते थे। देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए पीएम मोदी की कोशिश पर राणे ने कहा कि केंद्रीय सरकार ने आदिवासियों के लिए अबतक बहुत कुछ किया है। उन्होंने अनुसूचित जनजाती समुदाय के उद्यमियों की भी बहुत मदद की है। केंद्रीय मंत्री राणे यहां पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर संवादाताओं को संबोधित करने आए थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी सरकार का गठन किया था। पिछले साल जून में शिंदे ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया, जिससे पार्टी विभाजित हो गई थी।



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में लाभार्थी सम्मेलन में शामिल हुए।




पहल — आम जनता और खाद्यान्न वाहनों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने जारी किया आदेश

# तंग गलियों की बजाए सुगम स्थलों पर अब होंगी राशन की दुकानें

फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**तंग** संकरी गलियों में सरकारी राशन की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचने में होने वाली समस्या के साथ ही आम जनता को होने वाली दुश्वारियों का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने ऐसी दुकानों को सुगम स्थलों पर शिफ्ट करने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से तंग गलियों में चल रहीं राशन की दुकानों तक आम लोगों की पहुंच आसान होगी। साथ ही खाद्यान्न ले जाने वाले वाहन भी दुकानों तक सीधे पहुंच सकेंगे। इसके लिए मंडलायुक्त बरेली व संभागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली संभाग द्वारा विकसित कराए गए मॉड्यूल के आधार पर राशन की दुकानों को विकसित किए जाने का सुझाव दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 24(2)(ए) में यह व्यवस्था दी गई है कि प्रदेश सरकार सब्सिडाइज्ड दरों पर खाद्यान्न केंद्र सरकार के नियत गोदामों से प्राप्त कर अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से उचित दर की दुकानों (राशन दुकानों) तक डोर स्टेप डिलीवरी कराएगी। संकरी गलियों में दुकानें होने से आ रही समस्या के द्दष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।



**साथ ही खाद्यान्न ले जाने वाले वाहन भी दुकानों तक सीधे पहुंच सकेंगे, योगी सरकार का आदेश**